खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें :—> jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 333 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ चुनाव के बीच खेल
■ हमास-इजरायल युद्ध.. 04

■ इजरायल में नरसंहार के बाद शवों की बदबू...
■ ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इजराइल में .... 09

■ त्यौहार आने से पहले दालों और टमाटर की...
■ चीनी निर्यात पर रोक लगा सकती है सरकार 11

■ सेना ने एशियाड में ...
■ रोहतक लौटी भारतीय... 10

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
आस्ट्रेलिया विरुद्ध साउथ अफ्रीका
समय - 2.00 दोपहर

**सार संक्षेप**

### फलस्तीन में रह रहे भारतीयों के लिए इमरजेंसी नंबर जारी

**तेलअवीव।** इजरायल, हमास युद्ध के बीच फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। फलस्तीन में स्थित रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस ऑफ इंडिया यानी भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने बुधवार को कहा कि आपातकालीन नंबर जारी किया है। ये इमरजेंसी नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। जव्वाल– **0592–916418** और व्हाट्सएप के लिए **+970 – 592916418** है। प्रतिनिधि कार्यालय ने कहा, सुरक्षा कारणों को देखते हुए भारतीय हमसे डायरेक्ट संपर्क कर सकते है। विदेश मंत्रालय ने इजरायल और फलस्तीन में रह रहे भारतीय लोगों की मदद के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें 24 घंटे नंबर चालू रहेंगे। ये नंबर **1800118797, +91–11–23012113, +91–11–23014104, +91–11–23017905** और **+919968291988** है. साथ ही 24 घंटे इमरजेंसी नंबर **+972–35226748, +972–543278392** है। उल्लेखनीय है कि यहां भारत के कई नागरिक अभी फसे हुए हैं और कई लापता भी बताए जा रहे हैं।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**




**चूहा-सुनती हो**-पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दिल्ली में एक बार फिर बड़ा जमावड़ा होने वाला है।
**चुहिया- हां प्रिये**-चुनाव के मौसम में ऐसे आन्दोलन कुछ ज्यादा ही तेज हो जाते हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की पीएफआई पर बड़ी कार्यवाई

# मध्यप्रदेश, दिल्ली सहित छह राज्यों में छापे

## मोबाइल, लैपटॉप, दस्तावेज आदि बरामद, कई संदिग्धों से पूछताछ

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एआईए) की टीम ने बुधवार को छह राज्यों पंजाब, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में छापेमारी की। ये सर्च ऑपरेशन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के 12 ठिकानों पर चल रहा है। पीएफआई को पिछले साल आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते बैन कर दिया गया था। खबरों के मुताबिक, राजस्थान के टोंक, उत्तर प्रदेश में लखनऊ, मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।



राजस्थान के टोंक में एनएआई की टीम ने छापेमारी की। इसी तरह दिल्ली के दिल्ली के बल्लीमारन इलाके में पीएफआई के ठिकानों पर तलाशी ली गई। मुंबई के 2006 ट्रेन ब्लास्ट के आरोपी वाहिद शेख के घर भी छापा मारा गया। लखनऊ में 3 घरों में छापेमारी, गली को सील किया। यूपी के 5 शहरों लखनऊ, बारांबकी, बहराइच सीतापुर और हरदोई छापेमारी की। बताया जा रहा है कि छापेमारी केस नंबर 31/2022 के तहत की गई है। लखनऊ के मदेगंज के बड़ी पकरिया इलाके में सुबह 4 गाड़ियों से एनआईए की टीम पहुंची। पुलिस की टीम भी मौजूद है। अफसर डॉ. शमीम, ख्वाजा समेत 3 घरों में छानबीन की गई। गली के दोनों तरफ सील कर दिया गया था। वहीं राजस्थान में 3 शहरों में रेड हुई और संदिग्धों से साढ़े तीन घंटे

>>शेष पृष्ठ 2 पर

### भोपाल के खानू गांव में संदिग्ध बुजुर्ग से 7 घंटे पूछताछ

बुधवार सुबह भोपाल के खानू गांव में दबिश दी। यहां से एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया। उसका नाम मुश्ताक खान (60) बताया जा रहा है। वह करीब एक साल पहले ही इस इलाके में रहने आया था। जांच एजेंसी को उसके पीएफआई से संपर्क के इनपुट मिले हैं। 7 घंटे की पूछताछ के बाद बुजुर्ग को छोड़ दिया गया। इससे पहले एएनआई ने करीब दो महीने पहले जहांगीराबाद इलाके में छापेमारी की थी।

उ.प्र. में दरिन्दों की हैवानियत

# छेड़छाड़ के विरोध पर छात्रा को ट्रेन के आगे फेंका, एक हाथ-दोनों पैर कटे



**बरेली।** बरेली के सीबीगंज क्षेत्र में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। छेड़खानी का विरोध करने पर कोचिंग से घर लौट रही छात्रा को दो शोहदों ने ट्रेन के आगे फेंक दिया, जिससे उसका एक हाथ और दोनों पैर कट गए। उसकी कई हड्डियां भी टूट गई।

अस्पताल में भर्ती छात्रा की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली इंटर की छात्रा शाम को सीबीगंज में कोचिंग पढ़ने जाती है। उसके अधिवक्ता चाचा के मुताबिक उसके आने–जाने के दौरान एक युवक और उसका साथी उससे छेड़छाड़ करते थे। छात्रा से जानकारी मिलने पर परिजनों ने आरोपियों के घर वालों से शिकायत की, मगर वे दोनों नहीं माने।

मंगलवार को भी कोचिंग गई थी। शाम को लौटने के वक्त वह खड़ौआ रेलवे क्रॉसिंग के पास लहूलुहान हालत में मिली। उसके दोनों पैर कटे हुए थे। जानकारी करने पर पता चला कि उन्हीं दोनों युवकों ने उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे ट्रेन के आगे फेंककर जान लेने की कोशिश की।

पुलिस ने उसे इज्जतनगर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां रात में उसका ऑपरेशन किया गया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाएगी। इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीबीगंज इंस्पेक्टर अशोक कम्बोज, हल्का इंचार्ज नितेश कुमार और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एसएसपी ने थाने के इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, शासन की ओर से पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए सहायता राशि प्रदान की गई।

क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत


# भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया

### रोहित की सेंचुरी, बुमराह ने झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली।** भारत ने वनडे वर्ल्ड कप–2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। टीम ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। भारत ने पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से जीता था। इस जीत के साथ टीम इंडिया के 4 पॉइंट्स हो गए और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई।

बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 273 रन बनाए। टीम इंडिया ने 35 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने 63 गेंद पर शतक लगाया। उन्होंने 131 रन की पारी खेली। पहली पारी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए। विराट कोहली ने 56 गेंद पर 55 रन की नॉट आउट पारी खेली। उन्होंने 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को 8 विकेट से मैच जिताया। विराट ने पारी में 6 चौके लगाए और श्रेयस अय्यर के साथ 68 रन की पार्टनरशिप भी की। श्रेयस 25 रन बनाकर नॉट आउट रहे।




### रोहित ने 84 बॉल पर 131 रन बनाए

भारत से ओपनिंग करने आए कप्तान रोहित शर्मा ने शुरुआती ओवरों में ही अटैक करना शुरू कर दिया। उन्होंने 30 गेंद पर फिफ्टी और 63 गेंद पर सेंचुरी लगाई। वह 84 गेंद पर 131 रन बनाकर आउट हुए, इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 5 छक्के लगाए।

# राजस्थान में अब 23 की जगह 25 नवंबर को होगा मतदान

## सामाजिक संगठनों के सुझाव के मद्देनजर लिया फैसला

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा मतदान की तारीख अब 23 की जगह 25 नवंबर कर दी गई है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग ने यह फैसला देवउठनी एकादशी को देखते हुए लिया है।

चुनाव आयोग ने एक बयान जारी करते हुए कहा, विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों की ओर से मतदान की तारीख में बदलाव के लिए विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों में बात रखी गई थी, इसलिए तारीख बदली जा रही है। सोशल मीडिया पर तारीखों के ऐलान के बाद देवउठनी एकादशी के चलते 23 नवंबर को कम मतदान होने की आशंका भी जताई गई थी। राज्य में कुल दो सौ सीटें हैं। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 5.26 करोड़ है। इनमें से 2.73 करोड़ पुरुष और 2.51 करोड़ महिला मतदाता हैं।

राज्य में इस बार 6.96 लाख नए मतदाता जुड़े हैं, जो पहली बार अपना वोट डालेंगे। राज्य में 5.61 लाख विशेष मतदाता हैं। इनको डाक मतपत्र के जरिए अपना मतदान करने की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### नया कार्यक्रम इस प्रकार है

- आधिसूचना और नामांकन की शुरुआत – 30 अक्टूबर।
- नामांकन की तारीख – 6 नवंबर
- नामांकन पत्रों की क्रूटनी – 7 नवंबर
- नाम वापसी की आखिरी तारीख – 9 नवंबर
- मतदान – 25 नवंबर
- वोटों की गिनती –3 दिसंबर

क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रहा अवैध फंडिंग का बड़ा खेल

# भारत से चुराकर हमास को भेजी गई थी क्रिप्टो करेंसी!

**नई दिल्ली,( देशबन्धु )।** इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग सिर्फ गोले–बारूद से ही नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि इसमें क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रही अवैध फंडिंग का भी बडा खेल है।

दिल्ली पुलिस के सामने एक मामले की जांच से अब ये सवाल खड़ा हुआ कि क्यों भारत से भी क्रिप्टो करेंसी के जरिए हमास और उससे जुड़े संगठनों को फंडिग हो रही थी या डिजिटल करेंसी के चोर लोगों के वॉलेट से क्रिप्टो करेंसी चुराकर फ़िलिस्तीनी आतंकवादी संगठनों के खातों में डायवर्ट कर रहे थे। भारत की तमाम एजेंसियां अब इस बात का पता लगाने में जुट गई हैं।

### दिल्ली पुलिस को मिले क्रिप्टो चोरी के एक मामलें से सुराग

क्रिप्टो करेंसी की चोरी के ऐसे कितने मामले देशभर में पिछले दिनों सामने आए हैं, जिनमें फंड ट्रांसफर का रूट संदेह से भरा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आईएफएसओ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 2022 में एक बिजनेसमैन के वायलेट से करीब 30 लाख की क्रिप्टोकरेंसी चोरी की शिकायत मिली थी। आईएफएसओ की जांच में अब तक सामने आया है कि वॉलेट से चुराए गए क्रिप्टो को हमास आतंकवादियों के खातों में भेज दिया गया था।

हमास के इस्राइल पर हमले के बाद जब ये बात सामने आई है कि हमास ने क्रिप्टोकरेंसी के जरिए धन जुटाने का अभियान शुरू किया है।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरेंगे कर्मचारी

### तीन नवम्बर को, तीसरी बड़ी रैली का गवाह बनेगा रामलीला मैदान

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरने की तैयारी कर रहे हैं।

केंद्रीय कर्मियों की दो विशाल रैलियों के बाद अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ही तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने वाली इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित कई दूसरे कई संगठन हिस्सा लेंगे। रैली में केंद्र सरकार के समक्ष सात मांगें रखी जाएंगी। इनमें पहली मांग 'एनपीएस' की समाप्ति और 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था को बहाल कराना है।

इसके अलावा केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं।

# सीबीआई ने न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया

### न्यूजक्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ के घर की तलाशी ली

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक'के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है।

बुधवार को सीबीआई की एक टीम दिल्ली में न्यूजक्लिक के फाउंडर और एडिटर प्रबीर पुरकायस्थ के घर गई और तलाशी ली। टीम ने पुरकायस्थ की पत्नी गीता हरिहरन से पूछताछ की। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था और न्यूजक्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के आवास पर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने

>>शेष पृष्ठ 2 पर

**A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL**
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
**मोतियाबिंद ऑपरेशन**
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
**नया युग**
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

**साहस** हमास पर कहर बनकर टूटी इजराइल की महिला सैनिक

# 25 आतंकियों को मारकर पूरे गांव को बचाया

उल्लेखनीय बहादुरी और वीरता की कहानियां अक्सर आशा और प्रेरणा की किरण के रूप में सामने आती हैं। इजराइल में चल रहे संघर्ष में एक महिला सैनिक की वीरता की कहानी ने दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है। यह कहानी है 25 वर्षीय इजरायली महिला इनबार लिबरमैन की, जिसने एक अभूतपूर्व हमले के सामने असाधारण साहस दिखाते हुए कई आतंकियों न सिर्फ ढेर किया बल्कि आमलोगों की भी जान बचाई।



इनबार लिबरमैन की बहादुरी के किस्से सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनबार ने गांव के लोगों के एक ग्रुप का नेतृत्व करके दो दर्जन से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर किबुत्ज के करीब एक गांव निर–अम को बर्बाद होने से बचा लिया। इनबार दिसंबर 2022 से किबुत्ज नीरअम में सिक्योरिटी को–ऑर्डिनेटर के तौर पर तैनात हैं। इनबार ने शनिवार तड़के ब्लास्ट्स की आवाज सुनी जिसके बाद वह अपने साथ अपने 12 सदस्यों वाली टीम के साथ मैदान में उतर गई। इनबार लिबरमैन ने अपनी टीम को पूरी बस्ती में रणनीतिक जगहों पर तैनात किया था। इसकी वजह से टीम ने आतंकियों पर घात लगाकर हमला किया। इसकी वजह से कई आतंकी पकड़ में आ गए और बड़े स्तर पर तबाही को रोका जा सका।

इस दौरान इस इनबार के ग्रुप ने न सिर्फ गांव के लोगों की रक्षा की बल्कि वहां हमला करने वाले आतंकियों को भी धूल चटा दी। ये जगह गजा पट्टी से केवल एक मील की दूरी पर स्थित है। रिपोर्ट के मुताबिक लिबरमैन ने अकेले ही 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। जबकि उनकी टीम ने 4 घंटे में 20 से अधिक आतंकियों का काम तमाम कर दिया। लिबरमैन की टीम ने निर–अम को उस किले में बदल दिया था जिसे भेदना मुश्किल था।

न्बाल की टीम का हिस्सा रहे एक शख्स की पत्नी इलित पाज ने इजराइल ह्योम से बातचीत में कहा, मेरे पति भी उस यूनिट का हिस्सा थे, इन्हें गोलीबारी की आवाज आई और सभी ने एक दूसरे से संपर्क किया। सब समझ गए थे कि क्या करना है लेकिन इन्बाल ने फैसला लिया कि इंतजार नहीं करना चाहिए और मैदान में कूदना होगा। यहां तक कि इन्होंने ऐसा बहुत जल्दी किया, जिससे दर्जनों लोगों की जान बच पाई।

# देश-विदेश

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में गोली लगने से अग्निवीर की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के मनकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास तैनात सिपाही (अग्निवीर) अमृतपाल सिंह घटना के समय ड्यूटी पर थे। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# पठानकोट हमले का मुख्य साजिशकर्ता ढेर

## शाहिद लतीफ की पाक में गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है।

भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। उसने 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले को अंजाम देने के लिए चार आतंकवादियों को निर्देशित किया था। लतीफ को 2010 में 24 अन्य आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने रिहा कर दिया था।

1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान (आईसी 814) के अपहरण के मामले में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अज़हर के साथ रिहाई की मांग करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की सूची में लतीफ़ का नाम भी था। पिछले साल अदालत में दायर एनआईए के आरोप पत्र के अनुसार, लतीफ ने नए घुसपैठ करने वाले जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों को परिवहन और रसद सहायता प्रदान की थी, जो जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए भारत में घुसे थे। नवंबर 1994 में लतीफ को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप में भारत में गिरफ्तार किया गया था। लतीफ पर मुकदमा चला और बाद में 16 साल की अवधि के लिए कोट बलवाल, जम्मू जेल में कैद रखा गया, जहां उसने मसूद अज़हर के साथ कारावास साझा किया। भारत में अपनी सजा पूरी करने के बाद उसे 2010 में वाघा सीमा के माध्यम से पाकिस्तान वापस भेज दिया गया था।

# गाजा अब पूरी तरह अंधेरे में डूबा, बिजली संयंत्र का ईंधन खत्म

**तेलअवीव।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच गाजा पट्टी अब पूरी तरह अंधेरे में डूब गया है। गाजा के ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसके एकमात्र बिजली संयंत्र में ईंधन खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल की नाकेबंदी की वजह से आपूर्ति नहीं होने के चलते संयंत्र बंद कर दिया गया है। फिलहाल इस क्षेत्र में बिजली मुहैया कराने के लिए केवल जनरेटर ही बचे हैं। हालांकि, जनरेटर्स के लिए फ्यूल कब तक उपलब्ध रहेगा, इसे लेकर भी कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में गाजा के ऊपर बिजली का संकट और ज्यादा गहराता जा रहा है।

गौरतलब है कि इजरायल ने हमास के शासन वाले गाजा पट्टी जाने वाली ईंधन खेप को रोकने का फैसला किया है। इजरायल ने गाजा की पूर्ण घेराबंदी का ऐलान किया है, जिसके तरह इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। युद्ध में पिस रहे आम लोगों की मदद के लिए मानवाधिकार समूह परेशानी का सामना कर रहे हैं। साथ ही उन्हें इस समय सहायता अभियान चलाने के दौरान अपनी सुरक्षा की भी चिंता सता रही है। गाजा की नाकाबंदी बढ़ने से उनके प्रयासों में और भी मुश्किलें पैदा हो गई हैं। ये लोग जरूरतमंदों तक आसानी से पहुंच नहीं पा रहे हैं।

### जंग के बीच इजरायल की नाकेबंदी बनी काल

गाजा में शासित चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को इजराइल पर अचानक और भीषण हमले किए, जिसके बाद इजराइल ने गाजा में हवाई हमले किए। साथ ही इजरायल ने गाजा में भोजन, ईंधन और अन्य सामान की आपूर्ति पर रोग लगा दी। इजराइल के इस कदम ने संयुक्त राष्ट्र और 23 लाख की आबादी वाले गाजा में सक्रिय सहायता समूहों के बीच चिंता बढ़ा दी। अब भी गाजा में काम कर रहे %डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स% क्षेत्र में पहले से ही मौजूद आपूर्ति पर निर्भर है क्योंकि नाकाबंदी के चलते नई आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है। समूह ने कहा कि उसने गाजा शहर के उत्तर में स्थित जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले के बाद 50 से अधिक लोगों का इलाज किया है।

युद्ध ने गाजा में लोगों को भोजन और पानी जैसी चीजें प्रदान करने वाले मर्सी कॉर्प्स नामक समूह के कामकाज में भी गहरा व्यवधान डाला है। संगठन के मध्य पूर्व क्षेत्रीय निदेशक अरनॉड क्रेमिन यह जानकारी दी। क्रेमिन ने कहा, इस समय जिस तरह से चीजें हो रही हैं उससे हम बहुत चिंतित हैं क्योंकि ऐसा लग रहा है कि यह बहुत जल्द और खराब होने वाला है। गाजा को सील करने से मानवीय जरूरतें बहुत तेजी से पैदा होंगी। लड़ाई तेज होते देख यूरोपीय यूनियन ने सोमवार देर रात अपनी पुरानी घोषणा वापस ले ली।

# लुटेरों ने टैक्सी ड्राइवर को 200 मीटर तक घसीटा, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली में लुटेरों के एक ग्रुप ने 43 साल के एक टैक्सी ड्राइवर की कार लूट ली और उसे 200 मीटर तक घसीटकर मार डाला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान फरीदाबाद निवासी बिजेंद्र के रूप में हुई है, जो दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग 8 की सर्विस रोड के पास मृत पाया गया। वीके नॉर्थ पुलिस स्टेशन को रात करीब 11.20 बजे एक कॉल मिली। मंगलवार को घटनास्थल पर एक अज्ञात पुरुष का शव मिला, जिसके शरीर पर चोटों के निशान थे। अधिकारी ने कहा, आईपीसी की धारा 302 और 201 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सितंबर से ज्यादा अब पड़ रही गर्मी

## अक्टूबर से भी ज्यादा दिख रहा गर्मी का असर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, म.प्र. समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में अक्टूबर के शुरुआती दिनों में तापमान थोड़ा गिरा था और ऐसा लग रहा था कि सर्दियों की दस्तक होने वाली है। लेकिन जल्दी ही मौसम बदला और अब अच्छी खासी उमस है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक जा रहा है, जिसके चलते काफी गर्मी महसूस हो रही है। यह सामान्य से अधिक तापमान है। इसकी वजह यह है कि सितंबर के आखिरी सप्ताह से ही उत्तर भारत के बड़े हिस्से में बारिश नहीं हुई है। आसमान साफ रह रहा है और उमस का स्तर बढ़ गया है। इसका असर गर्मी के तौर पर दिख रहा है।

इन राज्यों के अधिकांश इलाकों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार तक चला गया। मौसम विभाग के एक्सपर्ट्स का कहना है कि

### बदलेगा मौसम का मिजाज

इसकी वजह अक्टूबर हीट है। दरअसल अक्टूबर हीट इस महीने में पड़ने वाली गर्मी को लेकर दिया गया एक नाम है। हर साल ही अक्टूबर में थोड़ी गर्मी रहती है, लेकिन इस बार मॉनसून की थोड़ा पहले ही विदाई होने के चलते अक्टूबर में तापमान ज्यादा बढ़ा हुआ है।

अक्टूबर महीने में पड़ने वाली गर्मी को भारतीय उपमहाद्वीप में अक्टूबर हीट कहा जाता है। अक्टूबर और नवंबर महीने में अकसर तब गर्मी देखने को मिलती है, जब मॉनसून की विदाई थोड़ा पहले हो गई हो और मौसम साफ रह रहा हो। दक्षिण-पश्चिम से आने वाली हवाओं के कमजोर होने से भी यह असर दिखता है।

खासतौर पर उत्तर भारत से इस सीजन तक मॉनसून पूरी तरह विदा हो जाता है। इसके लिए 30 सितंबर आखिरी तारीख होती है। उसके बाद अक्टूबर और नवंबर का महीना संक्रमण काल होता है, जब मौसम बरसात से शिफ्ट होकर सूखी गर्मियों की ओर बढ़ता है।

इस साल अक्टूबर थोड़ा और ज्यादा गर्म, आखिर क्या है वजह ऐसे में अक्टूबर महीने की शुरुआत में गर्मी रहती है और इस बार मॉनसून की पहले ही विदाई होने के चलते यह थोड़ी ज्यादा है।

# खौफ ऐसा कि एयरपोर्ट तक पहुंचना मुश्किल, मदद का इंतजार, इजरायल में फंसी भारतीय महिला रिसर्चर

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास के बीच छिड़ी जंग का आज पांचवां दिन है। दोनों ही पक्षों के लोग आतंक भरे इस माहौल में डरे-सहमे हुए हैं। इस बीच, दीपान्विता रॉय नाम की एक भारतीय रिसर्चर के इजरायल के रेहोवोट में फंसे होने की जानकारी मिली है। हिन्दुस्तान टाइम्स ने 30 वर्षीय इस महिला शोधकर्ता से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार से उन्हें तुरंत वहां से निकालने में मदद करने की अपील की। मालूम हो कि इजरायल में फंसे 18,000 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्लान की घोषणा भारत पहले ही कर चुका है।

दीपान्विता बीते एक साल और पांच महीने से रेहोवोट के वीज़मैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से पोस्ट-डॉक्टोरल रिसर्च कर रही हैं। वह पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। महिला शोधकर्ता उस वक्त रिसर्च फैसिलिटी में ही थीं जब हमास के आतंकवादियों ने अचानक इजरायल पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया, सायरन बजना तो यहां की रूटीन लाइफ का हिस्सा है। उस दिन भी ऐसा ही हुआ जब हमें सायरन की आवाज सुनाई दी। हम सब 2 मिनट के भीतर ही शेल्टर में पहुंच गए। मगर, उस दिन लगातार 3 घंटे तक सायरन बजता रहा। इससे हमें लगा कि जरूर कोई बड़ी घटना हुई है।

हमास के लड़ाके जिन इलाकों में सक्रिय हैं, रेहोवोट उससे काफी दूर है। यहां पर अभी तक कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ है। इसके बावजूद लोग डरे हुए हैं। दूसरे देशों के जो लोग यहां फंसे हैं, वे सभी जल्द से जल्द अपने घर लौट जाना चाहते हैं। दीपान्विता ने कहा कि उनका इंस्टिट्यूट और इजराइली सरकार काफी मदद कर रही है। सभी स्टूडेंट्स और रिसर्चर्स को जरूरी सहायता मुहैया कराई जा रही है। इजराइली सरकार ने छात्रों के लिए मुफ्त स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कॉलिंग के साथ-साथ इंटरनेट एक्सेस भी दिया है। हालांकि, उन्होंने भारतीय पक्ष से उसके नागरिक को बाहर निकालने के प्रयासों में तेजी लाने की अपील की। रेहोवोट शहर से तेल अवीव एयरपोर्ट की दूरी 30 किलोमीटर है। इस यात्रा में बस से 25 मिनट से भी कम समय लगता है। हालांकि, वे अकेले यह दूरी तय करने को लेकर सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। दीपान्विता ने कहा, किसी भी अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए हमें तेल अवीव पहुंचना होगा। फिलहाल हमें इस यात्रा को लेकर सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा है।

हम खुद को अपने इंस्टीट्यूट के शेल्टर में सुरक्षित पा रहे हैं और स्थानीय लोगों की भी सहायता मिल रही है। 30 वर्षीय महिला ने कहा कि वीज़मैन इंस्टीट्यूट भोजन, पानी, बिजली और नेटवर्क की सप्लाई अच्छी तरह से कर रहा है। सड़कों पर पुलिस टीमें भी तैनात हैं। उन्होंने कहा कि मैं जल्द से जल्द अपने घर जाना चाहती हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत की ओर से और तेजी से इस दिशा में कदम उठाया जाएगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1058/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता दीवान पत्नी सुनील दीवान, सुमित दीवान पिता सुनील दीवान निवासी- 161 आदर्श नगर नर्मदा रोड जबलपुर के द्वारा मौजा पोलीपाथर प.ह.नं. 08 खसरा नं. 12, 13, 24/1, नया 24/42/2 डाय. शीट नं..... डाय. प्लाट नं. .... रकवा 1500 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि. विक्रय दिनांक 31/10/2008 के माध्यम से विक्रेता जितेन्द्र सिंह आत्मज एम.एस. चहल निवासी-606 नेपियर टाउन जबलपुर वालों से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 25/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/10/2023 को जारी।

जारी दिनांक 11/10/2023

पेशी दिनांक 25/10/2023

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1056/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुज सिंह पिता श्री बेनी सिंह पटेल निवासी- मिशन स्कूल के सामने लखनादौन जिला सिवनी जबलपुर के द्वारा मौजा ग्वारीघाट प.ह.नं. .... खसरा नं. 175/9/32 डाय. शीट नं..... डाय. प्लाट नं. आर-18 रकवा 1800 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि. वसीयतनामा दिनांक 03/10/2019 के माध्यम से श्रीमती चन्द्रकला पत्नी बेनी सिंह वल्द स्व. मंगल सिंह लोधी पता-मिशन स्कूल के सामने वसीयत की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 25/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/10/2023 को जारी।

जारी दिनांक 11/10/2023

पेशी दिनांक 25/10/2023

र.नं. 1390

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा श्रीमती सविता मलिक को अचल सम्पत्ति जो कि मौजा घाना नं.बं. 643, प.ह.नं. 43, ख.नं. 179/3/1, 179/3/2, 181/3/1, 181/3/2, 182/2/1, 182/2/2 नामांतरण पश्चात खसरा क्रमांक 179/3/2, प्लाट क्रमांक 16 का भाग कुल प्लाट क्षेत्रफल 800 व.फु. तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल सम्पत्ति क्रय करने हेतु ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है, उक्त सम्पत्ति का वर्तमान मालिक व काबिज श्रीमती कल्पना मिश्रा है जिन्होंने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2022 क्रमांक एम.पी. 182542022 ए 1268667 के द्वारा विक्रेता राजू रजक से क्रय किया था। राजू रजक ने उक्त सम्पत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17/09/2021 क्रमांक एम.पी. 182542021 ए 1794944 के द्वारा विक्रेता अनुराग तिवारी से उक्त सम्पत्ति क्रय की थी। यह कि, अनुराग तिवारी, पुष्पराज पाण्डेय तथा मनीष खत्री ने रजि. विक्रय पत्र दिनांक 21/3/13 दस्तावेज क्र. 2842 के द्वारा विक्रेता कान्ति चौबे तथा मन्जू सिंह से मौजा घाना नं.बं. 643 प.ह.नं. 43 ख.नं.179/1, 181/1, 181/2, 283, 182 कुल प्लाट रकवा 0.606 हे. तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि को शामिलाती रूप से क्रय किया था तथा उक्त सभी क्रेतागण अपने-अपने हिस्से पर मालिक काबिज थे। यह कि, उक्त वर्णित 0.606 हे. भूमि में से अनुराग तिवारी द्वारा प्लाट नं. 16 का भाग कुल क्षेत्रफल 800 व.फु. अपने हक व हिस्से का भूमि में से क्रेता राजू रजक को विक्रय किया था तत्पश्चात राजू रजक द्वारा समस्त राजस्व अभिलेखों में स्वयं का नाम दर्ज करवा करके उक्त वर्णित भूमि को तत्पश्चात कल्पना मिश्रा को विक्रय किया गया है तथा वर्तमान में कल्पना मिश्रा पूर्ण रूप से मालिक काबिज होकर सम्पत्ति को विक्रय करना चाह रही है तथा इस बाबत उन्होंने एक लिखित विक्रय अनुबंध पत्र श्रीमती सरिता मलिक के पक्ष में निष्पादित कर दिया है श्रीमती सरिता मलिक के द्वारा सम्पत्ति को क्रय करने हेतु फायनेंस कम्पनी से ऋण सुविधा प्राप्त की जा रही है तथा निकट भविष्य में विक्रय पत्र का निष्पादन उनके पक्ष में होने के पश्चात सम्पत्ति को फायनेंस कम्पनी में बंधक रख कर ऋण सुविधा प्राप्त की जावेगी। अतः सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उपरोक्त ऋण संव्यवहार से आपत्ति है, उक्त वर्णित सम्पत्ति में हितबद्ध है तो आज दिनांक से 14 दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सूचित करें अन्यथा 14 दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा श्रीमती सरिता मलिक को सम्पत्ति क्रय करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी।

जबलपुर, दिनांकः - 11/10/23

**हर्षित पटेल (अधिवक्ता)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**का./नि.-1790 जे.ई.एस. स्कूल के पास, व्हीएफजे रोड, न्यू शोभापुर कालोनी, तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.,**
**मो.-9893333246**

र.नं. 1389

**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा संगीता साहू तथा सारांश साहू को अचल सम्पत्ति जो कि आबादी मकान क्र. 265 (पुराना) 1401 नया मिलौनीगंज वार्ड, कुल रकवा 236.25 व.फु. तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है यह कि उक्त सम्पत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19/05/1970 दस्तावेज क्रमांक 2745 के माध्यम से क्रेता बैजन्ती बाई साहू ने विक्रेता जगन्नाथ प्रसाद से क्रय किया था बैजन्ती बाई की मृत्यु हो चुकी है, उनके पति ओमकार प्रसाद साहू की भी मृत्यु हो चुकी है तत्पश्चात उनके पुत्र सुनील साहू की भी मृत्यु हो चुकी है सुनील साहू की मृत्यु होने के पश्चात वर्तमान में संगीता साहू तथा सारांश साहू को उक्त वर्णित सम्पत्ति विरासतन हक में प्राप्त हुई है। जो उक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रख कर ऋण सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त ऋण संव्यवहार से आपत्ति है, उक्त वर्णित सम्पत्ति में हितबद्ध है तथा जिसे संगीता साहू तथा सारांश साहू की सम्पत्ति बंधक रखने में आपत्ति है आज दिवस से सात दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति कर सूचित करें अन्यथा सात दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा संगीता साहू एवं सारांश साहू को सम्पत्ति बंधक रख कर ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी।

जबलपुर, दिनांकः - 10/10/23

**हर्षित पटेल (अधिवक्ता)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**का./नि.-1790 जे.ई.एस. स्कूल के पास, व्हीएफजे रोड, न्यू शोभापुर कालोनी, तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.,**
**मो.-9893333246**

र.नं. 1385

**सेवारत सैन्यकर्मी के माता की नाम एबंग जन्मोतिथि परिवर्तन हेतु**

**मैं उत्पल पोद्देर आत्मज श्री नारायण पोद्देर, निबसी-ग्राम एबंग पोस्ट-गद्पुकुरिया, तहसील-बनगांव, जिला-24 पर्गानस (उत्तर), राज्य-पश्चिम बंगाल, पिन- 743710 एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे माता की नाम सुमित्रा पोद्देर के स्थान पोर सुमित्रा रानी पोद्देर एबंग जन्मो तिथि दिनांक 01 जुलाई 1953 के स्थान पोर 04 मार्च 1955 मानी जाए जो उनके आधार कार्ड क्रोमंक 617354005537 में दर्ज है।**

**गलत नाम एबंग जन्मोतिथि- सुमित्रा पोद्देर, 01 जुलाई 1953**
**परिवर्तित नाम एबंग जन्मोतिथि- सुमित्रा रानी पोद्देर, 04 मार्च 1955**

**र.नं. 1388**

**आम सूचना**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हनी (बरेला)**

**जनपत पंचायत / तहसील / जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थित भूमि खसरा नं. 347/1/1/1/ में से रकवा 0.1270 हे. के संबंध में।**

सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि ज्योत्स्ना बेवा जयतवन्तराव अंकुश अनुसुइया पिता जयवन्तराव पता जबलपुर म.प्र. भूमि स्वामी के द्वारा 5 अक्टूबर 2019 को 4000 वर्गफुट भूमि दान-पत्र द्वारा ग्राम पंचायत बम्हनी को दान किया गया है। अपने एकमात्र स्वत्व हक, हित में आधिपत्य व कब्जे की वाके ग्राम पंचायत बम्हनी तहसील जिला जबलपुर (म0प्र0) में स्थित भूमि खसरा नं. 347/1/1/1/ में से रकवा 0. 1270हे. को क्रय -विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि उक्त भूमि खसरा नं. 347/1/1/1/ में से 4000 वर्गफुट भूमि ग्राम पंचायत बम्हनी एवं ग्रामवासियों के सार्वजानिक आम रास्ता के उपयोग हेतु श्री पाल साधु विशाल साहू, अन्ना राव एवं अन्य ग्रामवासी आम रास्ता के रूप में कुआ और रंगमंच तक पहुँच मार्ग के रूप में उपयोग करते चले आ रहे है, का भी हक हित एवं अधिकार निहित है इसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा अग्रिम कानून कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

अतः इस आम सूचना के मध्यम से मै आम जनता व सर्वसाधारण को ताकिद करता हूँ कि, वे उक्त भूमि खसरा नं. 347/1/1/1/ में से रकवा 0.1270 हे. के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें, अन्य दशा में समस्त जबावदेही उक्त भूमि खसरा नं. 347/1/1/1/ में से रकवा 0.1270 हे. को क्रय करने वाले व्यक्ति, संस्था बैक, निगम निकाय, शासकीय अर्धशासकीय विभाग की होगी।

जबलपुर (म.प्र.)

दिनांक

**अशोक कुमार तिवारी (अधिवक्ता)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**मो.नं. 8878815884**


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**सेवारत सैन्यकर्मी के पिता की नाम एबंग जन्मोतिथि परिवर्तन हेतु**

**मैं उत्पल पोद्देर आत्मज श्री नारायण पोद्देर, निबसी-ग्राम एबंग पोस्ट-गद्पुकुरिया, तहसील-बनगांव, जिला-24 पर्गानस (उत्तर), राज्य-पश्चिम बंगाल, पिन-743710 एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे पिता की नाम नारायण पोद्देर के स्थान पोर नारायण चन्द्र पोद्देर एबंग जन्मो तिथि दिनांक 01 जुलाई 1949 के स्थान पोर 01 मार्च 1945 मानी जाए जो उनके आधार कार्ड क्रोमंक 398191839503 में दर्ज है।**

**गलत नाम एबंग जन्मोतिथि- नारायण पोद्देर, 01 जुलाई 1949**
**परिवर्तित नाम एबंग जन्मोतिथि- नारायण चन्द्र पोद्देर, 01 मार्च 1945**

**र.नं. 1387**

**आम सूचना**

आम जनता सूचित किया जाता है कि मैं बालम सिंह (BALAM SINGH) उम्र 61 वर्ष आत्मज स्व. वचन सिंह रावत निवासी क्वार्टर नंबर 33, ब्लॉक एफ. न्यू 36 क्वार्टर, छटवी बटालियन एस.ए.एफ रांझी तह, व जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में सुरक्षा कंपनी में उप निरीक्षक (का.वा.) के पद पर पदस्थ हूँ ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम बालम सिंह (BALAM SINGH) दर्ज है, तथा मेरे पेनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, में मेरा नाम बालम सिंह रावत (BALAM SINGH RAWAT) दर्ज है ये दोनों नाम मेरे स्वयं के हैं अतः मेरे सभी शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम बालम सिंह (BALAM SINGH) के स्थान पर बालम सिंह रावत (BALAM SINGH RAWAT) के नाम से जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावें !

जबलपुर, दिनांक - 11/10/2023

पुराना नाम - बालम सिंह (OLD NAME-BALAM SINGH)

नया नाम-बालम सिंह रावत (NEW NAME-BALAM SINGH RAWAT)

पद - उप निरीक्षक (का.वा.) सुरक्षा कंपनी, माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर 6 वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी जबलपुर


### दुष्कर्म मामले में दिल्ली कोर्ट ने शाहनवाज को समन भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को समन भेजा है। न्यायाधीश ने बलात्कार (भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दंडनीय) और आपराधिक धमकी (धारा 506) के अपराधों का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दिल्ली पुलिस की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें शाहनवाज हुसैन को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट को अस्वीकृत कर दिया है।


**शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेस- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल:- customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

**आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

**जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।**

ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्शाई राशि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति | चस्पा की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL1908000005022331, किरण, आनंद चक्रवती, जीवनलाल | 19-07-2023 & ₹ 7,33,943/- | प्लॉट का क्षेत्रफल 800 वर्गफीट, मौजा रिछाई एनबी 402, प.ह. नं. 55/16, वार्ड नं 77, खसरा का भाग नं. 307/9, तहसील पनागर एवं जिला जबलपुर, म.प्र.-482010 | 09-10-2023 |
| 2 | लोन नं. 0JBL1611000005002927, रोहित अग्रवाल, सुशिला अग्रवाल, राहुल अग्रवाल | 19-07-2023 & ₹ 7,98,381/- | मौजा एवं वार्ड गरहा एनबी 599 प.ह.नं. 28, खसरा नं. 169, गंगा नगर, गरहा तहसील एवं जिला जबलपुर मध्य प्रदेश 482003 | 09-10-2023 |

पता : गुड़गांव
दिनांक : 11-10-2023

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मध्यप्रदेश, दिल्ली सहित...** पूछताछ की गई। उनके मोबाइल-लैपटॉप खंगााले गये टोंक शहर में एनआईए की टीम ने बड़ा कुआ क्षेत्र में एक मकान पर छापेमारी की कार्रवाई की है। टीम ने संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ की है। हालांकि टीम ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। करीब साढ़े तीन घंटे चली कार्रवाई व पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ करके टीम वापस लौट गई है। केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को पीएफआई और उससे जुड़े 8 संगठनों पर पांच साल का बैन लगाया था। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया था। संगठन के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले। केंद्र सरकार ने यह एक्शन यूएपीए के तहत लिया। सरकार ने कहा,पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। पीएफआई और इससे जुड़े संगठन गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। ये गतिविधियां देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इनकी गतिविधियां भी देश की शांति और धार्मिक सद्भाव के लिए खतरा बन सकती हैं। ये संगठन चुपके-चुपके देश के एक तबके में यह भावना जगा रहा था कि देश में असुरक्षा है और इसके जरिए वो कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहा था।

**भारत से चुराकर....** तो आईएफएसओ ने इस पुराने मामले को पिफर से खंगालना शुरू किया है। आशंका जताई जा रही है कि फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन क्रिप्टो करेंसी से फंड जुटाने के साथ चुराने का भी काम कर रहा था।

**मोसाद की मदद से मिली जानकारी-** दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद की मदद से पता चला था कि क्रिप्टोकरेंसी हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड द्वारा बनाए गए वॉलेट में पहुंच गई थी। क्रिप्टोकरेंसी का एक बड़ा हिस्सा मिस्र में अहमद मरजूक और फिलिस्तीन के अहमद क्यूएच सफी सहित अन्य के खातों में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये वॉलेट मिस्र के गीजा से संचालित किए जा रहे थे। क्रिप्टो को मोहम्मद नसीर इब्राहिम अब्दुल्ला के वॉलेट में भी जमा किया गया था, लेकिन खातों को इजराइल द्वारा आतंक-वित्तपोषण कार्रवाई में जब्त कर लिया गया था।

**सीबीआई ने ....**इस सिलसिले में दो लोगों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि परिसर में कुल 37 पुरुष और नौ महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई। पुलिस ने पहले कहा था कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। उधर, न्यूजक्लिक ने एक्स पर लिखा, सीबीआई वर्तमान में न्यूजक्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक के आवास पर तलाशी और जब्ती अभियान चला रही है। यह पांचवीं एजेंसी है जो हमारी जांच कर रही है। हम अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

# देश-प्रदेश

उवाच

## भाजपा से मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा। कुमार ने बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददताओं से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सभी क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त हो जाने संबंधित बयान पर कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं।



## बिहार में बड़ा ट्रेन हादसा

# बक्सर में नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे, 70 घायल, एक मौत की खबर



**बक्सर।** नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार रात डीडीयू जंक्शन-पटना रेल मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के समीप ट्रेन की एक बोगी पलट गई जबकि पांच बेपटरी हो गई।

नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार रात डीडीयू जंक्शन-पटना रेल मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के समीप ट्रेन की एक बोगी पलट गई जबकि पांच बेपटरी हो गई। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल के अनुसार 70 से अधिक यात्री घायल हैं। सभी को अस्पताल भेजा जा रहा है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

इधर, चार यात्रियों की मौत की अपुष्ट सूचना है। वहीं रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मेडिकल टीम और अधिकारियो के साथ-साथ दुर्घटना राहत यान घटना स्थल पर पहुंच चुका हैं। किसी प्रकार के जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई है। रेल हादसे के कारण पीडीडीयू-पटना रूट की अप और डाउन लाइन बाधित हो गई। ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गईं।

**डीडीयू जंक्शन से दो घंटे की देरी से रवाना हुई थी ट्रेन**-दानापुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय से बचाव दल घटना स्थल पर पहुंच चुका है। ग्रामीणों के सहयोग से राहत-बचाव का कार्य जारी है। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस डीडीयू जंक्शन से दो घंटे की देरी से रात पौने नौ बजे पटना के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन 09.35 बजे बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर स्टेशन पर पार कर रही थी की चार एसी बोगी एक-एक कर बेपटरी हो गए।

यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना से रेल प्रशासन में खलबली मच गई। प्रशासन द्वारा सभी निजी अस्पतालों से अनुरोध किया गया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए अपने स्टॉफ और डॉक्टरों तैयार रखें। पीडीडीयू जंक्शन से भी राहत बचाव दल घटना स्थल के लिए रवाना हो गया था।

### दर्जनों ट्रेनों जहां-तहां खड़ी

वहीं लाइन ब्लॉक होने से अप पुणे दानापुर एक्सप्रेस, बाबा वैद्यनाथ एक्सप्रेस, अप चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, डाउन विक्रमशीला एक्सप्रेस, डाउन पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, भगत क़ी कोठी कामाख्या एक्सप्रेस, बीकानेर गुवाहाटी एक्सप्रेस, डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस अप, डाउन तेजस एक्सप्रेस और पूर्वा एक्सप्रेस सहित अप और डाउन की कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गई हैं। रेलवे प्रशासन ट्रेनों को दूसरे रूट से चलाने की तैयारी में जुट गया है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

रेल प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।
पटना - 9771449971
दानापुर - 8905697493
आरा - 8306182542
वाणिज्य कंट्रोल - 7759070004

**15 एंबुलेंस भेजे गए**-आरा के डीएम ने जानकारी दी है कि उन्होंने एसडीएम के साथ 15 एंबुलेंस को घायलों की सहायता के लिए भेज दिया है। प्रशासन की ओर से पटना से भी दर्जन भर एंबुलेंस को रवाना किया गया है। पटना के पीएमसीएच, एनएमसीएच और आईजीआईएमएस को अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही सभी डॉक्टरों को ड्यूटी पर रहने का निर्देश दिया गया है।

## शिवराज के खिलाफ हुए ट्वीट पर कमलनाथ ने कहा

# 'कांग्रेस का हाथ नहीं, आप दीर्घायु हों'





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लेकर 'मामा का श्राद्ध' वाली कथित पोस्ट पर मचे बबाल के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इसमें कांग्रेस का हाथ नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया कि 'प्रिय शिवराज जी, ईश्वर आपको दीर्घायु दे।' मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है, जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कीजिए। उन्होंने अरोप भरे लहजे में लिखा कि सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठा दुष्प्रचार करना नैतिकता नहीं है। श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। आप बखूबी जानते हैं कि आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

उल्लेखनीय है कि श्राद्ध पक्ष में भाजपा प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज को भी उनकी परम्परागत सीट बुधनी विधानसभा से टिकट दिया गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई। जिसमें लिखा था कि 'मामा का श्राद्ध' और नीचे लिखा 'श्राद्ध में बीजेपी ने दिया मामा शिवराज को टिकट'। ये पोस्ट वायरल होने के बाद भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की, वहीं शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने ट्विटर पर एक भावुक पोस्ट लिखते हुए कहा 'आप पर दया करूं या गुस्सा? आखिर मेरे जीवित पिता के श्राद्ध की बात आप कर रहे हैं। मुझे तरस आ रहा है।'

### शिवराज के साथ करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद



इधर ज्योतिरादित्य सिंधिया भी स्वयं को इस मुद्दे से अछूता नहीं रख पाए उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि श्राद्ध मनाना है तो अपने सिद्धांतों को मनाइए, क्योंकि मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। उन्होंने लिखा कि 'राज्य चुनाव में अपनी आती हुई हार देखकर कांग्रेस पार्टी बौखलाने लगी है।



## उत्तराखंड से लौटकर चुनाव प्रचार में जुटे शिवराज

# भोपाल उत्तर में किया रोड शो बोले- विजय का संकल्प लेकर लौटा हूं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड से लौटकर चुनाव में जुटे गए हैं। उन्होंने भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो कर चुनाव अभियान की शुरूआत की।

रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो विकास करती है। भाजपा की विजय का संकल्प लेकर आया हूं। श्री चौहान ने कहा कि मैंने कभी किसी में भेद नहीं किया। बहने मेरे लिए बहनें हैं, बेटियां मेरे लिए बेटियां हैं। वह कौन सी जाति की है, कौन से धर्म की है, ये मैंने कभी नहीं देखा। यह तुम्हारी जिंदगी बदलने के लिए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मैं उत्तराखंड से गंगा जी की पूजा करके एक ही संकल्प लेकर आया हूं कि प्रदेश की धरती पर भारी बहुमतों से भाजपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश के विकास को निरंतर नई गति दी है। विकास की इस रफ्तार को दोगुनी करने के लिए हम फिर मैदान में हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने भोपाल की उत्तर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस पर भोपाल उत्तर विधानसभा को विकास से दूर रखने का आरोप लगाया। उन्होंने सभा के दौरान उपस्थित जनसमूह से सवाल करते हुए कहा कि भोपाल वालो मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि वर्षों तक कांग्रेस ने प्रदेश और देश पर राज किया था। जबकि हमने प्रदेश में 17 साल सरकार चलायी, कांग्रेस ने तो 60 साल सरकार चलायी। प्रदेश की जनता के लिए कांग्रेस क्या किया..? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राहुल बाबा से लेकर कमलनाथ तक रोज कांग्रेसी गाली देते रहते हैं। उन्होंने कहा कल तो कांग्रेस के कुछ लोगों ने ट्वीट कर मामा का श्राद्ध भी करवा दिया।

# ईडी के सामने पेश हुई अभिषेक की पत्नी रुजिरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी के समन के अनुसार बनर्जी सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंची। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके अयोग्य उम्मीदवारों को स्कूलों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के लेन-देन की जांच कर रही है। यह पहली बार है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य बनर्जी की पत्नी इस मामले में संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश हुईं।

# चुनाव आयोग के निर्देश पर हटाए गए कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव आयोग के निर्देश पर 2 जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हटाए गए हैं। विपक्ष की शिकायत पर यह कार्यवाही करने की चर्चा है।

जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग के निर्देश पर खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा और रतलाम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को हटाकर मंत्रालय में उप सचिव पदस्थ किया गया है। वहीं गृह विभाग ने चुनाव आयोग से मिले निर्देश के बाद जबलपुर पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी और भिंड के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को हटाकर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है।

दोनों जिलों के कलेक्टरों का प्रभार जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा पुलिस अधीक्षक का प्रभार जिले में पदस्थ वरिष्ठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया गया है। बताया जाता है कि आयोग इन कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षक के काम-काज से संतुष्ट नहीं था। चर्चा यह भी है कि विपक्ष की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। यह भी बताया जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने अपने क्षेत्र में ब्राह्मणों को थाना प्रभारी बनाने को लेकर चुनाव आयोग को शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में अटेर से भाजपा विधायक अरविंद भदौरिया के क्षेत्र में ठाकुर थाना प्रभारी बनाने पर भी सवाल उठाए थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति कमेटी का गठन

**भोपाल, देशबन्धु।** विभागों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों के परीक्षण और अनुशंसा के लिये राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। विभागों द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजे जाते हैं। समिति में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा संबंधित विभाग जिनका प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया उनके अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव सदस्य होंगे। अब कोई भी विभाग आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा।

स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन व उसके अनुसार परीक्षण करते हुए उनका हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप के रूप में भेजा जाएगा न कि नस्ती के रूप में। राज्य शासन ने विभागों को निर्देशित किया है कि प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखा जाए।

# दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों की घोषणा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से दस्तावेजीकरण विभाग के प्रदेश संयोजक मनोज सिंह यादव ने जिला संयोजकों की घोषणा की है।

दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों में नीरज शुक्ला मुरैना, गुरूदेव नरवरिया भिण्ड, ठाकुर दास खेमरिया दतिया, गजेन्द्र पवैया ग्वालियर ग्रामीण, सुरेन्द्र जैन श्योपुर, अरूण गोस्वामी शिवपुरी, सीपी राव गुना, तुषार खेर अशोकनगर, संतोष दुबे सागर, पूरनचन्द गुप्ता टीकमगढ, पंकज शर्मा निवाडी, सुरेश तिवारी छतरपुर, नरेन्द्र राठौड दमोह, प्रदीप मजूमदार पन्ना, उपेन्द्र चन्द्र दुबे रीवा, सुनील सेनानी सतना, कृष्णकांत मिश्रा सीधी, राजकुमार विश्वकर्मा सिंगरौली, सुभाष सोनी शहडोल, प्रकाश पालीवाल उमरिया, नंदकुमार यादव जबलपुर नगर, अश्विनी पटेल जबलपुर ग्रामीण, संतोष जायसवाल कटनी, नितिन गुप्ता डिंडौरी, नीलेश अवस्थी मंडला, हीरा सिंह भाटिया बालाघाट, अरूण उपाध्याय सिवनी, मुन्नालाल सराठे नरसिंहपुर, बलवीर ठाकुर छिंदवाडा, नितिन तायडे नर्मदापुरम, अरविन्द विश्नोई हरदा, विकास प्रधान बैतूल, सुनील तिवारी भोपाल नगर, जितेन्द्र जैन रायसेन, अरविन्द मिश्रा विदिशा, आशीष शर्मा सीहोर, दीपकमल जैन राजगढ़, पीयूष शर्मा खण्डवा, सुशील चौहान बुरहानपुर, बद्रीप्रसाद शर्मा बडवानी, रीतेश डाबर अलीराजपुर, जितेन्द्र जैन झाबुआ, अंकित ओसवाल धार, ऋषिवंत तोमर उज्जैन नगर, राजेश पाटीदार उज्जैन ग्रामीण, सागर हेमराज राय शाजापुर, जसवंत सिंह तोमर आगर, ईश्वर सिंह परासिया देवास, प्रशांत कुशवाहा रतलाम, मिथुन वापता मंदसौर एवं अशोक जैन नीमच शामिल हैं।

## कांग्रेस ने लगाए आरोप

# आदिवासियों के हक को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की हो रही कोशिश

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने आज भ्रष्टाचार का एक और मामला उठाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने राज्य सरकार की चरण पादुका योजना घोटाले का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जूते-चप्पल पानी बोतल, छाता और साड़ी सभी वस्तुओं की खरीद में करोड़ों रुपयों का घोटाले की बू आ रही है। श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार के वन विभाग ने आदिवासियों के हक को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की कोशिश की। प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह व राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध निदेशक की फाईलों की टिप्पणियों से यह उजागर होता है कि एक कंपनी का छाता जो बाजार में 140 रुपये में बेचा जा रहा है, उसके लिए 246 रुपये खरीद भाव तय किया था, लेकिन विरोध शुरू होने के बाद भी उसकी कीमत घटाकर 2 सौ रुपये प्रति छाते की दर से तय की गई। यह अलग बात है कि मामला प्रकाश में आते ही सरकार ने छाते की बजाए इसके लिए 200 रुपए के मान से राशि हितग्राहियों के खाते में डाल दी। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके वन मंत्री और सरकार में बैठे लोग अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते।

इस दौरान श्री शर्मा ने पूर्व में भाजपा सरकार में हुए अन्य भ्रष्टाचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आदिवासियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख भी किया। ज्ञात हो कि एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में यह मामला प्रकाशित हुआ है, जिसके बाद कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक-0883/अ-6/20...
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विक्रम देव पिता स्व. दिलीप कुमार देव निवासी- म.नं. 351, गुप्तेश्वर वार्ड बंगाली काली बाड़ी के पास, मदनमहल के द्वारा मौजा हाथीताल ख.नं. 83/1/2/1 रकवा 6445 वर्गफुट को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता सरदार सत्यपाल सिंह से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र व नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 20/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/10/2023 को जारी।
जारी दिनांक - 09/10/23 नायब तहसीलदार
पेशी दिनांक -20/10/23 गोरखपुर जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.11.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया राय पत्नी श्री दयाशंकर राय ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 17/2 का भाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003847393 से नया पिन क्र. जारी करना है पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 900 व.फु. भूमि पर निर्मित भूतल 850 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 750 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री भगवानदास- श्री नरेश कुमार मूलचन्दानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.11/10/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोना राय पत्नी श्री शरद कान्त राय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी बार्ड के भवन क्रमांक 1698 म.नं. -3 एलआईजी-1 गोविंद भवन सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44501785, 1000397931 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 550 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में फ्रांसिस बैगर पिता स्व. चार्ली बैगर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं मकसूद अहमद अंसारी पिता गुलाम सरवर अंसारी, निवासी- 1202 अंसार नगर चोपड़ा दर्सगाह स्कूल के पास गोहलपुर जबलपुर का मूल निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र मोहम्मद मोहतसीम अंसारी के पासपोर्ट नं. J9970270 में मेरे पुत्र का नाम MOHAMMAD MOHTASEEM दर्ज है। जिसे बदलकर MOHAMMAD MOHTASEEM ANSARI कर दिया है। जो मेरे पुत्र की कक्षा 10वीं की अंकसूची, आधारकार्ड में भी दर्ज है अतः मेरे पुत्र को इसी नाम MOHAMMAD MOHTASEEM ANSARI से जाना व पहचाना जावे।
पुराना नाम- MOHAMMAD MOHTASEEM
नया नाम- MOHAMMAD MOHTASEEM ANSARI
SAKET

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं मोहम्मद उवेश अंसारी पिता मकसूद अहमद अंसारी, निवासी- 1202 अंसार नगर चोपड़ा दर्सगाह स्कूल के पास गोहलपुर जबलपुर का मूल निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नंबर K0957906 में मेरा नाम MOHAMMAD OWESH लिखा है। जिसे मैने बदलकर MOHAMMAD OWESH ANSARI कर लिया है। जो मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची, आधारकार्ड में भी दर्ज है अतः मुझे मेरे इसी नाम MOHAMMAD OWESH ANSARI से जाना व पहचाना जावे।
पुराना नाम- MOHAMMAD OWESH
नया नाम- MOHAMMAD OWESH ANSARI
SAKET

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. 13767481W Rank L/HAV Name MD NOBAB SIKDER Presently residing at Vill- CHENIMARI PO- CHENIMARI Teh- TARABARI Distt BARPETA (ASSAM) PIN- 781305 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम SALEMAN NEESA दर्ज है। जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम SALEMAN NESSA है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम SALEMAN NESSA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 597167 दिनांक 11/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- SALEMAN NEESA
सही नाम- SALEMAN NESSA

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं ARMY NO 2694969N HAV ANIL KUMAR KASANA, UNIT 5 GRENADIERS निवासी VILLAGE- MURTAZABAD BHOOPKHERI, POST KHAS, TEH- GHAZIABAD DISTT-GHAZIABAD, STATE-(UP) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम GAJRAJ SINGH KASANA एवं मेरी माताजी का नाम DAYAWATI दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम GAJRAJ SINGH GURJAR एवं मेरी माताजी का सही नाम DAYAVATI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. 13767481W Rank L/HAV Name MD NOBAB SIKDER Presently residing at Vill- CHENIMARI PO- CHENIMARI Teh- TARABARI Distt BARPETA (ASSAM) PIN- 781305 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम MD BAHAR SIKDER दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम BAHAR SIKDAR है जो कि पिता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम BAHAR SIKDAR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 597166 दिनांक 11/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- MD BAHAR SIKDER
सही नाम- BAHAR SIKDAR

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Gayatri Devi पत्नि Sanvra Lal Gujar उम्र 40 वर्ष, Village- Bajta Post - Bajta Police station - Sawar Telegraph Office - Kekri Tehsil- Kekri Dest- Ajmer state- Rajasthan Pin-305407 मेरे पति का Army No.-15668425F, Rank-Hav , Name- Sanvra Lal Gujar है तथा जो वर्तमान मे Jabalpur (M.P.) पदस्थ है ।मेरे पति के आर्मी रिकार्ड मे नाम Gayatri Gujar दर्ज है जो गलत है मेरे समस्त दस्तावेजो Gayatri Devi दर्ज है जो सही है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम Gayatri Gujar के स्थान पर मेरा नाम Gayatri Devi दर्ज किया जाए लिखा पढ़ा जाए जो सही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं ARMY NO 2694929M, RANK- HAV, NAME- AMIN KATHAT, UNIT GRC JABALPUR MP 482001 (16 GRENADIERS) R/O VILLAGE- HARRAJPURA, POST- HARRAJPURA, TEH- MASUDA, DISTT- AJMER, STATE- (RAJ) PIN- 305623 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MAINA BANO दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम MAINA हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम MAINA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।
गलत नाम - MAINA BANO
सही नाम -MAINA

**Change of Name**
Service No JC-385815P Sub Moti Chand Yadava Resident of Village Tesupar, Post Mohammadpur Hasanpur, PS/Teh: Ghosi District Mau, (U.P.) PIN 276306 My Daughter name is NIVEDITA as per my Army Service Records name which is wrongly. Correct name of my daughter is NIVEDITA YADAV as per her Aadhar Card and Educational Certificate, and should be corrected in my all Army Service Records for all purpose.

जबलपुर, गुरुवार 12 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अब अरुंधति रॉय के खिलाफ मामला

13 साल पुराने एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल विवेक सक्सेना ने इसके लिये अनुमति देकर यह साफ कर दिया है कि ऐसे सारे तमाम बुद्धिजीवी, लेखक व पत्रकार सरकार से बच नहीं सकते अगर वे उसके आलोचक हैं। उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को सूचित किया है कि 2010 के एक भड़काऊ भाषणों से संबंधित एक मामले में लेखक-एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय तथा एक पूर्व कश्मीरी प्रो. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

रॉय तथा पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ उक्त एफआईआर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुई थी। यहां के तिलक मार्ग थाने में यह शिकायत कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज कराई थी। उनके अनुसार उसी साल 21 अक्टूबर को 'कमेटी फॉर रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिज़नर्स' के तत्वावधान में 'आज़ादी' नामक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। सम्मेलन में और भी ऐसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी जिनका लक्ष्य कश्मीर को भारत से अलग करना था। यह भी आरोप था कि इन कथित भड़काऊ भाषणों से सार्वजनिक शांति और सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उल्लेखनीय है कि मामले में दो और आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी भी थे जिनकी मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक रॉय और हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया आईपीसी की धाराओं 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध का मामला बनता है।

अनेक प्रसिद्ध पुस्तकों की लेखिका एवं बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय व अन्य वक्ताओं के भाषणों के मेरिट पर तो कोर्ट गौर फरमायेगा लेकिन अगर यह मान भी लिया जाये कि उन्होंने ऐसा कहा है, तो भी सच यह है कि यह मामला एक तरह से लोग भूल चुके थे। सम्भवत: आरोपी वक्तागण भी भूल गये रहे होंगे। फिर, इन भाषणों के कारण अगर देश की शांति व सुरक्षा को किसी भी तरह से खतरा होना होता तो वह अब तक हो चुका होता और देश उसका खामियाजा भी भुगत चुका होता। इस बयान से न तो देश में कहीं शांति-व्यवस्था का मसला उठा और न ही इन बयानों से कश्मीर को भारत से अलग होने की कोई प्रेरणा मिली। उल्टे, अब तो भारत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को समाप्त किए हुए चार साल से भी अधिक का समय हो चुका है। सरकार का दावा है कि वहां अब पूरी तरह से शांति है तो फिर शांति व सुरक्षा का मामला उठता ही कहां है? दूसरे, अगर ये बयान इतने ही खतरनाक एवं देश की एकता व अखंडता के लिये खतरा थे, तो उसका परीक्षण करने में सवा दशक से भी ज्यादा समय क्यों लगा? इसका सीधा सा अर्थ यह है कि मामला इतना गम्भीर है नहीं, उसे वैसा गम्भीर बतलाने व बनाने की यह कोशिश है। क्या सरकार को यह जानने में इतना समय लगा कि बयान खतरनाक है या नहीं? जो आरोप लगाये गये हैं वे इतने गम्भीर हैं कि इतने दिनों में तो उसका फैसला हो जाना चाहिये था। अगर सजा सुना भी दी जाती तो अब तक आरोपी सजा काटकर जेल की सींखचों से बाहर भी आ चुके होते।

जाहिर है कि देश में पिछले कुछ समय से प्रतिरोध के स्वर को दबाने के जो प्रयास हो रहे हैं, उसी की एक श्रृंखला के रूप में इसे देखा जाना चाहिये। जिस प्रकार से जनसामान्य की बात कहने या सरकार का विरोध करने के कारण वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, वर्नन गोंजाल्विस, अरूण फरेरा, प्रो. जीएन साईबाबा, सोनी सोरी, तीस्ता सीतलवाड आदि को जेलों में डाला जाता है, वैसे ही अब अरुंधति रॉय को डालने की तैयारी दिखती है। पत्रकार सिद्दीक कप्पन से लेकर हाल ही में 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक सम्पादक प्रवीर पुरकायस्थ की हुई गिरफ्तारी व उन्हें लम्बी हिरासत में भेजना उसी कहानी का प्रकारांतर से दोहराव है। जिनकी किस्मत अच्छी होती है उन्हें जमानत मिल जाती है, शेष या तो स्टेन स्वामी की तरह जेलों में एक स्ट्रा के लिये तरसते हुए मारे जाते हैं या फिर गौरी लंकेश की भांति अतिवादियों के हाथों मारे जाते हैं।

ये ही वे कारण हैं जिनके चलते आज भारत विभिन्न देशों में मानवाधिकारों के मामलों में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां हो रहे मानवाधिकारों के हनन की गूंज पूरी दुनिया में जा रही है। भारत में जिस उदार विमर्श की परम्परा रही है, उसका पूरी तरह से लोप होता हुआ दिख रहा है। अरुंधति रॉय को पूरी दुनिया में बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। अपने प्रसिद्ध उपन्यास 'गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिये पुरस्कार स्वरूप मिली राशि जनांदोलनों को दान करने वाली सुश्री रॉय अपने लेखों से व्यवस्था की खामियों को लगातार उजागर करती हैं जो सत्ता की नाराजगी का कारण बनता है। गम्भीर साहित्य के साथ सामयिक विषयों पर उनके लेखों को भारत ही नहीं, विश्व भर में उत्सुकता से पढ़ा जाता है। कश्मीर का मसला लम्बे समय से चर्चा में रहा है। उस पर अगर कोई अपने विचार रखता है तो सरकार को अपना पक्ष रखना चाहिये। ढूंढ़-ढूंढ़कर मुकदमे चलाना हास्यास्पद ही है।

# चुनाव के बीच खेल

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और उसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए जनता के बीच फिर से जाना है। देश के राजनैतिक माहौल में इस वक्त सारी चिंताओं से बढ़कर सबसे बड़ी चिंता चुनावों की ही नजर आ रही है। जो सत्ता में है वो उस पर किसी भी तरह से बने रहने की कोशिश में है, जो नहीं है, उसका सारा ध्यान इसी बात पर है कि किसी भी तरह सत्ता में लौटा जाए। भाजपा के लिए भी यही चिंता इस वक्त दिखाई दे रही है, लेकिन भाजपा नेता अमित मालवीय का एक ट्वीट आया है, जिसे देखकर समझ आता है कि भाजपा की चिंता सत्ता में बने रहना तो है ही, कांग्रेस और कांग्रेस के नेता उसके लिए सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। तभी तो कांग्रेस की हर छोटी-बड़ी बात पर भाजपा चील जैसी पैनी निगाह रख रही है। अपने एक ट्वीट में अमित मालवीय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक तस्वीर डालते हुए लिखा है-कितनी भी माथा-पच्ची कर लें, सरकार तो आनी नहीं है इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। दरअसल प्रदेश चुनाव समिति की एक बैठक में किसी ने मुख्यमंत्री बघेल की यह तस्वीर खींची है। इस बैठक में चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होनी थी, और इसमें श्री बघेल के अलावा चुनाव प्रभारी कुमारी शैलजा और उपमुख्यमंत्री एम टी एस सिंह देव समेत कुछ नेता भी शामिल थे। इसी दौरान किसी ने भूपेश बघेल के पीछे से यह फोटो खींच ली और अब यह फोटो वायरल हो गई है। पीछे से खींची गई फोटो से साफ है कि फोटो लेने वाला जानता था कि वह किसकी फोटो ले रहा है और किस तरह ले रहा है, जबकि श्री बघेल इससे अनभिज्ञ रहे होंगे, यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है। इस फोटो को यूं ही नहीं खींचा गया है, ये भी जाहिर सी बात है। क्योंकि ऐसे ही खींची गई तस्वीर वायरल नहीं करवाई जाती। बैठक कांग्रेस की थी और उम्मीदवारों के चयन को लेकर थी, तो इसका मतलब इसमें बहुत सी ऐसी बातें भी हुई होंगी, जो बाहर नहीं जाना चाहिए। लेकिन अगर फोटो बाहर आ सकती है, तो क्या बैठक के दौरान की गई बातें बाहर नहीं गई होंगी, ये भी विचारणीय है। बहरहाल, ये सोचना कांग्रेस का काम है कि आखिर उसकी बंद कमरे की बैठक में क्या घर के भेदी भी शामिल हुए थे, या कोई है, जो दोनों ओर का खेल खेल रहा है। चुनावों में ऐसे खेलों से ही अक्सर बाजी पलट जाया करती है।

वैसे यह जानना भी रोचक है कि भाजपा की दिलचस्पी आखिर किस किस्म के खेल में है। क्योंकि जिस तरह से अमित मालवीय ने भूपेश बघेल पर तंज कसा कि सरकार तो आनी नहीं है, इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। उससे यह संदेश निकल रहा है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। हालांकि भूपेश बघेल ने भी जवाब दे दिया है कि पहले भाजपा को ऐतराज था कि मैं गेड़ी क्यों चढ़ता हूं, भौंरा क्यों चलाता हूं, गिल्ली-डंडा क्यों खेलता हूं, प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक क्यों हो रहे हैं? कल एक बैठक से पहले फ़ोटो मिल गई जिसमें मैं कैंडी क्रश खेल रहा हूं। अब भाजपा को उस पर ऐतराज़ है। दरअसल उनको मेरे होने पर ही ऐतराज है। पर यह तो छत्तीसगढ़ के लोग हैं जो तय करते हैं कि कौन रहेगा कौन नहीं रहेगा। मैं गेड़ी भी चढ़ूंगा। गिल्ली-डंडा भी खेलूंगा। कैंडी क्रश भी मेरा फेवरेट है। ठीक-ठाक लेवल पार कर लिया हूं, वो भी जारी रहेगा। बाकी छत्तीसगढ़ को पता है कि किसे आशीर्वाद देना है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बिल्कुल माकूल जवाब दे दिया है। वाकई वो कैंडी क्रश के अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके ही ट्वीट से पता चला है कि वो 4400वें स्टेज पर पहुंच गए हैं। पाठक जानते ही हैं कि कैंडी क्रश खेल में एक ही रंग की दो कैंडी का मिलान करते हुए आगे बढ़ते हैं। कुछ लोगों के लिए ये टाइमपास है, कुछ के लिए अपनी निगाहों के पैनेपन को जांचने का तरीका और कुछ के लिए मनोरंजन। चुनाव की थकान और तनाव के बीच अगर भूपेश बघेल कैंडी क्रश खेल रहे हैं, तो उस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। वैसे बात निकली है, तो यह प्रसंग याद आ गया कि इसी साल जून में क्रिकेट सितारे एम एस धोनी का फ्लाइट में कैंडी क्रश खेलते हुए एक वीडियो वायरल हुआ, इसके बाद तीन घंटे में कुछ 30 लाख लोगों ने इस गेम को अपने फोन पर डाउनलोड किया। कैंडी क्रश ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर इसके लिए धोनी को धन्यवाद भी दिया कि आपकी वजह से हम ट्रेंड कर रहे हैं। अब शायद कैंडी क्रश एक धन्यवाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को भी दे कि उनकी वजह से वह फिर चर्चा में आ गया या इस बार का धन्यवाद अमित मालवीय के लिए रहेगा।

श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं, सीधा-सादा जोड़ी मिलाने का खेल है। भई, खेल खेलना है तो फिर ट्रोल आर्मी का खेल देखें या फेक न्यूज फैक्ट्री का, जो हर दिन नए-नए झूठ जनता के बीच परोसने का खेल खेलती है। जैसे अभी इजरायल के फिलीस्तीन पर किए हमले में भारत के राष्ट्रवादियों ने लाइन से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की 9-10 साल पुरानी तस्वीर डाल दी और लिखा कि सच्चे देशभक्त, बहादुर नेता, जो हमास से लड़ने के लिए अपने बेटे को मोर्चे पर भेज रहे हैं। हकीकत ये है कि ये तस्वीर तब की है, जब नेतन्याहू का बेटा सेना का आवश्यक प्रशिक्षण लेकर लौटा था। राष्ट्रवादियों में से एक ने सोनिया गांधी से मांग कर दी कि वे राहुल गांधी को चीन से लड़ने के लिए भेज कर बताएं। इस बहादुर इंसान ने श्री मोदी या उनकी केबिनेट के मंत्रियों और उनके होनहार बच्चों का नाम नहीं लिखा। शहादत के नाम पर गांधी परिवार ही उसे याद आया। हमारे पत्रकार बंधु भी पिछले कई सालों से पत्रकारिता का गजब खेल खेल रहे हैं। मणिपुर जाकर जो जमीनी हकीकत का पता नहीं लगा सके, वो इजरायल की रिपोर्टिंग में दिन-रात एक कर रहे हैं। उन्हें इस खेल की प्रेरणा प्रधानमंत्री से ही मिली होगी। जिन्होंने मणिपुर पर दो लाइन कहने के लिए तीन महीने का लंबा वक्त लिया, लेकिन इजरायल पर हमले की खबर सुनते ही सदमे वाला ट्वीट कर दिया। ऐसी संवेदनशीलता लाने के लिए कौन सी राजनीति का खेल खेला जा रहा है, ये समझना कठिन नहीं है। प्रधानमंत्री ने अभी फिर कहा है कि भारत इजरायल के साथ है। वे चाहते तो कह सकते थे कि भारत फिलीस्तीन के साथ है, भारत मानवता के साथ है। लेकिन फिर उन्हें अपने ऊपर भी तो जवाब देना है। इस खेल का सबसे बड़ा खिलाड़ी अमेरिका तो अभी जंग की इस पारी को और लंबा खींचना चाहता होगा, ताकि हथियारों की बिक्री बढ़े और उसका मुनाफा भी। अमेरिका तो अपने खेल को छिपाता भी नहीं। यूक्रेन अपनी आजादी के लिए लड़े तो उसके साथ और फिलीस्तीन अपनी मुक्ति की बात करे तो वो आतंकी, ये दोहरे मापदंड बड़ी आसानी से उसने अपनाया है और उसके पिछलग्गू भी वही कर रहे हैं। अमेरिका की युद्ध वाली रिले रेस का हिस्सा हम न ही बनें तो अच्छा है, लेकिन इसके लिए सख्ती तो दिखानी होगी। वैसे इजरायल अभी भारत का साथ पाकर खुश हो जाए, लेकिन उसे भी ये खेल शायद पूरी तरह समझा नहीं है। जो लोग अभी इजरायल के साथ खड़े होने का दावा कर रहे हैं, ये वही जमात है, जिसे हिटलर के शुद्ध रक्त और नस्ल वाले विचार आकर्षक लगते हैं।

दुनिया में जंग का खेल चल रहा है, जिसमें मुनाफा कमाया जा रहा है और हमेशा की तरह औरतों, बच्चों और तमाम मासूमों के साथ पैशाचिक व्यवहार किया जा रहा है। छोटी या बड़ी जंग, हर जगह सबसे पहला निशाना औरतें ही बनती हैं। मणिपुर से लेकर इजरायल और फिलीस्तीन तक यही नजर आया है। ऐसे खूनी और विनाशकारी खेल पर पैनी निगाह होनी चाहिए, ताकि जहां इसकी शुरुआत दिखे, वहीं उसे रोक दें। कैंडी क्रश खेलने में तो किसी का नुकसान नहीं है। लेकिन भाजपा अभी कैंडी क्रश खेलने वालों की निगरानी कर रही है। उसका पसंदीदा खेल शायद यही है।

> **श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं।**

# हमास-इजरायल युद्ध पर पीएम मोदी की एकतरफा प्रतिक्रिया अशुभ संकेत

■ नित्य चक्रवर्ती

यह अब फ़िलिस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायल के बीच एक पूर्ण युद्ध है। पिछले पांच दिनों में करीब दो हजार लोगों की मौत हो चुकी है। सभी संकेत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि एक तरफ हमास के मित्रवत अन्य उग्रवादी शामिल हैं और दूसरी तरफ अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा घोर दक्षिणपंथी नेतन्याहू शासन को बड़ी सहायता दी जा रही है। ऐसा लगता है कि हमास और इज़राइल दोनों ही अंत तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले दो वर्षों में, 24 फरवरी, 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद यह दूसरा बड़ा युद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने 7अक्टूबर को एक ट्वीट में इजरायल पर हमास के हमलों की खबर पर गहरा आघात व्यक्त किया। प्रधानमंत्री निश्चित रूप से अचानक हमास के हमले और निर्दोष नागरिकों की मौत पर अपना दुख व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन युद्ध की समाप्ति की आवश्यकता के बारे में कुछ भी उल्लेख किये बिना और फिलिस्तीन मुद्दे का बिल्कुल भी उल्लेख किये बिना भारत के इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े होने की बात करना एक अशुभ संकेत देता है। इजरायल-फ़िलिस्तीन विवाद में भारत की स्थिति में गहरा बदलाव आया है।

अरब देशों के अलावा, अफ्रीकी संघ के सदस्य, जिन्हें भारतीय प्रधानमंत्री ने सितंबर शिखर सम्मेलन में जी-20 की नई सदस्यता दी, वे प्रधानमंत्री के इजरायल समर्थक रुख से सहज नहीं होंगे।

स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा। अगर मौजूदा युद्ध जारी रहा तो भारतीय प्रधानमंत्री को इस वर्चुअल शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ सदस्यों के कई शर्मनाक सवालों का सामना करना पड़ेगा। भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध मामले में अपनी कूटनीतिक सफलता से जो विश्वसनीयता अर्जित की थी, वह हमास-इजरायल युद्ध पर इस रुख से चकनाचूर हो गई है। भारत की स्थिति संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले जी-7 देशों के समान है, न कि ग्लोबल साउथ के साथ-साथ रूस और चीन के समान।

कांग्रेस पार्टी ने अपने बयान में हमास के हमले और निर्दोष इज़रायली नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करने के साथ ही फ़िलिस्तीन प्रश्न के स्थायी समाधान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिवालय ने अपने बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से 1967 से पहले की सीमाओं और पूर्वी यरुशलम को फिलिस्तीन की राजधानी बनाने वाले दो राज्यों के समाधान का समर्थन करके स्थायी शांति की स्थापना के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। पश्चिमी देश और अंतरराष्ट्रीय मीडिया हमास को आतंकवादियों और राक्षसों के रूप में चित्रित करते रहे हैं। हमास गाजा पट्टी में मुख्य फिलिस्तीनी आतंकवादी बल है और वे पिछले कुछ वर्षों से, खासकर पिछले चुनाव के बाद से, इजरायली स्नाइपर हमलों से लड़ रहे हैं। बेंजामिन नेतान्याहू इजरायली प्रधानमंत्री के रूप में अपनी वापसी कर रहे हैं।

नेतान्याहू इजरायल के इतिहास की सबसे दक्षिणपंथी सरकार के प्रमुख हैं। यहां तक कि इज़रायल में कुछ विपक्षी दलों द्वारा भी इसे फासीवादी करार दिया गया है, जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी भी शामिल है। इसके स्वयं के कुछ मंत्री सहमत हैं, जैसे इसके वित्त मंत्री बेजेलेलस्मोट्रिच खुद को 'फासीवादी होमोफोब' के रूप में वर्णित करते हैं। इजरायली पीएम के 2018 के कुख्यात नेशन स्टेट कानून ने अपने नागरिकों के पांचवें हिस्से की अधीनस्थ स्थिति को औपचारिक रूप दिया, जिसे 'इजरायली अरब' कहा जाता है।

इस शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि इज़रायल फिलिस्तीन को एक राष्ट्र और फिलिस्तीनियों को संप्रभु लोगों के रूप में मान्यता देने से इनकार करता है।

इसने, अवैध रूप से कब्जे वाली या घिरी हुई भूमि पर फिलिस्तीनियों के प्रणालीगत उत्पीड़न के साथ, दुनिया के सबसे प्रमुख उदारवादी मानवाधिकार संगठनों, एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच को इस बात पर सहमत होने के लिए प्रेरित किया है कि इज़रायल एक रंगभेदी राज्य है। एमनेस्टी ने आकलन किया कि नियमित रूप से 'फिलिस्तीनी भूमि और संपत्ति की बड़े पैमाने पर जब्ती, गैरकानूनी हत्याएं, जबरन स्थानांतरण, कठोर आंदोलन प्रतिबंध, और फिलिस्तीनियों को राष्ट्रीयता और नागरिकता से वंचित करना' दमन की एक व्यापक प्रणाली के बराबर है 'जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत रंगभेद के बराबर है'। फिर भी इज़रायल ने न केवल वर्षों से ऐसी प्रणाली संचालित की है, बल्कि यह बदतर होती जा रही है। शनिवार को हमास द्वारा हमला शुरू करने से पहले सैकड़ों फिलिस्तीनी मारे गये थे। संयुक्त राष्ट्र ने पहले ही इसे 2006 के बाद से फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक वर्ष माना है।

जैसे ही इजरायल-हमास युद्ध चौथे दिन में प्रवेश कर गया, नेतन्याहू के नेतृत्व वाला इजरायल गाजा पट्टी पर भारी बमबारी कर रहा है, जहां से बचने का कोई रास्ता नहीं है, जमीन और समुद्र अवरुद्ध है। अस्पताल, स्कूल, ऊंची इमारतें, विरासती मस्जिदें और यहां तक कि दुनिया का तीसरा सबसे पुराना चर्च भी धूल में मिला दिया गया है, और अपने साथ असंख्य कीमती जिंदगियां भी ले गया है। इजरायल के अंधे प्रतिशोध से गाजा के बच्चे और पत्रकार मारे जा रहे हैं। नागरिक आबादी पर इन नरसंहार हमलों में पूरे परिवारों का सफाया हो रहा है, जबकि संभवत: इस प्रक्रिया में हमास की हिरासत में इजरायली बंधकों और युद्धबंदियों की भी मौत हो रही है। गाजा, 20 लाख से अधिक फ़िलिस्तीनियों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल, एक बैठी हुई असुरक्षित बत्तख के समान है।

इसके आलोक में, प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट रूप से इज़रायल का पक्ष लेना निश्चित रूप से इतिहास में निर्णय में एक बड़ी त्रुटि के रूप में दर्ज किया जायेगा। भारत खुद को 'ग्लोबल साउथ की आवाज' के रूप में कैसे पेश कर सकता है, अगर वह इस लंबे संघर्ष यानी इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे के बारे में ग्लोबल साउथ की सोच से इतना दुखद रूप से भिन्न है?

> **स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा।**

## पावन प्रसंग

### सद्‌गुण का पुरस्कार है- सम्मान

यश और सम्मान प्राप्त करने की अभिलाषा प्रत्येक मनुष्य को होती है किंतु जिन कार्यों से सम्मान मिलना संभव होता है, उन्हें करने के लिए बहुत कम लोग राजी होते हैं। झूठे सम्मान के लोभी व्यक्तियों को बहुत प्रयास करने पर भी असफलता ही हाथ लगती है। जिस योग्यता पर यश मिलता और सम्मान बढ़ता है, उसे बढ़ाया न जाए तो यह महत्वाकांक्षा अधूरी ही बनी रहेगी। उचित योग्यता के अभाव में भला किसी को सम्मान मिला भी है? मनुष्य की बड़ी इच्छा होती है कि वह प्रधानमंत्री बन जाए। सेनापति या कोई वरिष्ठ पद पाने की कामना तो बहुत लोग करते हैं, पर राज्य संचालन,सैन्य व्यवस्था की उचित योग्यता न हुई तो यह अधिकार कैसे मिल सकेंगे? संयोगवश यदि मिल भी जाए तो बंदर के हाथ में तलवार के समान आफतों को बुलावा देना ही होगा। इस तरह मिला सम्मान दुख, क्लेश और अशांति ही दे सकता है, उससे मनुष्य की आकांक्षा किसी भी तरह पूरी नहीं होती। आप यदि यह चाहते हैं कि आप सम्मानित व्यक्ति ठहराए जाएं, आपकी प्रशंसा हो, सभी आपको आदर दें, तो आदरणीय पुरुषों की विशेषताओं का आपको अध्ययन करना होगा। जिन गुणों के आधार पर लोग आदर के पात्र गिने जाते हैं, उनका अनुसरण करेंगे तो आपका गौरव जाग्रत होगा। परन्तु आप बाहरी टीम-टाम के भ्रम में डालकर लोगों का सम्मान प्राप्त करने की कामना की तो महंगा मोल चुकाकर आपके हाथ कुछ न आएगा।

गुणों का विकास करने में प्रयत्नशील हों तो संदेह नहीं आप सम्मान प्राप्त करेंगे। लोग गुणों की पूजा करते हैं, व्यक्ति की नहीं। सच्चाई को सिर झुकाते हैं, बनावटीपन को नहीं। टेसू का फूल देखने में बड़ा आकर्षक होता है, किंतु लोग गुलाब की सुवास को अधिक पसंद करते हैं। आप में सद्गुणों का विकास हो तो आप अवश्य ही प्रशंसा के पात्र हैं। गुणों की मात्रा उतनी बढ़ती है, जितनी मनुष्य की योग्यता विकसित होती है, उसी अनुपात में लोग उधर आकर्षित होते हैं। अच्छा काम करने वालों की सर्वत्र प्रशंसा होती है। विद्वान सिसरो का कथन है-' सम्मान सद्‌गुण का पुरस्कार है।' यह बात अक्षरश: सत्य है कि सच्चा सम्मान गुणवान को ही प्राप्त होता है।

आपके किसी एक गुण का विकास सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों से जितना अधिक होगा, उतना ही आपको अधिक यश मिलेगा। कर्ण के युग में दान देने की परंपरा सामान्य थी, किंतु यह प्रवृत्ति कर्ण में विलक्षणता लिए हुए थी। दान की परंपरा में वह श्रेष्ठतम प्रमाण बने इसलिए उसे 'दानवीर' कहलाने का सौभाग्य मिल सका। माता-पिता के प्रति आदर और सम्मान की भावनाएं अधिकांश लोगों में होती है। लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार उनकी सेवा करते हैं, किंतु श्रवण कुमार की पितृभक्ति पराकाष्ठा का स्पर्श करने लगी थी, इसलिए उसे सर्वोच्च ख्याति मिली। सद्गुणों के प्रति निष्ठावान होने से ही सर्वोपरि सम्मान मिलता है।

यों मानवता के प्रति उत्सर्ग की भावना कुछ न कुछ सभी में होती है। अपनी-अपनी सामर्थ्य और योग्यता के अनुसार लोग इस आध्यात्मिक सद्‌गुण को अपनाते भी हैं, किंतु देवत्व की स्थापना में अपने आप को जीवित होम कर देने के कारण जो बड़प्पन गौरव और उच्च पद महर्षि दधीचि को मिल गया, वह अन्य किसी को नहीं। यश की साधना में किसी एक सद्‌गुण पर पूर्ण रूप से निष्ठावान होना पड़ता है। आजीवन ब्रह्मचारी भीष्म-पितामग, परमभक्त हनुमान, महासती अनसूया, तपस्वी दुर्वासा,सत्यवादी हरिश्चन्द्र अपने विशिष्ट गुणों के कारण ही उच्चतम सम्मान पाने के अधिकारी बन सके थे। गुणों की विशिष्टता के कारण ही पूज्य पद होते आए हैं। यह सनातन नियम आगे भी इसी तरह चलता रहेगा। सामान्य स्तर के व्यक्ति के लिए भी जीवन में सम्मान प्राप्त करने का एक सीधा सच्चा उपाय है और वह है-सबके प्रति आदर एवं शुभ अभिलाषा का भाव। किसी के प्रति बैरभाव, ईर्ष्या, द्वेष, और प्रतिशोध की भावना न रखना, सबके साथ मिलकर प्रेम,न्याय. दया,करुमा और सहृदयता से रहकर यह स्थिति सहज ही में प्राप्त हो जाती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### शादी-ब्याह:बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन

हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिए जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है। आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है।

ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन—किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना अपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है न तो परवाह है रीति रिवाजों की न सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है।

**-सत्यवान सौरभ**

# टिकट के इंतजार में बढ़ता पशोपेश

## अमित शाह के सर्वे में फिट बैठने वाले दावेदार की खुल सकती है लॉटरी

**जबलपुर, देशबन्धु ( राजनीतिक संवाददाता )।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। इस बार भाजपा भले ही कांग्रेस से पहले टिकट वितरण की प्रक्रिया में आगे है, लेकिन शहर की प्रतिष्ठापूर्ण सीट उत्तर मध्य और सिहोरा की टिकट का पेंच फंसा हुआ है। टिकट के दावेदारों में पशोपेश बढ़ रहा है। इंतजार लंबा होता जा रहा है। जब से चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ है उसके बाद सबसे ज्यादा उत्तर-मध्य के दावेदार चिंतित हैं। वहीं सिहोरा में भी प्रत्याशी कौन होगा, इस पर रोज नये कयास लग रहे हैं। इन सीटों का मसला आसानी से नहीं सुलझ पा रहा है। पार्टी की तरफ से जो समय लग रहा है, और ना ही किसी को कोई स्पष्ट इशारा मिल पा रहा है, इससे दावेदारों की धड़कने बढ़ी हुई हैं।

### उत्तर मध्य, सिहोरा को लेकर फसा पेंच, टिकटार्थियों में घमासन

गौरतलब है कि भाजपा ने सबसे पहले पूर्व और बरगी विधानसभा के लिये टिकट का ऐलान किया, जिसमें क्रमश: अंचल सोनकर और नीरज सिंह ठाकुर को पार्टी बतौर अपना उम्मीदवार बनाया है। अगले चरण में पाटन, पनागर और केंट सीट के लिये अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदू, अशोक रोहाणी के नाम पर मुहर लग गई है। अब तक घोषणा के बाद कहा जा सकता है कि पश्चिम को छोड़कर भाजपा ने साल 2018 में जिन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था उन्हें ही इस बार टिकट दी है। बरगी से प्रतिभा सिंह के परिवार के सदस्य को टिकट दी है। पार्टी ने अपने पुराने चेहरों पर पुन: भरोसा जताया है।

कुछ सूत्रों के अनुसार भावी उम्मीदवार भोपाल और दिल्ली के लगातार चक्कर लगा रहे हैं या लगा चुके हैं, परंतु इस भाग दौड़ में जीत किसकी हुई इस पर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब वक्त की सुई के साथ सभी भावी उम्मीदवारों की नब्ज बंध गई है।

जातिगत समीकरण हो सकता है निर्णायक- उत्तर में जातिगत समीकरण के लिहाज से सटीक बैठने वाले दावेदार के पक्ष में लॉटरी खुल सकती है। यहां पर ब्राम्हण, जैन, मुस्लिम समाज से आने वाले मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। इसको मद्देनजर रखते हुये भी टिकट पक्की की जी सकती है। पार्टी को जिस दावेदार में यह लगेगा कि जातिगत समीकरण में वह सभी को साधते हुये वोट प्रतिशत बढ़ा सकता है, उसे टिकट मिल सकती है। दावेदारों ने इस विषय को अपने पक्ष में पार्टी के समक्ष उठाया है।

### 15 अक्टूबर तक टिकट तय होने के आसार

उत्तर में इन नामों पर चर्चा-पार्टी सूत्रों के अनुसार अभी जिन नामों की चर्चा उत्तर की सीट के लिये सुने जा रहे हैं, उनमें शरद जैन, धीरज पटेरिया, नवीन रिछारिया, आलोक ओंकार तिवारी के साथ ही कमलेश अग्रवाल का नाम भी लिया जा रहा है। वैसे भी इस बार प्रदेश की कमान गृह मंत्री अमित शाह ने संभाली हुई है। परंतु अभी तक के टिकट वितरण में मुख्यमंत्री का दखल भी साफ देखा जा सकता है। फैसले का इंतजार जारी है। उत्तर-मध्य और सिहोरा के लिये श्री शाह ने अपना सर्वे कराया है, सर्वे में सभी लिहाज से फिट बैठने नाम को लेकर अंतिम फैसले का इंतजार जारी है। दावेदार अपने ईष्ट देवी-देवताओं के दरबार में भी माथा टेंकने के साथ संतजनों का आशीर्वाद लेने में लगे हुये हैं। देखने वाली बात होगी किस दावेदार के नाम की लाटरी टिकट के खुलेगी। उम्मीद की जा रही है कि 15 अक्टूबर तक भाजपा अपनी आखिरी सूची जारी कर देगी।

## जबलपुर और भिंड के पुलिस अधीक्षकों को हटाते हुए पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर तुषारकांत विद्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक, भिण्ड मनीष खत्री को हटाते हुए तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल पदस्थापना की गई है। मुख्यालय के आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक, जबलपुर एवं पुलिस अधीक्षक, भिण्ड के रिक्त पद का प्रभार उक्त जिले में पदस्थ वरिष्ठतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अस्थाई रूप से उक्त जिले में पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना किये जाने तक सौंपा गया है।



बताया जाता है कि जबलपुर पुलिस अधीक्षक एवं भिंड पुलिस अधीक्षक का चुनाव आयोग ने ट्रांसफर किया है। जिस प्रकार से से यह ट्रांसफर आर्डर सामने आया, वह च?र्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि जिस समय आर्डर आया वे पुलिस अधीक्षक क्राइम मीटिंग लेने वाले थे।

## भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर केयर अस्पताल का पंजीयन निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा करमेता कटंगी रोड स्थित केयर अस्पताल का पंजीयन भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रस्तुत न कर पाने तथा फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट न होने के कारण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के अनुसार केयर अस्पताल को 11 जुलाई को नोटिस देकर भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिये अंतिम तीन माह की अवधि दी गई थी। लेकिन अस्पताल द्वारा तय समय के भीतर यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस निजी अस्पताल का फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट भी नगर निगम द्वारा निरस्त किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि केयर अस्पताल का पंजीयन निरस्त करने की यह कार्यवाही मध्यप्रदेश रूजोपचार्य गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें ( रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 के प्रावधानों के तहत की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन निरस्त हो जाने के बाद केयर अस्पताल प्रबंधन को अस्पताल में नये मरीजों को भर्ती न करने के निर्देश दिये गये हैं तथा पूर्व से भर्ती मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराकर डिस्चार्ज करने कहा गया है।

## मॉडल हाई स्कूल में शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता



**जबलपुर, देशबन्धु।** 67 राज्य शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज मॉडल हाई स्कूल में 17 वर्ष बालिका और 19 वर्ष बालिका प्रतियोगिता खेली गई।आज के मुख्य अतिथि डीपीआई भोपाल से पर्यवेक्षक सुंदरपाल सिंह परिहार, संजय दादर और सहायक संचालक खेल आशा सिसौदिया वीरेंद्र सिंह ठाकुर (विक्रम अवार्डी ), जिला खेल शिक्षा अधिकारी गुंजन श्रीवास्तव, मधुमिता हजारा और सारिका सिंह खिलाड़ीयों को बढ़ावा देने के लिए आशीर्वाद दिया द्य ऑफिशियल में कु. शिवांगी ठाकुर , अभय भाटी , विकास दुबे, भारत, ललित सिंह राजपूत स्कोरिंग सिस्टम सूरज, जुगनू उस्मानी ,नूपुर पांडे,संतोष आरग़र ने बॉक्सिंग को सफल कराने में सहयोग दिया।



## कलेक्टर-एसपी ने किया स्ट्रांगरूम एवं मतगणना के लिये प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक तुषारकान्त विद्यार्थी ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्विद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन तथा कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजियनियरिंग भवन का निरीक्षण किया। इन स्थानों को विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम तथा मतों की गणना के लिये मतगणना केंद्र बनाया जाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण तथा मतदान के बाद सामग्री की वापसी के लिये भी इसी स्थान को चिन्हित किया गया है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांगरूम एवं मतगणना केंद्र के लिये प्रस्तावित स्थल के निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों की कमीशनिंग से लेकर मतदान के बाद उन्हें सुरक्षित रखने तथा मतगणना के लिये उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती मिशा सिंह, नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव : पम्पलेट्स, पोस्टर, पर्चे आदि प्रिंट सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता होना जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव के दौरान पम्पलेट्स, पोटर्स, पर्चे आदि प्रचार अथवा प्रिंट सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता लिखा जाना अनिवार्य होगा। प्रकाशित सामग्री की प्रतियां निर्वाचन कार्यालय में भी जमा करनी होगी। साथ ही प्रिंट सामग्री में संख्या भी अंकित करना जरूरी होगा। उल्लघंन पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसमें 06 माह तक का कारावास, 2 हजार रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

यह जानकारी बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई प्रकाशकों एवं मुद्रकों की बैठक में दी गई । बैठक में डिप्टी कलेक्टर मोनिका बाघमारे, उप संचालक जनसम्पर्क एम एस उइके, सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी आस्था सोनी तथा मुद्रक एवं प्रकाशक मौजूद थे ।



इस अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127 (क)और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी किये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राजीव नामदेव द्वारा दी गई।

बैठक में मुद्रक एवं प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127 (क) और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा गया । इसका पालन नहीं होने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। शुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए यह अनिवार्य है कि सभी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रिंट एवं प्रचार सामग्री में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम, पता, प्रसारित की जाने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करें।

बैठक में बताया गया कि मुद्रकों एवं प्रकाशकों को प्रकाशित सामग्री की चार प्रतियां प्रकाशन के तीन दिन के भीतर घोषणा पत्र के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के व्यय लेखा शाखा में जमा करना जरूरी होगा। मुद्रित एवं प्रकाशित सामग्री के आधार पर खर्च प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। कोई भी प्रकाशक एवं मुद्रक ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करेगा जिससे कि आचार संहिता का उल्लघंन होता हो। समाज में घृणा फैलाने, धार्मिक भावनाओं को भड़काने सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री किसी भी हाल में प्रकाशित नहीं की जायेगी। निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन कार्यालय को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये ।

### स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मान्यअता प्राप्तम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से गठित स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक गुरूवार 12 अक्टूकबर को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यबक्षता में आयोजित इस बैठक में राजनैतिक दलों को निर्वाचन व्यजय से संबंधित सामग्रियों के दर निर्धारण तथा निर्वाचन आयोग के अन्यं दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी।

## कछपुरा शासकीय स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर जी के जन्म दिवस अवसर पर शास माध्यमिक शाला कछपुरा, गढ़ा में स्वच्छ भारत दिवस एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।इस उपलक्ष्य में दोनों महा पुरुषों के तैल चित्र पर पार्षद पूजा श्रीराम पटेल ,पार्षद प्रिया संजय तिवारी एवं डॉ विशाखा पटेल द्वारा माल्यापर्ण कर कार्यक्रम आरम्भ किया गया ।शालेय विद्यार्थियों व शिक्षकों ने वीर सावरकर वार्ड की पार्षद पूजा श्रीराम पटेल की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ ग्रहण की और शाला परिसर की साफ सफाई की इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जिसमे फीवर क्लिनिक डॉक्टर विशाखा सिंह ने क्षेत्रीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया सुगर बीपी थायराड आदि की जांच के सैंपल लिए गए दवाएं वितरित की गई क्षेत्रीय जनों व मरीजों ने लाभ लिया । इस अवसर पर शाला के हरिप्रसन्न त्रिपाठी, विवेक रंजन शुक्ला, कल्पना गुप्ता,संध्या पाटकर,वीणा दुबे, कामिनी नेमा,पार्वती पटेल, कुंती कोरी, पुष्पा गुप्ता प्रमिला कनोजिया, नीता नामदेव, सोने सिंह सोंगोत्र, नीरज मौजूद रहे।

## बरगवां गुड्स शेड में कर सकते हैं राउण्ड द क्लॉक लोडिंग/अनलोडिंग

### पमरे अब कुल 40 गुड्स शेड में राउण्ड द क्लॉक सेवाएं उपलब्ध

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा सितम्बर माह के दौरान जबलपुर मण्डल में कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड के बरगवां गुड्स शेड माल यातायात सहित राउण्ड द क्लॉक माल लोडिंग/अनलोडिंग की शुरुआत हुई। इस प्रकार पमरे में अब तक कुल 40 मालगोदामों में चौबीस घण्टे सेवाएं उपलब्ध हुई।

पमरे के कुल 63 मालगोदाम तीनों मण्डलों में उपलब्ध है, जिनमें जबलपुर में 28, भोपाल में 20 एवं कोटा में 15 मालगोदाम हैं। जिसमें अब 40 मालगोदामों में दिन-रात चौबीसों घण्टे माल लोडिंग/अनलोडिंग की सुविधा माल व्यापारियों को मिलेगी। इस प्रकार अब जबलपुर में 23, भोपाल में 12 एवं कोटा में 05 मालगोदामों में राउण्ड द क्लॉक सेवाएं शामिल हैं। इसके आलावा 23 गुड्स शेड में कार्य के सोलह घण्टे (सुबह 06 बजे से रात 22 बजे तक) सेवाएं उपलब्ध हैं।

पश्चिम मध्य रेल के गुड्स शेडों में चौबीस घण्टे (राउण्ड द क्लॉक) की शुरुआत होने से -

गुड्स शेडों में एक महिने में औसत लगभग 500 रैकों से अधिक के इनवर्ट/आउटवर्ट माल यातायात का परिवहन बढ़ा।

माल यातायात की लोडिंग एवं अनलोडिंग में वृद्धि के साथ रेलवे राजस्व में वृद्धि हुई है।

ज्यादा से ज्यादा माल यातायात की लोडिंग के लिए रैकों की उपलब्धता में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

माल यातायात की लोडिंग एवं अनलोडिंग की समय में भी इजाफा हुआ है।

पश्चिम मध्य रेल माल यातायात को बढ़ाने के लिए अपने हितधारकों ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमेशा ही अग्रसर रही है। इसी प्रकार आगे भी सभी मालगोदमों को चौबीस घण्टे सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## प्रथम छमाही में माल यातायात में बीडीयू के तहत लगभग 38 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे द्वारा तीनों मंडलों पर व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) लोडिंग के जरिए राजस्व अर्जित किया जा रहा है। पमरे द्वारा चालु वित्तीय वर्ष के अप्रैल से सितम्बर 2023 तक यानी प्रथम छमाही में बिजनेस डवलपमेन्ट यूनिट के तहत माल यातायात में कुल 37 करोड 88 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। बीडीयू के तहत नई स्ट्रीम फ्रेट लोडिंग के तहत माल यातायात में महीनों के आंकड़े कि बात करे तो अप्रैल माह में 09 करोड 64 लाख, मई माह में 16 करोड़ 68 लाख, जून माह में 04 करोड़ 68 लाख, जुलाई माह में 02 करोड़ 95 लाख, अगस्त माह में 01 करोड़ 33 लाख और सितम्बर माह में 02 करोड़ 60 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। कोटा मंडल में सितम्बर माह के दौरान संचयन योजना के तहत 85 वगैनों में विभिन्न कॉमेडिटी का माल लदान किया गया। इस योजना के तहत कोटा, बूँदी एवं भरतपुर गुड्स शेडों से वैगनों में खाद्य तेल, ओनियन, पुट्टी, स्टोन एवं फ्रूट, वेजिटेबल्स इत्यादि की लोडिंग की गई।

पमरे के तीनों मण्डलों में स्थापित बीडीयू मार्केटिंग के तहत सितम्बर माह में निम्नानुसार बिजनेस हासिल किया है -

फ़ूड ग्रेन लोडिंग - भोपाल मण्डल के बुदनी से 06 रैक फ़ूड ग्रेन की लोडिंग की गई। इससे रेलवे ने रुपये 01 करोड़ 28 लाख का राजस्व अर्जित किया।

क्लिंकर लोडिंग - जबलपुर मण्डल के साइडिंग ननवारा से 05 रैक क्लिंकर की लोडिंग की गई। इससे रेलवे ने रुपये 01 करोड़ 32 लाख का राजस्व अर्जित किया। रेलवे से व्यापारी अधिक से अधिक माल यातायात की लोडिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही रेकों की ट्रैकिंग कर व्यापारियों को उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात के अंतर्गत व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे।

## वीयू- राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुखजी की 107 वीं जयंती मनाई गई



जबलपुर, देशबन्धु। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 107 वीं जयंती के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवम् नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवम् शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण विकास माडल से समग्र आर्थिक विकास विषय पर विस्तृत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित नानाजी देशमुख की प्रतिमा में गणमान्य अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवम् सभागर में छायाचित्र समक्ष दीपप्रज्वलन तथा पुष्पांजलि अर्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प कुछ शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो तिवारी जी ने राष्ट्र ऋषि नानाजी के ग्रामीण विकास माडल पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे माडल वर्तमान परिदृश्यों में महत्वपूर्ण हो गए है, और सरकार भी किसानों की आय में वृद्धि के लिए इसी माडल को आधार बना कर समेकित कृषि प्रणाली जिसमे कृषि पशुपालन एवं मत्स्य पालन सहित, तकनीकी एवम् ग्रामीण क्षेत्रों में कौसल विकास जैसे मुख्य बिंदुओं पर केंद्रित होने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष मिश्रा एवं आभार कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा श्री कांत जोशी, निदेशक अनुसन्धान डा एस एस तोमर , प्रक्षेत्र प्रभारी डा जी पी लखानी, उप कुलसचिव डा. रामकिंकर मिश्र, पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा, डा एस घोष,,डॉ. अमित झा, आदि मौजूद थे।

## जबलपुर ने फिर अंतर्राष्टीय स्तर पर फहराया अपना परचम




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता Eat Smart Challenge में भारत की समस्त स्मार्ट शहरों ने भाग लिया था जिसमें जबलपुर शहर द्वारा भी भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. चन्द्रप्रताप गोहल के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय कार्य कर एक बार फिर से परचम फहराया है।

इस संबंध में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े एवं सहायक आयुक्त संभव अयाची ने बताया कि जबलपुर को Milan Urban Food Policy Pact (MUPFF) साइन करने का मौका मिला। MUPFF एक pact है जिसमें पूरे विश्व के 232 शहर शामिल है जिसकी streering committee में 13 मेंम्बर हैं जिसमें पूरे भारत से सिर्फ जबलपुर शहर को चुना गया है। जबलपुर को Eurasia °ß´ South West Asia region के लिए चुना गया है, जिसमें अगले 2 वर्षों के लिए जबलपुर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व करेगा एवं इस कार्य के लिए जबलपुर शहर को निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े (IAS) जबलपुर को globally represent करेंगे।




उन्होंने बताया कि भारत सरकार के इस चैलेंज के अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों को निगमायुक्त श्री वानखड़े के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन को खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन में वृद्धि, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा चलाए गए नमूनों की ड्राइव्स, खाद्य पदार्थों की सर्विलेंस ड्राइव, खाद्य प्रतिष्ठानों के हाइजीन रेटिंग, ईट राइट कैम्पस आदि निर्धारित आवंटित लक्ष्य को जबलपुर शहर ने प्राप्त किया, जिसके कारण मिलन अर्बन फूड पॉलीसि पैक्ड के अंतर्गत जबलपुर शहर को भारत में पहला और विश्व के 13 शहरों में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी टॉप 10 सिटीज को आगे कार्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा पुरुस्कार स्वरूप वित्तीय राशि भी दी गई है। जबलपुर नगर निगम के द्वारा अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के तहत् तैयार हाकर्स जोन और जबलपुर के फूड जोन की भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है। इन सब उपलब्धियों के लिए निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने जबलपुर के नागरिकों के प्रति हृदय से आभार माना है, क्योंकि इनके जागरूकता के कारण ही यह उपलब्धि जबलपुर स्मार्ट सिटी को हासिल हुई है।

### चैलेन्जिग एजेन्सी ने नगर निगम के फूड जोन और हॉकर्स जोन के कार्यो को भी सराहा और इसके लिए भी किया चयन

## प्रकृति ने भी कर लिया अनूठा श्रृंगार



### पुष्प वाटिका के प्रसंग में मौसम भी हुआ शर्दीला

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीरामचरित मानस के एक मात्र श्रृंगार प्रसंग पुष्प वाटिका की लीला के मंचन के समय मौसम भी शरद से श्रृंगारित हो उठा। दिन में भले ही गर्मी रही हो, लेकिन रात के समय श्रीराम की पुष्प वाटिका में उपस्थिति मौसम को मन अनुकूल बना रही थी। ठंडी शीतल कुसमित बयार के बीच श्रीगोविंद गंज रामलीला के सिद्ध मंच पर पुष्प वाटिका की लीला मंचित की गई। कल मंच के दोनों तरफ बड़ी संख्या में पुरुषों-महिलाओं ने पुष्प वाटिका गौरी पूजन सहित अन्य लीलाओं का आनंद लिया।

**अलौकिक पुष्प वाटिका के दर्शन**-गोविंद गंज रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला 18 दिन होती है, लेकिन गौरी जी का मुकुट केवल गौरीपूजन के दिन धारण होता है। ये अपने आप में विलक्षण होता है। इस बार अंबे मैया के दर्शनों को बड़ी संख्या में लोग उमड़े। समिति द्वारा मैया का अलौकिक मंदिर और पुष्प वाटिका का निर्माण कराया गया। मनीष पाठक के नेतृत्व में वृंदावन गार्डन की तर्ज पर पुष्प वाटिका का निर्माण किया गया था।

**मालियों के शानदार संवाद**-मंच पर मालियों ने श्रीराम से शानदार संवाद किए। नगर दर्शन और पुष्पवाटिका में माली के प्रसंग पर राकेश पाठक, अतुल पांडे, शंकर शर्मा, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य ने भगवान की करुणा, वात्सल्य और मिथिला के प्रति अपने मन का देशप्रेम बखूबी बयां किया। अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि गोविंदगंज में आज धनुष यज्ञ की लीला होगी।



## गढ़ा रामलीला में संत अर्चना एवं मुकुट पूजन संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामलीला समिति गढ़ा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की मानव लीला का 57 वाँ मंचन महोत्सव को रात्रि 9 बजे प्रारंभ हुआ। इसमें सबसे पहले स्वामी नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास महाराज एवं मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह और विधायक तरुण भानोत, निगम अध्यक्ष रिंकू बिज एवं समाज सेवी अरविंद पाठक ने मुकुट पूजन किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिसके बाद अशोक मनोध्याय ने स्वागत करते हुए समिति के उल्लेखनीय कार्यों से अतिथियों को परिचित कराया। सांसद ने राष्ट्र धर्म और सनातन धर्म के मार्ग को प्रशस्त करने और सेवा करने का वचन दिया। नरसिंह पीठाधीश्वर महाराज ने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सत्य सनातन धर्म पर चलते रहने का आशीर्वाद दिया। आज विश्वामित्र आगमन एवं ताड़का वध की लीला का मंचन होगा। समस्त राम भक्तों से अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें। कार्यक्रम में अशोक बघेल दादा भाई, पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल, देवेंद्र मनोध्याय, भोलाराम खत्री, केदार शर्मा, पंकज सोनी, जितेंद्र सोनी, राजा पांडे, नरेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, शरद दुबे कुररिया, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी, लोकराम कोरी, कमलेश अग्रवाल, राकेश पाठक, हरीश मनोध्याय,भोलाराम खत्री सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धनुष यज्ञ रामलीला में राम ने किया ताड़का का वध



**जबलपुर, देशबन्धु।** धनुष यज्ञ रामलीला भगवान की आरती के साथ प्रारंभ की गई। रामलीला में विश्वामित्र का आगमन का मंचन किया गया। राजा दशरथ, राज्य दरबार, वशिष्ठ ऋषि में विश्वामित्र द्वारा भगवान राम एवं लक्ष्मण को साथ ले जाने के लिए यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से पुत्र मोह में अपना वचन तोड़ते हैं। तभी वशिष्ठगुरू रघुकुल दशरथ कहते है, उन्हें विश्वामित्र के साथ जाने दे। विश्वामित्र यज्ञ करते हैं रास्ते में तड़का जोर-जोर से कहती है मैं कई दिनों की भूखी हूं आज मुझे आहार मिलेगा। तड़का को देखकर भगवान श्री राम उसका बाण मारकर वध कर देते है, और ताड़का यमलोक को सीधार जाती है। इसके बाद मरीज, खरदूषण अपनी मां का बदला लेने भगवान से युद्ध करते हैं, खरदूषण का भी युद्ध के दौरान राम हाथों वध हो जाता है। मरीज को बाण मारकर भगवान 100 योजन दूर भेज देते है। आज की प्रमुख लीला, अहिल्या उद्धार, नगर प्रवेश सजीव मंचन होगा, आज विशेष रूप से अहिल्या का अभिनय कुमारी शालिनी यादव द्वारा किया जाएगा। समिति सदस्यों में अभिषेक चौकसे, धनंजय बाजपेई, संतोष तिवारी, गुड्डा दीक्षित, निशांत शर्मा, रवि महावर, अबे नायडू, अभय नायडू ,तन्मय तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, ताराचंद गुप्ता आदि आम लोगों से रामलीला में उपस्थित होने का आग्रह किया

## उमरा पर रवानगी



**जबलपुर, देशबन्धु।** इस्लाम धर्मालंबियो के पवित्र धार्मिक स्थल मक्का मदीना के लिए आज मुज्जू अंसारी , हाजी मुजफ्फर अंसारी,आसिफ अंसारी अपने परिजनों के साथ संपर्क क्रांति से दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली से वायुयान द्वारा मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। रेलवे स्टेशन मे ज़मा खान, जमील अंसारी, आदिल भाई, मंजूर अहमद, गुलशेर अहमद, परवेज अंसारी, महफूज अहमद, छेदी अंसारी, आदि ने फूल माला के साथ जायरीनो का इस्तकबाल किया।

## दुर्गा महोत्सव पर बगलामुखी मंदिर में होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्रहमलीन ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज द्वारा स्थापित बगलामुखी माता के दरबार में 15 से 24 अक्टूबर तक शारदेय नवरात्रि महोत्सव पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि जो भी भक्त भगवती की नवरात्रि काल में 9 दिनों तक माता की पूजन अर्चन करते हैं, सबको सर्व सिद्धि फल की प्राप्ति होती है। माता बगलामुखी की आराधना से शत्रु मुक्त होते हैं एवं धनधान्य की यश ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। आरोग्यता की प्राप्ति होती है, समस्त भक्तों से उपस्तिथि की अपील भारत सिंह यादव, बी के पटेल, मधु यादव, मनोज सेन आदि ने की है।



## मस्ती ग्रुप ने की माता के नौ रूपों की पूजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्रि से पूर्व मस्ती ग्रुप की महिला सदस्यों ने माता रानी के 9 दिन नौ रूपों की पूजा अर्चना की। महिलाओ ने जगत जननी के अलग-अलग रूपों की वेशभूषा धारण कर मां काली, मां दुर्गा, मां सरस्वती के अलावा माता के रूपों में देवी भजनों पर नृत्य कर प्रस्तुति दी।

मां काली के रूप में उषा महाजन, मां दुर्गा के रूप में सुनीता कपूर, मां सरस्वती के रूप में काजल विश्वकर्मा बनी थी। मस्ती ग्रुप की मीना सदाना ने बताया कि नवरात्रि में भक्तजन माता रानी की स्थापना करते है। सभी श्रद्धालु 9 दिनों तक माता की पूजा आराधना करते हैं। पंचमी से माता रानी की जगह जगह महाआरती शुरू हो जाएगी। नवमीं के दिन मस्ती ग्रुप के द्वारा माता रानी का विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सभी महिलाओं को विभूति और मीना सदाना द्वारा उपहार दिए जायेंगे। इस कार्यक्रम में मस्ती ग्रुप सभी महिला सदस्य उपस्थिति रही।



## धर्मसेना 15 अक्टूबर को मनायेगी स्थापना

**जबलपुर, देशबन्धु ।** धर्मसेना के अपना स्थापना दिवस 15 अक्टूबर को ग्वारीघाट में मना रही है। धर्मसेना के पदाधिकारी मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर पुण्य सलिला मां नर्मदा का आशीर्वाद लेगें। इस मौके पर धर्मसेना के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता के माध्यम से पत्रकारों से चर्चा करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने हिंदू भाई बहन से उपस्थित होने का आग्रह किया है। हिंदू टाइगर फोर्स पूर्ण रूप से धर्मसेना का समर्थन करती है, एवम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनके साथ है ।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी- पू.फा.।**

**मेष**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं।

**वृषभ**
आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी।

**मिथुन**
दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं।

**कर्क**
आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है,

**सिंह**
आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा।

**कन्या**
आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है।

क.

**तुला**
आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने-फिरने का मज़ा ले सकेंगे।

**वृश्चिक**
-अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी।

**धनु**
आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी।

**मकर**
आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है।

**कुंभ**
आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन**
दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है।

मा.

## सुंदरकांड पितरों को समर्पित कर की गई महाआरती

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखाड़े वाले श्री हनुमानजी के मंदिर में रघुकुल घराना द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। रघुकुल घराना के सभी सदस्यों ने मिलकर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं वीर हनुमान संकटमोचन की महाआरती की गई। संरक्षिका स्वाति मिश्रा ने बताया कि हमारे पुराणों में विदित है कि पितरो में किया गया, कोई भी धार्मिक कार्य, कोई भी पुण्य कार्य जो पितरों में करते है, उससे पितर बहुत खुश और संतुष्ट होते है। इसलिए रघुकुल घराना द्वारा पितर पक्ष में ये सुंदरकांड और हनुमान चालीसा कर महाआरती की गई। इस अवसर पर रघुकुल घराना की संरक्षिका स्वाति मिश्रा, प्रीति सक्सेना, लवली यादव, अपराजिता, शशि शुक्ला, अनुराधा केशरवानी, शालू, सरिता,



पूजा केसरवानी, रुबी पटेल, सीमा शुक्ला, साक्षी दुबे, अर्चना केसरवानी, रमा विश्वकर्मा एवं गुंजा का विशेष सहयोग रहा।

## आज तुलसी के पौधों का होगा वितरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** तुलसी मैया का आंगन में होना समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। खुन्नेलाल एंड कंपनी बड़ा फुहारा पर आयुर्वेदिक दवाई की दुकान पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा तैयार श्यामा एवं रामा तुलसी मैया का निशुल्क वितरण आज सायं 5 बजे से लोगों को किया जायेगा। 1984 से अभी तक 95 हजार से अधिक तुलसी के पौधों का निशुल्क वितरण कर चुके है। इनके द्वारा हर साल सैकड़ों की संख्या में तुलसी के पौधों का वितरण किया जाता है। ग्वारीघाट में नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, एडवोकेट सचिन अग्रवाल ने लोगों उपस्थिति की अपील की गई है।



## पेंशनर्स 42 प्रतिशत मंहगाई भत्ता की लंबे समय से कर रहे मांग

**जबलपुर, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश के पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड जनता यूनियन के प्रांत अध्यक्ष एवं पेंशनर्स यूनियन के प्रवक्ता मोहन अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए जानकारी देते हुए कहा विद्युत मंडल कर्मचारियों को वर्तमान में 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त नहीं हो रहा है। इसके साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी 42 प्रतिशत की जगह 38 प्रतिशत पेंशनर्स महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, जो किसी भी तरह से न्याय पूर्ण नहीं है। दूसरी तरफ विद्युत के 51 प्रतिशत लोग महंगाई राहत प्राप्त कर रहे हैं। अधिकारियों को 42 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। केंद्र सरकार में 42 प्रतिश्त महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

असमानता का कारण 18.49 की धरणा मनगढ़ंत बनाई गई है। मध्य प्रदेश शासन और छत्तीसगढ़ सरकार अपनी जिम्मेदारियां से भाग रहे हैं, उन्हें 74 से 26 प्रतिशत का भुगतान केंद्र शासन के अनुरूप मिलना चाहिए।

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश मिलकर पेंशनरों और कर्मचारियों का भरपूर शोषण कर रहे हैं। यूनियन के प्रांत अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि जो पार्टियां चुनाव मैदान में है वह पेंशनरों से एक वोट पाने की आशा न करें। कर्मचारी नर्मदा तटों पर अपनी मांगों के समर्थन में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन कर रहे है।

## जीवन से जोड़ता है साहित्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रेष्ठ साहित्य प्रेरणा का स्रोत बनकर पाठकों को जीवन से जोड़ता है। मन में प्रेरणा और स्पंदन के भावों के साथ जीवन की संगति एवं विसंगतियों से जूझने की क्षमता भी देता है।

वरिष्ठ साहित्यकार मदन जोशी अजीज की कृतियां अहसास एवं अतीत के मोती प्रेरणा के साथ संवेदनाओं की कृतियाॅ हैं। इन कृतियों में कविता संस्मरण और लघु कथा के माध्यम से समाज को दिशा प्रदान की गई है। तदाशय के उद्गार कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वाधान में वरिष्ठ कवि-कथाकार मदन जोशी अजीज की कृतियों का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए।



मदन जोशी अजीज की दो कृतियां विमोचित

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुमित्र एवं आचार्य भगवत दुबे की मंगल कामनाओं से प्रारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि श्री विनय सक?सेना, ठाकुर शैलेंद्र सिंह, अजीत सम डढ़िया अध्यक्ष डॉ. तनूजा चौधरी, विशिष्ट अतिथि साधना उपाध्याय एवं प्रतुल श्रीवास्तव थे। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने कृतियों पर समीक्षा प्रस?तुत करते हुए रचनाकार का परिचय दिया। अतिथि स?वागत संतोष नेमा, क्षितिज जोशी, उत?कर्ष जोशी ने किया। इस अवसर पर पाथेयश्री अलंकरण से मदन जोशी एवं श्रीमती उषा किरण जोशी को सम?मानित किया गया ।सरस्वती वंदना अमिता जोशी ने प्रस्तुत की। अतिथियों के साथ मीना भट्ट,सुभाष शलभ,विजय जायसवाल, रमाकांत गौतम, राजेश सराफ,कमलेश तिवारी, अर्चना द्विवेदी,रजनी कोठारी,रजिया आशी,मनीष तिवारी,डॉ.मुकुल तिवारी,ज्योति मेहता,संध्या अग्रवाल, प्रभा बच्चन ने पाथेयश्री सम्मान से अलंकृत किया। आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किया।

## सेंट नाबर्ट स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनाव कब, कैसे होते हैं, वोटर आईडी कार्ड कैसे बनते हैं, कितनी आयु पूरी होने के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया जा सकता है, मतदान के लिये न्यूनतम आयु क्या है, स्वीप क्या है, स्कूलों में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन क्यों किया जाता है, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने एवं संशोधन के लिए कौन से फार्म भरे जाते हैं तथा नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एवं मतदाता हेल्पलाइन नंबर क्या हैं ? ऐसे दर्जनों प्रश्न आज बुधवार को सेंट नार्बट हायर सेकेण्डरी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं से पूछे गये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने शाला की छात्राओं को मतदाता की आयु, मतदाता सूची, मतदाता परिचय पत्र बनाने की प्रक्रिया, मतदान मशीनों एवं मतदान की प्रक्रिया पर रोचक लहजे में विस्तार से जानकारी दी । प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पूछे गए प्रश्नों का सही जबाब देने वाली छात्राओं श्रुति चौबे,सना रेयीन, प्राची वर्मा, हर्षिता सेन, आलिया, नैंसी, अनामिका, रितिका, श्वेता आदि 25 छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर सभी विजेताओं के चेहरों पर मुस्कान आ गई।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**पूरन चंद पांडे**- शक्तिनगर बदनपुर निवासी पूरन चंद पांडे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

लक्ष्मण प्रसाद जाटव- सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम निवासी लक्ष्मण प्रसाद जाटव (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

गायत्री चौरसिया- कटरा तिराहा अधारताल निवासी सुरेश चौरसिया की धर्मपत्नी गायत्री चौरसिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

गुलसम बाई चौधरी- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी मगन लाल चौधरी की धर्मपत्नी गुलसम बाई चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

सुखराम बुनकर- सिविल अस्पताल के पास लखनादौन निवासी सुखराम बुनकर (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्याम लाल वर्षे- बेलबाग टोरिया निवासी श्याम लाल वर्षे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

ललिता मेश्राम- गुप्तेश्वर भोले कुटी के पास निवासी एसके मेश्राम की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता मेश्राम (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

नम्रता सिंह क्षत्री- नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी कमलेश सिंह क्षत्री की धर्मपत्नी नम्रता सिंह क्षत्री (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

मीना वर्मा- विकास नगर अहिंसा चौक के पास विजयनगर निवासी सीपी वर्मा की धर्मपत्नी मीना वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

निर्मल चंद्र पाल- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी निर्मल चंद्र पाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

त्रिवेणी श्रीवास्तव- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी बाबू लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी त्रिवेणी श्रीवास्तव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

शीला अहिरवार- बादशाह हलवाई मंदिर के पास ग्वारीघाट रोड निवासी किशन अहिरवार की धर्मपत्नी शीला अहिरवार (75) का निधन हो गया।

अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

# कार रिवर्स करते समय हादसा, चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहा पर उस वक्त राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई। जब रिवर्स हो रही फार्चूनर कार के चालक ने रिवर्स करते वक्त वृद्ध महिला को टक्कर मारकर कुचल दिया।

हादसे में वृद्धा के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस द्वारा वृद्धा की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस के अनुसार रामपुर छापर निवासी राजू यादव का बेटा आदित्य फार्चूनर क्रमांक एमपी 20 सीजी 5768 में चालक संजय कुमार झारिया के साथ मजदूर लेने के लिए घर से निकला. रामपुर चौराहा पर ड्राइवर संजय ने कार को रिवर्स करते वक्त वृद्धा को टक्कर मारकर कुचल दिया। वृद्धा को कार के नीचे आते देख आसपास से गुजर रहे लोगों में चीख पुकार मच गई, इस बीच चालक संजय कार से कूदकर भाग निकला। आदित्य ने स्थानीय लोगों की मदद से खून से लथपथ वृद्धा को किसी तरह बाहर निकाला और नेपियर टाउन स्थित निजी अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि महिला विक्षिप्त थी। जो आसपास घूम-घूम कर भिक्षा मांगती रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।




## पिकअप वाहन की टक्कर से घायल दोनों युवकों की इलाज के दौरान मौत

बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी अंतर्गत मंगलवार की शाम सालीवाड़ा गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटर सायकिल सवार दो युवकों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी बुधवार को इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पिकअप वाहन की टक्कर लगने से दो पहिया वाहन सवार कार्तिक और अजय नामक युवक सड़क पर गिर पड़े। घटना सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप घायल अजय और कार्तिक नामक दोनों युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि दो पहिया वाहन सवार दोनों युवकों को टक्कर मारने के बाद पिकअप वाहन चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया था। दोनों युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पिकअप वाहन चालक की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।



## ग्वालियर से आयी बास्केटबाल खिलाड़ी बेहोश हो कर गिरी, रात से नहीं खाया था खाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शहर में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान बुधवार को शासकीय मॉडल हाई स्कूल में बालिका वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता खेली जा रही थी। ग्वालियर से आये हुये टीम ऑफिशियल निरंजन सिंह गौरैया ने जिला खेल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त घटना से अवगत कराया एवं मेडिकल एम्बेलेंस की व्यवस्था कराने के लिए कहा लेकिन मेडिकल सुविधा का इंतजाम नहीं किया गया। यह देख मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेता योगेन्द्र दुबे ने खिलाड़ी को अपने वाहने में बैठकार विक्टोरिया अस्पताल में पहुंचाया है। जहां उसका इलाज किया गया। बताया जाता है कि मैस की अव्यवस्थाओं के चलते बच्ची ने कल रात से खाना नहीं खाया था जिसके चलते उसे गर्मी की वजह से चक्कर आ गया था।

# शराब तस्करी करते 9 आरोपी गिरफ्तार, 24 घंटे में 5 थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में लगातार शराब तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जो चिंता का विषय बन गया है। शराब तस्कर बेखौफ होकर अपना ये गोरखधंधा चला रहे हैं। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है लेकिन इन तस्करों पर लगाम नहीं लगा पायी है। इसी कड़ी में पुलिस ने 24 घंटे में पांच थाना जिसमें पाटन, खमरिया, बेलबाग, गौरीघाट और मझगवां थाना क्षेत्र में तस्करी करते नौ तस्करों को पकड़ा है। जिनसे बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि बीती शाम ग्राम कटरा बेलखेड़ा के पेट्रोल पम्प के आगे सड़क किनारे स्थित टपरे के पीछे मैदान में 2 युवक खाकी रंग के कार्टून रखे दिखे। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। एक युवक मौके से भागने में सफल हो गया, दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सनिल सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी अमखेरा पाटन तथा भागने वाले का नाम जितेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी अमखेरा बताया। जिसके पास 16 पेटी में 800 पाव देशी शरब होना पायी गयी। आरोपी ने बताया कि भूपेन्द्र लोधी के कहने पर शराब कब्जे में रखकर बेचने के लिये खड़े होना बताते हुये शराब बेचने पर मजदूरी देना बताया। पुलिस ने आरोपी से शराब जप्त करते हुये फरार आरोपी जितेन्द्र सिंह तथा भूपेन्द्र लोधी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**कच्ची शराब बेचते युवक पकड़े गये**-खमरिया थाना प्रभारी सतीष कुमार अंधवान ने बताया कि बुधवार को वेस्टलैण्ड सर्वेन्ट क्वार्टर में रहने वाले 2 युवकों ने कच्ची महुआ शराब बना कर बेचने के लिये रखे हैं। सूचना पर पुलिस ने वेस्टलैण्ड सर्वेन्ट क्वार्टर खमरिया में दबिश दी। जहां 2 युवक मिले, जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम आकाश सुरकेल उम्र 26 वर्ष निवासी सर्वेन्ट क्वार्टर खमरिया तथा राजेश चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी नई बस्ती बगिया टोला थाना रांझी बताये। जिनकी तलाशी लेने पर आकाश सुरतेल घर में एक गैस भट्टी, एक गैस सिलेन्डर एवं एक सफेद रंग की कुप्पी मे 16 लीटर कच्ची शराब एवं आकाश के बहनोई राजेश चौधरी से एक बटुआ एक थाली उसमें लगा पाईप तथा 40 लीटर काले रंग की केन में कच्ची शराब रखे मिला। आरोपियों से गैस भट्टी, गैस सिलेन्डर एवं कुप्पी में 16 लीटर कच्ची शराब एवं बटुआ, थाली व उसमें लगा पाईप तथा 40 लीटर कच्ची शराब जप्त करते हुऐ वैस्टलैण्ड के पीछे जंगल में दबिश देते हुये टंकी एवं ड्रमो में भरा लगभग 1500 लीटर लाहन नष्ट करते हुये दोनों आरोपियो के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

इसी प्रकार पुलिस ने उमरिया केनाल के पास दबिश दी। जहां एक युवक बिना नंबर की होंडा मोटर साइकिल में दोनों तरफ प्लास्टिक के सफेद और नीले रंग के दो कैन लटकाए हुए था। जो कुंडम से जबलपुर की ओर जा रहा था। पुलिस ने जिसे पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम पूरन लाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सकरी छतरपुर थाना पनागर बताया। जिसकी मोटर साइकिल में बंधी दोनों केनो को चेक करने पर 55 लीटर कच्ची शराब कीमती लगभग 5 हजार 500 रुपए की भरी मिली।

**संजीवनी नगर में तस्कर धराये**-संजीवनी नगर थाना प्रभारी रमेश कुमार नर्रे ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति 2 नीले केन में कच्ची शराब लिए बेचने के लिए बहदन रेल्वे पुल के नीचे रोड के किनारे खड़ा है। जिस पर तत्काल पुलिस ने पुल के नीचे दबिश दी। जहां एक संदिग्ध युवक मिला। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम आनंद उर्फ छोटू पटेल उम्र 30 बर्ष निवासी शांतिनगर परसवाड़ा धनवंतरीनगर बताया। जो 2 नीले रंग की केनों में 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला।

**बोरी में भरकर शराब के पाव लिये युवक पकड़ा गया**

बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि घोड़ा अस्पताल के सामने नाले के किनारे तुलसी नगर निवासी जयंत राय नाम का लड़का दो बोरियों में शराब लिए हुए ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। जिसे पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश देकर दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम जयंत राय उम्र 32 वर्ष निवासी तुलसी मोहल्ला बेलबाग बताया। जो दो बोरी में 350 पाव देशी शराब रखे मिला।

**टपरे से शराब बरामद**-हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को थाना हनुमानताल के एक गंभीर मामले में फरार आरोपी इस्माइल मुड़ी खलिउद्दीन का बाड़ा छोटी मस्जिद चांदनी चौक में अपने घर के टपरे के बाजू में शराब बेचने के लिये रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां इस्माईल मुड़ी पिता मुईउद्दीन उम्र 41 वर्ष निवासी चांदनी चौक हनुमानताल का अपने घर के टपरे के बाजू में 7 खाकी रंग के कार्टून रखे मिला, कार्टूनों को चैक करने पर 350 पाव देशी शराब होना पायी गयी।

**भटौली पुल में पुलिस ने कच्ची शराब पकड़ी**-ग्वारीघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार शाम पुलिस सूचना मिली कि भटौली पुल के पास एक युवक कच्ची शराब उतारकर वहीं भटौली पुल के पास ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने भटौली पुलिस के पास दबिश दी। जहां एक युवक प्लास्टिक के 4 डिब्बे रखे मिला जिसने पूछताछ में अपना नाम पपला बर्मन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम खिरका मोहल्ला ग्वारीधाट बताया। जिसके कब्जे में रखे चारों डिब्बों को चैक करने पर 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली।

**कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा गया**-मझगवां थाना प्रभारी कोमल दियावर ने बताया कि देर रात ग्राम सरौली में तालाब के पास काल भैरव चौक के पहले नरेश यादव कच्ची शराब 4 गुम्मों में रखे बेचने की फिराक में खड़ा था। जिसके पास रखे कुप्पियों में 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## गांजा बेचते युवक-युवती पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी में लगातार इजाफा हो रहा है। पुलिस की सिलेसिलेवार कार्रवाई के बाद भी आरोपी लगातार तस्करी कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मादक पदार्थों की तस्करी में महिलाओं की संलिप्तता चिंता का विषय बन गया है। इसी कड़ी में गढ़ा व विजय नगर क्षेत्र में एक महिला और पुरूष को गांजा तस्करी करते पकड़ा है। जिनसे

**5 किलो 870 ग्राम गांजा एवं मोटर सायकिल जप्त**



5 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

इसी तारतम्य गढा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि एक लड़की शारदा मन्दिर पानी की टंकी के पास काले रंग के बैग में गांजा रखे हुये बेचने के लिये खड़ी है। जिस पर पुलिस ने शारदा मंदिर के पास दबिश दी। जहां एक युवती खड़ी दिखी, जिसे महिला पुलिस ने दबोच लिया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम कु. आयुषी उर्फ पूनम सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी गंगा नगर चन्दन कॉलोनी शंकर मंदिर के पास थाना संजीवनीनगर बताया । जिसकी तलाशी ली गई तो वह बैग में नारंगी रंग के कपड़े के थैले में गांजा रखे मिली। जो तौल करने पर 3 किलो होना पाया गया।

**गांजा ले जाते युवक गिरफ्तार**

इसी प्रकार विजय नगर थाना प्रभारी शोभना मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि एक युवक डीलक्स गाड़ी लिये पीठ पर काले रंग का बैग टांगे हुये है। पुराने डीपीएस स्कूल गेट के पास बैग में गांजा बेचने के लिये खड़ा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर डीपीएस स्कूल के पास दबिश दी। जहां एक युवक मोटर सायकिल के साथ पीठ में पिट्ठू बैग टांगे मिला। जिसने अपना नाम संजय गर्ग उम्र 49 वर्ष निवासी शीतलामाई मंदिर के पास घमापुर, वर्तमान पता चंदन कॉलोनी थाना संजीवनी नगर बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पिट्ठू बैग के अंदर पहने ओड़ने के कपड़े एवं मटमैले रंग के टेप से लिपटे बंडल मिले। तीनों बंडलो को चैक करने पर गांजा रखा मिला। जो तौल करने पर 2 किलो 870 ग्राम होना पाया गया। दोनों मामलों में पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## फील्ड ऑफिसर बैंक की रकम लेकर भागा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना में रीतेश कुमार तिवारी ब्रांच मैनेजर भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड ने लिखित शिकायत की, कि उसकी कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक निगमित कंपनी है जिसका हेड ऑफिस हैदराबाद तेलांगना, एवं मुम्बई तथा रीजनल ऑफिस एसबीआई चौक के पास विजय नगर में है। भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, इंडसइंड बैंक लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। हमारी कंपनी के संगम मैनेजर फील्ड ऑफीसर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समूह लोन देने व उनकी किश्तों के कलेक्शन का कार्य करते हैं। ब्रांच में संगम मैनेजर फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत नीकेश नामदेव निवासी ग्राम भीटा शहपुरा एवं राजू काछी निवासी ग्राम सनोधा, सनोधा जिला सागर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिलाओं से उनके लोन की किश्तों को बैंक की कटंगी ब्रांच में जमा करने का विश्वास देकर महिलाओं से लोन की किश्तों एवं प्री-पेमेन्ट, अन्य सीएसपी ऐप के माध्यम से सदस्य के खाते से निकाली राशि के रूप में एकत्रित रूपए जो कि नियमानुसार कटंगी ब्रांच में जमा कराई जाना थी, को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सम्परिवर्तित कर लिया और फरार हो गया।

जब उसे नीकेश नामदेव एवं राजू काछी द्वारा किये गये इस कार्य के बारे में पता चला तो उसने नीकेश नामदेव एवं राजू काछी से संपर्क करके रूपए लौटाने के लिए कहा तो दोनों ने रूपए लौटाने से मना करते हुये कहा कि पैसे नहीं लौटायेगा। शिकायत पर नीकेश नामदेव एवं राजू काछी द्वारा कंपनी व महिला सदस्यों के साथ छल कर व रुपयों का गबन करना पाये जाने पर नीकेश नामदेव निवासी ग्राम भीटा शहपुरा एवं राजू काछी निवासी ग्राम सनोधा जिला सागर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## प्रताडित करने वाले आरोपी पति, सास एवं ससुर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी में बुधवार शाम अलमास हुशना उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मनकेड़ी थाना बरगी वर्तमान पता सोनपुर रोड, महादेव कॉलोनी थाना कोतवाली जिला छिन्दवाड़ा ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी शेख इरशान निवासी मनकेड़ी से मुस्लिम रितिरिवाज से दोनों परिवार कि सहमति से हुई थी। शादी में उसके भाई ने अपनी हैसियत के अनुसार दान में सोने चांदी के जेवर गृहस्ती का सामान कपड़े एवं एक्सिस वाहन दिया था। शादी के बाद से ही पति, सास ससुर कम दहेज़ देने की बात को लेकर ताने मारते एवं मारपीट करते थे, पति एवं सास ससुर द्वारा दहेज में कार और 20 लाख रुपये की मांग की जाने लगी थी। उसने कहा कि मम्मी पापा नहीं है उसके भाई इतना दहेज नहीं दे पायेगा।

इसी बात को लेकर 5 मार्च 2023 को उसके साथ पति, सास, ससुर मारपीट किये और उससे कहा कि इस घर में रहना है तो इतना दहेज लाना पडेगा नहीं तो इस घर से चली जाओ तथा बाद में दहेज ना देने पर इसी वर्ष होली के दिन घर से भगा दिया। पति, सास, सुसर द्वारा शरीरिक एवं मानसीक रूप से प्रताड़ित किया गया है। 7 जून 23 को अपने सुराल गई थी तब भी उन्होंने घर में आने से मना कर दिया है। पीड़ित महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति शेख इरशान, सास नजमा मंसूरी ,ससुर शेख मुस्तफा के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# आरक्षण नियम लागू किए बिना शिक्षकों की भर्ती पर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आरक्षण के नियम लागू किये गये बगैर संविदा शिक्षकों की भर्ती को चुनौती देने वाले मामले में अनावेदकों से जवाब तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन व माध्यमिक शिक्षा मंडल सहित अन्य को नोटिस जारी किये है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

यह मामला रीवा निवासी विनीता उपवंशी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें आरोप है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला भोपाल, रीवा व जावरा व रतलाम में संविदा शिक्षकों की मनमानी भर्ती की गई है। आरोप है कि उक्त प्रकिया में आरक्षण के विहित प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। आरक्षण नियमों का उल्लंघन करते हुए विज्ञापन जारी किया गया है। पूर्व में दायर याचिकाओं में आरक्षण के बढ़े हुए प्रतिशत को चुनौती दी गई थी। जबकि इस याचिका में आरक्षण को लागू ही न किए जाने का मुद्दा उठाया गया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक शाह ने पक्ष रखा।




## हत्या करने वाले तीन को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** अतिरिक्त सत्र न्यायधीश नीलू संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने गोली मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने मामले में गुलशन बाणी, राहुल राजपूत व सुभाष मराठा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने तीनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत के समक्ष शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेश तिवारी ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि परिजात बिल्डिंग पारस कालोनी निवासी 45 वर्षीय सतेन्द्र उर्फ सत्तू ठाकुर 20 फरवरी 2015 की दोपहर करीब पौने एक बजे के लगभग अपनी मारूति कार की रिपेरिंग देखने कछियाना स्थित गैरिज गये थे। उसी समय आरोपी रांझी निवासी गुलशन वाणी, अपने साथी राहुल राजपूत, सुभाष मराठा व अन्य दो के साथ पहुंचा और गोलियां चला दी। जिससे सत्येन्द्र ठाकुर के कमर के ऊपर गोली लग गई, इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। घायल सत्येन्द्र को तत्काल ही उपचार के लिये गोलबाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने बताया कि हमलावर वहीं है, जिन्होंने एक माह पूर्व ननि गेट के पास उस पर हमला किया था। पुलिस ने जांच उपरांत पांच आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर उन्हें अभिरक्षा में लिया था। मामले की सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी गुलशन वाणी, राहुल राजपूत व सुभाष मराठा को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। वहीं दो आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

## नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को ट्रेन से उतारकर बहला फुसलाकर ले जाकर शादी कर उसके साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी उमेश बेन को अदालत ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायधीश की अदालत ने उमेश बेन को उक्त कृत्य के लिये दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता की मॉ ने जबलपुर जीआपी में लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 24 दिसंबर 2018 को वे अपनी बेटी के साथ इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी से जबलपुर की यात्रा कर रही थी। जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक पर गाड़ी रुकने पर उनकी बेटी बाथरूम के लिये गई और उसके बाद वापस नहीं आई। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूढ़ निकाला। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी उमेश बेन उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इसके बाद उससे शादी कर उसकी मर्जी के खिलाफ उससे शरीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने मामले में अपहरण, दुराचार व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

## मप्र वूशु संघ के 90 दिन में कराओं चुनाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने मप्र वूशु संघ के चुनाव 90 दिन में कराने के निर्देश दिये है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने उक्त निर्देश रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज को दिये है। जिसमें कहा गया है कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज की अनुशंसा के तहत एक माह में प्रशासक की नियुक्ति की जाये और उसके बाद 60 दिनों में चुनाव प्रकिया पूरी कराये।

हाईकोर्ट में वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने यह याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मप्र वूशु संघ की पूर्व सचिव ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अपने रिश्तेदारों भाई, बहन व बहनोई को मध्यप्रदेश वूशु संघ का पदाधिकारी दर्शाया था। इस मामले में एफआईआर भी कराई गई थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि इसके बावजूद वूशु एसोसिएशन ऑफइंडिया द्वारा पूर्व सचिव को मान्यता देते हुए खेल की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जो की अवैध है। इससे दूसरे पक्ष के अनेक प्रतिभावान खिलाड़ियों को नेशनल स्पर्धा खेलने का अवसर नही मिल रहा है। विवाद की जांच के उपरांत असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने भी मध्यप्रदेश वूशु संघ के चुनाव संबधी प्रस्तुत दस्तावेजों को अवैधानिक पाते हुए विगत 13 जुलाई को मध्यप्रदेश वूशु संघ में प्रशासक नियुक्त करने हेतु रजिस्ट्रार को प्रस्ताव पेश किया था। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा।

## अवैध हथियार बेचने वाले को एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रृद्धा पांडे की अदालत ने अवैध हथियार बेचने के आरोपी प्रदीप पटेल को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर पांच सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 8 दिसंबर 2009 को ओमती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिविक सेंटर गॉर्डन के पास से प्रदीप पटेल, अन्नू पटेल, संतोश शर्मा नाम के तीन व्यक्तियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करते हुए पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी प्रदीप पटेल के पास मिले बैग से दो पिस्टल जिसमें मैंगजीन लगी हुई थी, बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी प्रदीप पटेल को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं नमिता मिश्रा ने पक्ष रखा।



## दुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं का चंदे के लिए व्यापारी से विवाद

### काट दी 501 की रसीद

**जबलपुर, देशबन्धु।** दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों और व्यापारी के बीच विवाद हो गया। मामला चंदा वसूली से जुड़ा हुआ है। दरअसल दुर्गोत्सव समिति के सदस्य बड़ा फुहारा स्थित राजाबाबू गारमेंट्स में पहुंचे थे जहां उन्होंने बिना व्यापारी की अनुमति के 501 रूपए की रसीद काट दी। जिसको लेकर विवाद हुआ। व्यापारी का जहां कहना था कि वह 101 रूपए देगा जबकि समिति के सदस्य इस बात पर अड़ गए थे कि वह 501 रूपए ही लेकर जाएंगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि व्यापारी और समिति के सदस्यों के बीच तू-तू, मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। इसके बाद तोडफ़ोड़ भी कर दी गई। मामला थाने तक पहुंचा जहां दोनों के बीच समझौता हो गया।

# बाइक को मिनी ट्रक ने मारी टक्कर, 2 घायल

## धमनी मुख्यमार्ग पर हादसा, जबलपुर रेफर




**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम धमनी के समीप मिनी स्वराज माजदा ट्रक के चालक ने मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया है।

परिजन लक्ष्मण सिंह ग्राम कटरा बेलखेड़ा ने बताया कि मेरे साले साहब डीलक्स मोटर साइकिल से शाम लगभग 6 बजे कटरा बेलखेड़ा से अपने घर बंशीपुर जिला दमोह जा रहे थे, तभी धमनी मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार स्वराज माजदा मिनी ट्रक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल सवारों को रौंद दिया।

हादसे में डेलन सिंह पिता गुलजार सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी बंशीपुर थाना जबेरा जिला दमोह एवं साथी अनिल नामदेव पिता देवचंद नामदेव उम्र 24 वर्ष निवासी बंशीपुर थाना जबेरा जिला दमोह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें डेलन सिंह की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

परिजनों का आरोप पाटन सिविल अस्पताल में नहीं मिलते डॉक्टर परिजनों ने बताया कि घायलों को लेकर पाटन सिविल अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन ड्यूटी पर जिम्मेदार डॉक्टर अस्पताल से नदारद दिखे, वहीं घायलों का इलाज भगवान भरोसे कंपाउंडर और चपरासी कर रहे हैं। मरीज को तत्काल रेफर करने की पुरानी परम्परा सिविल अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद भी बदस्तूर जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि किसी अज्ञात स्वराज माजदा मिनी ट्रक के चालक ने बाईक सवारों को टक्कर मार दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल परिजनों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल पाटन पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने घायलों को जबलपुर रेफर कर दिया है।

# आदर्श आचार संहिता लगते ही थाना प्रभारी ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन जनपद क्षेत्र के ग्राम कटरा में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार विगत दो वर्षो से चल रहा है, जिसके चलते संभ्रांत घरों के लोग बेहद परेशान थे। गांव मे बिक रही अवैध शराब की कई बार ग्रामीणों ने थाने एवं पाटन पुलिस एसडीओपी को लिखित शिकायत कर चुके थे। जिसके चलते पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी के द्वारा क्षेत्र में सघन गश्त बढाई गई थी।

मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम कटरा में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के आगे खेत में बने मकान में पिछले कई दिनों से अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्थाई टपरा और मकान की घेराबंदी करके 16 पेटी देशी मसाला 144 लीटर शराब सहित 1 आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा, वहीं दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सनिल सिंह पिता अजमेर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी




## मुख्य सरगना भूपेंद्र सिंह साथी सहित हुआ फरार

आमखेड़ा पोस्ट कटरा बेलखेड़ा तहसील पाटन बताया, वही मुख्य सरगना का नाम भूपेंद्र सिंह पिता अमर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी कटरा बेलखेड़ा बताया, उसके सहयोगी का नाम जितेंद्र सिंह पिता अजमेर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी आमखेड़ा पोस्ट कटरा बेलखेड़ा बताया। तीनों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पकड़े गए आरोपी की निशान देही पर मुख्य सरगना एवं उसके साथी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### सार-समाचार

## मानवता की मिसाल थे संजय गुजराल : एसबी सिंह

**गोसलपुर, देशबन्धु।** स्वस्थ कर्मचारी नेता संजय गुजराल के निवास पर श्रद्धांजलि सभा में मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एसबी सिंह, मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेंद्र दुबे, मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय शामिल थे। प्रांताध्यक्ष श्री सिंह ने कहा दिवंगत जिलाध्यक्ष संजय गुजराल को हमेशा याद रखा जाएगा। वह मानवता की मिसाल थे। विगत दिनों बच्चे को तिलवारा दद्दा घाट में डूबने से बचाते समय पानी में डूबने से ही उनका निधन हो गया था। बच्चा बच गया, बचाने वाले का निधन हो गया। अजय कुरील संभागीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संघ, महेश रघुवंशी, विजय रैकवार,वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे,पंडित योगेंद्र दुबे, वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे, घनश्याम पटेल, साहिल सिद्दीक़ी, प्रशांत श्रीवास्तव, अमित विश्वकर्मा, गोपाल नेमा, रमेश उपाध्याय, राजू मस्के, विवेक पटेल, अरुण चतुर्वेदी, संतराम तंतुवाय, विजय तिवारी, विनोद सिंह, कमल मुदगल, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मेडिकल कालेज, इंद्र प्रताप यादव, संध्या पाठक ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देकर दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## 15 अक्टूबर के बाद फार्म भरने पर परीक्षा शुल्क से ज्यादा देना होगी लेट फीस

**गाडरवारा, देशबन्धु।** 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में आवेदन करने की अंतिम तारीख निकल चुकी है। अब विद्यार्थियों को लेट फीस के साथ फार्म जमा करना पड़ रहे हैं। 15 अक्टूबर के बाद विद्यार्थियों से दो हजार से लेकर 10 हजार रुपये वसूले जाएंगे। इसके लिए स्कूलों ने विद्यार्थियों की तरफ से माध्यमिक शिक्षा मंडल को विलम्ब शुल्क में राहत देने पर जोर दिया है, मग अधिकारियों ने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हालांकि, लेट फीस से विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ने लगा है।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शेड्यूल जारी कर दिया है। फरवरी-मार्च में होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन भरवाए जा रहे है। 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच 80 फीसद विद्यार्थियों ने फार्म भर दिए हैं। 1200 रुपये परीक्षा फीस रखी है। मगर इन दिनों शेष विद्यार्थियों से आवेदन के साथ 100 रुपये विलम्ब शुल्क वसूला जा रहा है। यह राशि 15 अक्टूबर तक आवेदन करने वालों को देना होगी। 16 से 31 अक्टूबर के बीच दो हजार और 1 से 15 नवंबर तक पांच हजार तथा 16 नवंबर के बाद आवेदन के साथ ही दस हजार रुपये शुल्क लिया जाएगा। एमपी आनलाइन के माध्यम से फार्म भरवाए जा रहे हैं, मगर कुछ विद्यार्थियों का नामांकन नहीं होने से आवेदन करने में दिक्कतें आ रही है। इस वजह से निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के कई विद्यार्थी फार्म अभी तक नहीं भर पाए हैं। वहीं प्राइवेट परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं को आनलाइन आवेदन नहीं हुए है। कई विद्यार्थियों के माता-पिता ने लेट फीस कम करवाने की गुहार लगाई है। स्कूलों ने भी विद्यार्थियों को राहत देते हुए शुल्क में कम करने की मांग उठाई है। वैसे अभी तक विभाग ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

## नदी में डूबने से त्रिपाल ऊइके की मौत

### दोस्तों के साथ नहाने गया था त्रिपाल



**कंटगी, देशबन्धु।** कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के कछार आदिवासी गांव का रहने वाला त्रिपाल पिता तोमन ऊइके उम्र 16 वर्ष अपने तीन दोस्तों के साथ खिड़की घाट के जंगल खोलडोडा नंदी में सुबह नहाने गया था जहां नहाते समय अचानक त्रिपाल ऊइके गहरे पानी में फंस गया जिसकी सूचना सबसे पहले गांव के सरपंच उमेश पटले को दी गई। उमेश पटले द्वारा सूचना कटंगी थाने में दी गई जिसके बाद कटंगी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शाम 4 बजे मृतक की लाश को पानी से निकाला गया। वही पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मृतक की लाश को कटंगी सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है। वही कटंगी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक व उन्माद फैलाने वाले संदेश प्रतिबंधित

**सिवनी, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 9 अक्टूबर को म.प्र. विधानसभा निर्वाचन-2023 के चुनाव की घोषणा की जा चुकी हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा उपरांत तथा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रावधान के तहत असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर इत्यादि के माध्यम का दुरूपयोग कर सांप्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुँचाने से दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने से रोक लगाने के उद्देश्य से जिला सिवनी अंतर्गत व्यक्तियों एवं सामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया का

**आदेश का उल्लंघन करने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही**

प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर इत्यादि पर सांप्रदायिकता तथा जातिगत विद्वेष दुर्भावनापूर्ण संदेशों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, हाईक, ट्यूटर, एसएमएस, इंस्टाग्राम इत्यादि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, ऑडियो-वीडियो इत्यादि सम्मिलित हैं, जिसमें धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं।

## टीएलएम के माध्यम से बच्चे आसानी से सीखते हैं : बीआरसीसी

**सिहोरा, देशबन्धु।** बुधवार को जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा से बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला लखराम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, उनके द्वारा दीवारों में बने टीएम एवं शिक्षकों द्वारा बनाए गए टी एल एम की सराहना की गई। बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव ने कक्षा 1, 2 वा 3 के बालक बालिकाओं क्रमशः सारिका कोल, युवराज कोल, अर्पिता मलिक, प्रिया कोल, शिवांश बर्मन, अंश कोल से रंगों के नाम, वर्ष के अंग्रेजी महीनो के नाम, कुछ लेना कुछ देना, गणित के प्रश्न पूछे बच्चों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। बीआरसीसी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि टी. एल. एम. शिक्षक एवं विद्यार्थियों के लिए लाभदायक है। यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल बनाने में प्रभावी है। इसकी सहायता से शिक्षकों को अवधारणा स्पष्ट करने में सुविधा होती है, वही प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, योगेंद्र मिश्रा ,तहमीना अंसारी द्वारा अकादमिक प्लान के अनुसार टी एल एम बनाया गया है वा वर्कबुक पर अभ्यास कराया जा रहा है। प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी ने कहा विद्यार्थी भी इन टी एल एम सामग्रियों से सीखने में रुचि लेते हैं। अधिकारी द्वारा छात्र उपस्थित बढ़ाने के लिए पलकों से सतत संपर्क करने की बात भी कही।

## पारिवारिक तनाव के चलते युवक ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या, पत्नी के चले जाने से था परेशान

**वारासिवनी, देशबन्धु।** कुएं में कूदकर 28 वर्षीय युवक ने आत्महत्या करने की घटना सामने आई है । बताया जा रहा है कि वार्ड नं 1 निवासी राहुल गजभिये पारिवारिक तनाव के कारण काफी परेशान था जिसके चलते उसके द्वारा यह कदम उठाया गया है। जानकारी मिलते पुलिस मौके पर पहुचकर आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया । प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक राहुल पिता डुलीचंद गजभिये उम्र 28 वर्ष वार्ड नं 1 बीड़ी कालोनी में अपनी माँ व बेटी के साथ रहता था जिसकी पत्नी अपनी 1 बेटी को लेकर कही चले गई है। राहुल गजभिये मेहनत मजदूरी कर अपना व परिवार का पालन पोषण करता था जिसकी पत्नी उसे छोड़ जाने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान था । जो आज घर से सुबह आता हूं बोलकर निकला और कुएं में कूद कर आत्महत्या कर लिया। यह घटना सुबह 8 बजे की बताई जा रही है जब पार्वे कॉलोनी में दो अज्ञात व्यक्ति अपने किसी कार्य से जा रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक युवक दौड़ता हुआ आया जिसमें कुएं के पास अपनी चप्पल उतार कर कुए के अंदर छलांग लगा दिया । तभी वह दोनों युवक दौड़े और उसे बचाने के लिए अपना गमछा दिए परंतु कुएं में पानी ज्यादा होने से वह गहराई में डूब गया। इसी समय राहुल के कूदने पर कुएं में जोरदार आवाज हुई जिससे आसपास के निवासी लोग भी बाहर निकाल कर देखने आए तो उक्त अज्ञात व्यक्तियों ने बताया कि कुएं में एक व्यक्ति कूद गया जिसकी जानकारी तत्काल वार्ड वासियों के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में को दी गई। मौके पर थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने कुएं के आसपास एवं अंदर जांच की परंतु कोई व्यक्ति नजर नहीं आया। इसके बाद लोहे का गल बुलाकर कुएं में जांच की गई तो एक व्यक्ति का शव ऊपर आया जिसे कुए से बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त राहुल गजभिये वार्ड नं 1 सिध्दार्थ नगर निवासी के रूप में हुई। मामले में आवश्यक पंचनामा कार्यवाही शव का पोस्ट मार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया वहीं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। सहायक उप निरीक्षक धनेश वल्के ने बताया कि पुलिस थाना वारासिवनी में सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने वार्ड नंबर 1 आरा मशीन के पास कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली है। जिस पर मौके पर जांच की गई परंतु कुए के अंदर कुछ नहीं मिला बाहर चप्पल उतरी हुई थी जिस पर गल बुलाकर कुएं के अंदर जांच की गई तो एक व्यक्ति का शव बाहर आया जिसका नाम राहुल पिता डुलीचंद गजभिये वार्ड नंबर 1 सिद्धार्थ नगर निवासी है।

# खड़े वाहन में घुसा टमाटर से लदा मिनी ट्रक, चालक-खलासी की मौके पर ही मौत

**देर रात नेशनल हाईवे-30 में हुआ भीषण सड़क हादसा**

**रीवा देशबन्धु।** जिले से प्रयागराज गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 में देरा रात हुये भीषण सड़क हादसे मिनी ट्रक के चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी से टमाटर लोड कर मिनी ट्रक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जा रहा था। इसी बीच मनगवां के आगे हाईवे के किनारे एक बिगड़ा ट्रक खड़ा था। रात में तेज रफ्तार मिनी ट्रक ओवरटेक करते समय पीछे से जाकर घुस गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। वहीं मिनी ट्रक के चालक व खलासी काफी समय तक फंसे रहे। देर रात हादसे की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने



पुलिस को दी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने मिनी ट्रक में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला। पर तब तक दोनों की सांसे थम चुकी थी। ये घटना गढ़ थाना अंतर्गत अगडाल के पास मंगलवार-बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात्रि 3 बजे की है। गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जानकी प्रसाद ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त चालक दिलीप मौर्य पुत्र राजेश मौर्य 36 वर्ष और खलासी पंकज पटेल पुत्र संत लाल पटेल 30 वर्ष दोनों निवासी गोहरी थाना फाफामऊ तहसील सोरांव जिला प्रयागराज (उप्र) के रूप में हो गई। हादसे के बाद गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दोनों का पीएम कराया है। इसके बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई है।

# कार से कफ सिरप की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार



**सतना, देशबन्धु।** अवैध रूप से नशीली कफ सीरप की तस्करी करने वाले कार सवार तीन तस्करों को रामपुर बाघेलान थाना की बेला चौकी पुलिस ने पकड़ा है। इनके कब्जे ये 1440 शीशी ऑनरेक्स कफ सीरप के साथ परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियो कार यूपी 80 बीके 0570 जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार, एसपी सतना आशुतोष गुप्ता के निर्देश व एडिशनल एसपी ग्रामीण विक्रम सिंह एवं डीएसपी मुख्यालय विजय प्रताप सिंह परिहार के निर्देशन में थाना प्रभारी रामपुर बाघेलान उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बेला उप निरीक्षक ओशो गुप्ता की टीम ने यह कार्रवाही की है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम बहेलिया भाट में दबिश देकर 12 पेटी में 1440 शीशी ऑनरेक्स कम्पनी की नशीली कफ सीरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। साथ ही सिरप परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियो कार जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है।

**रामपुर बाघेलान थाना पुलिस की कार्रवाही**

**1440 शीशी कफ सिरप के साथ कार जब्त**

**यह हैं आरोपी**

पुलिस ने आरोपी कैलाश पटेल पिता केदार प्रसाद पटेल (29) निवासी इटमा थाना अमरपाटन जिला सतना, ऋषिराज पटेल पिता शम्भूनाथ पटेल (26) निवासी खरमसेड़ा थाना अमरपाटन, सचिन पटेल उर्फ बजरंगी पिता रामसुजान पटेल (19) निवासी खरमसेड़ा को गिरफ्तार किया है। जबकि इनका एक साथी सोनू विश्वकर्मा निवासी पोड़ी थाना ताला फरार हो गया। जिसकी पुलिस को तलाश है। इस कार्यवाही में निरीक्षक यूपी सिंह थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान, उप निरीक्षक ओशो गुप्ता चौकी प्रभारी बेला, एएसआई देवप्रकाश, प्रधान आरक्षक राजबहादुर सिंह, आरक्षक नंदकुमार त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी, अमित दुबे, अजय पांडेय, विक्रम दीक्षित, विकाश चतुर्वेदी, सैनिक विनोद चतुर्वेदी एवं सायबर सेल सतना की अहम भूमिका रही है।




## रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्यवाही में 8 वाहन जब्त



**उमरिया, देशबन्धु।** खनिज एवं पुलिस दल द्वारा संयुक्त रूप से तड़के उजान में खनिज रेत के अवैध परिवहन में 4 ट्रेक्टर ट्राली जप्त किए। सुबह तड़के की गई संयुक्त कार्यवाही में चार वाहन ट्रेक्टर जो उजान के पटपरिया नाला से रेत भरकर आ रहे थे को योजना बनाकर पकड़ा गया है। चार वाहनों में वाहन स्वामी अभिषेक शुक्ला , अनुपम शुक्ला, रोहित महोबिया और इंद्रपाल केवट के ट्रेक्टर ट्राली शामिल हैं। जिले में रेत एवम अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में खनिज एवं पुलिस की टीम का सामंजस्य स्थापित लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खेरवा खुर्द में भी संयुक्त कार्यवाही में 3 ट्रेक्टर ट्राली रेत के अवैध उत्खनन परिवहन में जप्त किए गए हैं। ग्राम ताला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी रेत के अवैध उत्खनन में 1 ट्रेक्टर ट्राली को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया है। कार्यवाही में दिवाकर चतुर्वेदी सहायक खनिज अधिकारी , राजेश चंद्र मिश्रा नगर निरीक्षक कोतवाली , सहा उप निरी प्रभाकर सिंह, नर्बद सिंह आर्मो प्रभारी खनिज निरीक्षक, प्रधान आरक्षक ओमकार सिंह, प्रधान आरक्षक राजकुनार गुरुदे प्रधान आरक्षक महावीर सिंह आरक्षक रवि दीवान सैनिक जीवन लाल , सैनिक बी के सिंह , विनोद रोतेल शामिल रहे ।

## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, तीन घायल

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन शहर ज़ाम्बोआंगा में सूअरों को ले जा रहा एक ट्रक मंगलवार की सुबह राजमार्ग पर एक अन्य ट्रक से टकरा गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ज़ाम्बोआंगा सिटी पुलिस के पुलिस कप्तान जॉन अगस्टिन ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हुई दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक सूअर भी मारे गए। श्री अगस्टिन के अनुसार, चारों मृतक ट्रक के यात्री थे। उन्होंने कहा, टक्कर के प्रभाव के कारण सूअर भी मारे गए ।

### बेहद खौफनाक हैं तबाही के निशान

# इजरायल में नरसंहार के बाद शवों की बदबू से बुरा हाल

**येरुशलम।** इजरायल में हमास आतंकियों के हमले और फिर जवाबी कार्रवाई के बाद अब कई इलाके वीरान नजर आ रहे हैं। शवों की दुर्गंध इस कदर फैल रही है कि वहां जाना भी दूभर है। गाजा पट्टी के पास कफार अजा में आतंकियों के शव बिखरे पड़े हैं। चारों ओर जली हुई कारें और उनमें गोलियों के निशान नजर आते हैं। घरों के दरवाजे या तो टूटे हुए हैं या फिर उनकी दीवारें ही ढह गई हैं। वहीं बैग्स में लिपटे शव अब बदबू देने लगे हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक कई घरों के बेडरूम में अब भी पूरा परिवार मरा पड़ा है। आतंकियों ने बच्चों तक को नहीं छोड़ा।

इजरायल की सेना पत्रकारों के एक समूह को लेकर प्रभावित इलाके तक पहुंची। पत्रकार एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां करीब 70 हमास लड़ाकों ने हमला बोला था। कफार अजा चारों तरफ से खेतों से घिरा बेहद खूबसूरत कस्बा है। इस गांव के बाद से ही गाजा की शुरुआत होती है। कफार अजा भी उन 20 शहरों और गावों में से एक है जहां आतंकियों ने जमकर तबाही मचाई। किबुज पूरी तरह वीरान नजर आने लगा। बता दें कि इस



इलाके में किबुज को काफी समृद्ध माना जाता था। पढ़ाई के लिए भी आसपास के बच्चे किबुज ही आते थे। पत्रकार जैसे-जैसे आगे बढ़े तबाही के निशान भी बढ़ते गए। बहुत सारे घरों के दरवाजे और दीवारों को आतंकियों ने ग्रेनेड से उड़ा दिया था। लोगों के घरों के गद्दे खून से लथपथ पड़े थे।

सेफरूम से लेकर बाथरूम तक खून के धब्बे थे। घरों के बाहर और अंदर ग्रेनेड्स के टुकड़े भी बिखरे पड़े थे। घरों से ज्यादातर शव निकाले जा चुके हैं। बहुत सारे शवों को ट्रक से भेजा जा चुका है वहीं बहुत सारे अब भी इंतजार कर रहे हैं। ना जाने कितने ही शवों की पहचान इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि उनके परिवार में कोई जिंदा ही नहीं बचा। एपी रिपोर्टर के मुताबिक 20 आतंकियों के शव इकट्ठे रखे गए थे। बहुत सारे शव क्षत विक्षत थे। वहीं चारों ओर बड़ी संख्या में सैनिक पट्रोलिंग कर रहे थे। धमाके की आवाजें अब भी रह रहकर सुनाई दे रही थीं। यहां के लोगों का कहना है कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध कोई नया नहीं है लेकिन इस तरह का मंजर पहली बार देखना पड़ा। यहां न्यूयॉर्क में रहने वाले एक शख्स ने कहा. इस तरह का मंजर 2001 के हमले के बाद देखा गया था। यह उससे भी खतरनाक है।

## नाइजीरिया में विश्वविद्यालय की चार छात्राएं अगवा

**अबुजा, (आईएएनएस)।** मध्य नाइजीरिया में नसरवा स्टेट यूनिवर्सिटी की कम से कम चार छात्राओं का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने ये जानकारी दी है। नसरवा में पुलिस के प्रवक्ता रामहान नानसेल ने बताया कि अगवा की गई सभी महिलाएं हैं। देश की राजधानी अबुजा से 50 किमी दूर केफ़ी शहर में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर उनके छात्रावास से अपहरण कर लिया गया। मंगलवार तड़के उनके छात्रावास पर हमला किया गया था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नानसेल के हवाले से कहा कि पुलिस कर्मियों और सैनिकों ने आसपास की झाड़ियों में तलाशी लेकर हमले का जवाब दिया, लेकिन अपहरणकर्ताओं और छात्राओं का पता नहीं लगाया जा सका। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने अपहरणकर्ताओं की तलाश के आदेश दिए हैं ताकि छात्राओं को सकुशल बचाया जा सके।

## गाजा अधिकारियों ने दी चेतावनी,कुछ ही घंटों में बिजली सेवा पूरी तरह हो जाएगी बंद

**गाजा, (आईएएनएस)।** गाजा में अधिकारियों ने बुधवार को चेतावनी दी कि हमास-नियंत्रित तटीय एन्क्लेव में बिजली की आपूर्ति कुछ ही घंटों में पूरी तरह से बंद हो जाएगी, जिससे बुनियादी सेवाएं प्रदान करने की क्षमता सीमित हो जाएगी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 7 अक्टूबर को हमास के हमले के जवाब में, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को गाजा की पूरी घेराबंदी का आदेश दिया था और कहा था कि वह बिजली, भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति रोक देंगे। बुधवार सुबह एक बयान में, एन्क्लेव की हमास-नियंत्रित सरकार ने कहा- गाजा में सभी बुनियादी सेवाएं बिजली पर निर्भर हैं, और राफा गेट के माध्यम से ईंधन की आपूर्ति रोकने के कारण जनरेटर के साथ उन्हें आंशिक रूप से संचालित करना संभव नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने भी कहा है कि उन्हें गाजा में अपने सभी 14 खाद्य वितरण केंद्रों को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके चलते पांच लाख लोगों को महत्वपूर्ण खाद्य सहायता मिलनी बंद हो गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा, सबसे घनी आबादी वाले स्थानों में से एक है, जहां 140 वर्ग मील के क्षेत्र में लगभग 20 लाख लोग रहते हैं, लगभग 17 सालों से दुनिया से लगभग पूरी तरह से कटा हुआ है, जब से हमास ने यहां नियंत्रण किया है। इसने इज़राइल और मिस्र को क्षेत्र पर सख्त घेराबंदी करने के लिए प्रेरित किया, जो जारी है।

## दुनिया के ये 28 देश नहीं मानते इजरायल का अस्तित्व

इजरायल और हमास के बीच इन दिनों भीषण युद्ध जारी है, जिसमें करीब ढाई हजार लोग अब तक मारे जा चुके हैं। इजरायल का जिक्र आते ही दुनिया के तमाम मुस्लिम देश आक्रामक हो जाते हैं और इसकी वजह फिलिस्तीन है। मुस्लिम देशों का मानना है कि फिलिस्तीन की धरती पर इजरायल का अवैध कब्जा है और उसे मुक्त किए बिना शांति नहीं हो सकती। यही वजह है कि पाकिस्तान, सीरिया, मिस्र और लेबनान जैसे कई देशों ने हमास के बर्बर हमले तक का समर्थन कर दिया है। इस्लामिक देशों और इजरायल के बीच दुश्मनी कितनी गहरी है, इसे इस तथ्य से भी समझ सकते हैं कि 28 देश ऐसे हैं, जो उसे मान्यता ही नहीं देते।

# मां बोली- जिंदा है मेरी बेटी?

### इजरायल के आगे खतरा सिर्फ हमास नहीं, दो और मोर्चों पर संकट, कैसे निपटेंगे बेंजामिन नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** इजरायली धरती पर हमले के दौरान हमास के आतंकियों ने जमकर क्रूरता दिखाई थी। महिलाओं से रेप किया, बच्चों तक की हत्या कर डाली और सैकड़ों का अपहरण कर ले गए। हमास की इस हैवानियत के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसमें एक वीडियो एक जर्मन महिला का भी था, जिस पर उस महिला की मां ने दावा किया था कि उसकी बेटी की हत्या करके अर्धनग्न कर परेड कराई थी।

अब महिला का दावा है कि उसकी बेटी जिंदा है और इस वक्त गाजा पट्टी के किसी अस्पताल में भर्ती है। जर्मन समाचार आउटलेट डेर स्पीगल की रिपोर्ट के अनुसार, 22 वर्षीय जर्मन महिला शनि लौक की मां, जिनके अर्धनग्न शरीर को हमास लड़ाकों ने चल रहे युद्ध के बीच परेड किया था, ने कहा है कि उन्हें विश्वास है कि उनकी बेटी जीवित है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर खुद रिकॉर्ड किए वीडियो संदेश में शनि की मां रिकार्डा लुक ने कहा कि गाजा पट्टी में एक पारिवारिक मित्र ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी हमास कब्जे वाले किसी अस्पताल में जीवित है।

इजरायल बीते कई दशकों के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहा है। हमास ने शनिवार को उस पर जो बर्बर हमला किया, उसमें 1000 से ज्यादा इजरायली मारे गए और 150 से ज्यादा लोग बंधक हैं। इसके चलते इजरायल को हमास से निपटने में मुश्किल आ रही है, जिसे उसने कभी बड़ी चुनौती नहीं समझा था। लेकिन उसके आगे असल संकट यह खड़ा हो गया है कि हमास के अलावा दो और मोर्चों पर उसे जंग में उतरना पड़ सकता है। ये दो मोर्चे हैं, लेबनान और सीरिया। दोनों ही देशों से इजरायल कई बार युद्ध लड़ चुका है।

### 95 साल के इजरायली ने भी उठाए हथियार, दुनिया भर में वायरल हो रही तस्वीर

सीरिया भी इजरायल एक ऐसा दुश्मन है, जो कभी भी मोर्चा खोल सकता है। सीरिया की ओर से थोड़ी फायरिंग भी इजरायल की ओर हुई है, जिसका जवाब नेतन्याहू की सेना ने दिया है। इजरायली सेना ने कहा कि हमारे इलाके में कई गोले दागे गए हैं। 1967 में इजरायल और अरब देशों के बीच 6 दिनों का भीषण युद्ध हुआ था। इस जंग के बाद ही इजरायल का सीरिया के गोलान हाइट्स इलाके पर कब्जा हो गया था। इसके कुछ और इलाकों को इजरायल ने अपने में मिला लिया था। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इसे मान्यता नहीं देता।

**इजरायल और हमास के बीच युद्ध में पुतिन किसके साथ? इस देश को लताड़ा-** हमास के हमले के बाद लेबनान में सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायली टैंक को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी थी। उसने फिलिस्तीन के लोगों के साथ अपनी एकजुटता दिखाने के मकसद से ऐसा किया था। पहले भी इजरायल के खिलाफ जंगों का लेबनान हिस्सा रहा है। यही नहीं इजरायल पर हुए हमले के बाद तो लेबनान में कई जगहों पर मिठाई बांटी गई और जश्न भी मना। ईरान समर्थक हिजबुल्लाह की एक चौकी पर इजरायल ने रॉकेट भी दागा था। लेकिन हमास से जंग के बीच खुला यह मोर्चा मुश्किल तो बढ़ा ही रहा है। 2006 से ही इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच कई बार जंग हुई है। 1982 में ईरान रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने हिजबुल्लाह की स्थापना की थी।

# ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इज़राइल में नागरिक की मौत की पुष्टि की



**कैनबरा, (आईएएनएस)।** कैनबरा सरकार ने बुधवार को इजरायल में हमास के हमलों में एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की मौत की पुष्टि की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मामलों के मंत्री पेनी वोंग और गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओनील ने कहा कि सिडनी में पैदा हुई 66 साल की गैलिट कार्बोन का शव गाजा सीमा से लगभग 5 किमी दूर बेरी किबुत्ज़ में पाया गया।

वोंग ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई सरकार को गैलिट कार्बोन की दुखद मौत की पुष्टि मिली है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कार्बोन का जन्म सिडनी में हुआ था लेकिन उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण इज़राइल में किया जहां उन्होंने लाइब्रेरियन के रूप में काम किया।

वोंग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया हमास द्वारा इज़राइल पर किए गए हमलों की निंदा करता है। निर्दोष नागरिकों की जानबूझकर हत्या के लिए कोई बहाना नहीं है।

इन हमलों से जानमाल का नुकसान अस्वीकार्य है। साथ ही स्ट्रेलिया ने हमलों को रोकने और बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का आह्वान किया है। विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) के आंकड़ों के अनुसार, इज़राइल में 12,000 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक रहते हैं।

बुधवार को सेवन नेटवर्क टेलीविजन पर ओनील ने कहा कि सरकार ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए बचाव उड़ानों के विकल्पों पर विचार कर रही है जो क्षेत्र छोड़ना चाहते हैं, लेकिन अंतिम निर्णय वोंग और डीएफएटी द्वारा किया जाएगा। वोंग ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर लिखा कि इज़राइल में आस्ट्रेलियाई लोगों को सरकार द्वारा संचालित स्वदेश वापसी उड़ानों का इंतजार नहीं करना चाहिए।

### इजरायली सेना ने गाजा में हमास के विमान पहचान प्रणाली को नष्ट किया : आईडीएफ

**जेरूसलम, ।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को दावा किया कि गाजा में विमानों की पहचान करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हमास की उन्नत पहचान प्रणाली हवाई हमलों में नष्ट हो गई है, जिसने तटीय इलाके में 80 से अधिक लक्ष्यों को निशाना बनाया। आईडीएफ के हवाले से सीएनएन ने एक बयान में कहा, कल (मंगलवार), एक केंद्रित उड़ान के दौरान कुछ ही मिनटों में आईएएएफ (इज़राइली वायु सेना) ने नेटवर्क की सभी साइटों पर हमला किया और आसमान की सटीक तस्वीर बनाने की हमास की क्षमता और आईडीएफ विमानों को निशाना बनाने के उनके प्रयासों को ध्वस्त कर दिया।

## आज का इतिहास

1279 – निचिरेन ने अपने दाई-गोहोनज़ोन की रचना की।
1492 – क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिका के पास बहामास द्वीपसमूह में उतरे। उसे लगा कि वह भारत पहुंच गया है।
1692 – मैसाचुसेट्स के गवर्नर विलियम फिप्स ने सलेम विच ट्रायल को समाप्त करने वाला एक पत्र भेजा।
1711 – कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।
1776 – ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।
1792 – अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।
1792 – न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।
1798 – फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।

## सुडोकू 6344


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6344



**बायें से दायें:-**
१. संकीर्ण हृदय, कंजूस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. मन, हृदय
१८. बीच का, दरमियानी, राशियोंकेजोड़ को उनकी संख्या से भाग देने पर प्राप्त भागफल
२०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी, कहावत (उर्दू)
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**
१. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला, तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदाता (उर्दू)
१४. हार मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

### वर्ग पहेली-6343



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**मंजूरी** — *बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी*

# बिहार के बेऊर समेत आठ केंद्रीय जेलों में नियुक्त होंगे मनोचिकित्सक

**पटना, (देशबन्धु)।** बिहार की जेलों में बंद मानसिक बीमार कैदियों को अब इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के सेंट्रल जेलों में मनोचिकित्सक की बहाली के प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद इसकी जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश के सभी आठ सेंट्रल जेलों में मानसिक बीमार कैदियों के इलाज के लिए मनोचिकित्सकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

सभी जेलों में संविदा के आधार पर एक-एक मनोचिकित्सकों की बहाली की जाएगी। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि आजीवन कारावास और फांसी की सजा पाए बंदियों में लंबे समय तक जेल में रहने के कारण आत्महत्या जैसी प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है। साथ ही जीवन के प्रति निराशा के कारण इनमें मानसिक रोग अधिक पाया जाता है, जिसके इलाज के लिए



■ नीतीश की अध्यक्षता में हुई बैठक में 14 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

क्लिनिकल मनोचिकित्सक की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति में कारा चिकित्सा सेवा को सुदृढ़ करने एवं मानसिक रोग से ग्रसित बंदियों को विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी आठ केंद्रीय काराओं में संविदा के आधार पर एक-एक क्लिनिकल मनोचिकित्सक का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जिन आठ केंद्रीय काराओं में क्लिनिकल मनोचिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी उनमें आदर्श केंद्रीय कारा बेऊर, पटना, गया केंद्रीय कारा, बक्सर केंद्रीय कारा, पूर्णिया केंद्रीय कारा, मोतिहारी केंद्रीय कारा, विशेष केंद्रीय कारा भागलपुर, केंद्रीय कारा भागलपुर और खुदीराम बोस केंद्रीय कारा मुजफ्फरपुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) और व्यापार मंडलों को सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति पर मिलने वाले अनुदान की राशि को 10 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 30 रुपए प्रति क्विंटल तक कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक पैक्स और व्यापार मंडलों द्वारा सीएमआर चावल की आपूर्ति के आधार पर प्रबंधकीय अनुदान 10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मिलता था। लेकिन, अब सरकार ने इस अनुदान को प्रोत्साहन स्वरूप तीन श्रेणी में बांटकर देने का निर्णय लिया है। खरीफ विपणन मौसम 2022-23 से 30 जून तक सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति करने वाले पैक्स और व्यापार मंडलों को 10 रुपए प्रति क्विंटल की बजाय 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। जबकि, 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 25 रुपए प्रति क्विंटल और इसके बाद शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा।

# खेल जगत

## उभरती खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगी साइना

**हैदराबाद** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को दक्षिण भारत की प्रमुख बैडमिंटन कोचिंग अकादमी 'बैडमिंटन प्रोस' ने अपना मेंटर नियुक्त किया है। साइना इस उद्यम में हमवतन राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन पारुपल्ली कश्यप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाई दत्त के साथ शामिल हो गई हैं। 'द बैडमिंटन प्रोफेशनल्स' के तत्वावधान में 'बैडमिंटन प्रोस' की सह-स्थापना विजय लैंसी, सीईओ, थॉमस क्यूपर, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और आईआईएम कलकत्ता ग्रेजुएट ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओलंपियन अनूप श्रीधर के साथ मिलकर की है। यह अकादमी हैदराबाद, बैंगलोर और मुंबई में स्थित हैं। मेंटर के रूप में साइना उभरती खेल प्रतिभाओं के विकास में सहयोग करेंगी, जिससे उन्हें मानसिक दृढ़ता बनाने और उनके खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



# कप्तान शाहिदी और ओमरजई की शतकीय भागीदारी से अफगानिस्तान का भारत के खिलाफ चुनौतीपूर्ण स्कोर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ दिखाई धार के बावजूद कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार छक्के, दो चौके) की शुरू के तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बाद आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगनिस्तान ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक दिया। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला खासा कारगर रहा।

जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में अपने छठे नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका , 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

अजमतुल्लाह ओमरजई ने संभल कर आगाज करने के अचानक गियर बदला और खासतौर पर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें ओवर में दो छक्के जड़ कुल 14 रन लिए और फिर बाएं हाथ के रवींद्र जडेजा को निशाने लिया। ओमरजई ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने 118 गेंदों में चौथे विकेट की शतकीय भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी संभाली। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया।ओमरजई(50 रन, एक छक्का, 62 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अपना अर्द्धशतक पारी के 32 वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद पर दो रन लेकर पूरा किया और अफगाानिस्तान के स्कोर तीन विकेट पर 161 रन पर पहुंचाया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी।

बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था। रहमत शाह (16 रन, 22गेंद, तीन चौके) अगले ओवर में शार्दूल ठाकुर की गेंद ड्राइव करने में चूके और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित इस पर रहमत ने डीआरएस लिया लेकिन फैसला यही रहा और अफगानिस्तान का स्कोर 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 63 रन हो गया। मजबूत शुरुआत करने की कोशिश करती दिखती अफगानिस्तान की टीम ने पहले पॉवरप्ले में 10 ओवर मे मात्र इब्राहिम जारदान का विकेट खोकर 48 रन बनाने के बाद अगले 3.1 ओवर में 15 रन और जोड़ कर पहले रहमतुल्लाह गुरबाज और फिर रहमत शाह के विकेट गंवा मुश्किल में पड़ गई। एक संयोग यही रहा कि हार्दिक और शार्दूल ने अपना अपना पहला विकेट अपने अपने तीसरे ओवर में लिया। अफगानिस्तान से दसवें से 20 ओवर के बीच दो विकेट खोए और मात्र 35 रन जोड़े इससे अगले यानी 20 से 30 ओवर में अफगानिस्तान ने सबसे तेज 64 रन जोड़ अपने स्कोर को तीन विकेट पर 147 रन पर पहुचाया और इस दौरान अजमतुल्लाह ओमरजई और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने भारत के दोनों स्पिनरें कुलदीप यादव और रवींद्र ज़डेजा को खासा निशाना बनाने के साथ बुधवार को बराबर शॉर्ट गेंद करने वाले तेज तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदों की जमकर धुनाई कर खूब चौके जोडे। अफगानिस्तान ने शुरू पहले दस ओवर में एक विकेट खोकर 48 रन बनाए थे।

अफगानिस्तान ने पहले 50 रन 62 गेंदों और 100 रन 24 ओवर में पूरे किए। ओमरजई ने बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें और पारी के 24 वें ओवर की दूसरी और चौथी गेंद पर छक्का तीसरे विकेट के लिए 70 गेंदों में कप्तान हशमतुल्ला शाहिदी के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन की भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी को मजबूती दी। कुलदीप ने अपने पांचवें में दो छक्कों सहित 14 रन दिए और उनका पहला स्पैल रहा 5-0-23-0 ।

भारत के लिए गेंदबाजी आक्रमण का आगाज अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने दिल्ली गेट छोर से किया। विकेटकीपर बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अफगानस्तिान की पारी का आगाज किया। बुमराह ने अफगानिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों के खिलाफ ऑफ स्टंप या उससे कुछ बाहर गेंद रखी। बुमराह को ऑफ स्टंप के जरा बाहर गेंद कराने का लाभ मिला और उनके चौथे ओवर की चौथी गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा ही बाहर निकली गेंद को आक्रामक अंदाज में आगाज करने वाले सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान(22 रन, 28 गेंद, चार चौके) ने रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों में जा समाई और अफगानिस्तान ने पहला विकेट 6.4 ओवर में 32 रन पर खो दिया। बुमराह का स्पेल रहा 4-0-9-1 । उनके शुरू के चार ओवर में मात्र एक चौका इब्राहिम जादरान ने उनकी गेंद को दूसरी स्लिप के उपर से तेज स्लैश कर जड़ा। बुमराह की जगह गेंद दिल्ली गेट छोर से बर्थडे बॉय हार्दिक पांडया ने संभाली। मोहम्मद सिराज ने गेंद को आगे रखकर जादरान और गुरबाज को ड्राइव करा आउट करने की कोशिश में अपने शुरू के चार ओवर में छह चौके खाए कवर और मिडविकेट के बीच से खाए। अफगानिस्तान के लिए पारी का पहला छक्का शार्दूल ठाकुर की गेंद को उनके पहले ही ओवर में गुरबाज ने मिडविकेट के उपरसे उड़ा कर लगाया। अफगानिस्तान ने अपने 50 रन 10.2 ओवर में पूरे किए तब गुरबाज 21 और रहमत शाह पांच रन पर थे।



# भारत-अफगानिस्तान का मैच देखने के लिए उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली**। भारत में क्रिकेट खेल नहीं, जुनून है लेकिन इस मामले में भी दिल्ली वालों की बात अलग है। चूंकि मंच वर्ल्ड कप का है और दिल्ली के हिस्से में टीम इंडिया का एक ही मैच आया है, इसलिए दिल्लीवालों का एक्साइटमेंट लेवल हाई होना तो बनता है। पूरी दुनिया में दिल्ली की गर्मी बदनाम है, लेकिन भला ये क्रिकेट फैंस और उनके फेवरेट क्रिकेटरों के बीच कैसे आ सकती है। ये बात हम हवा में नहीं कह रहे हैं, इस बात की गवाही भारत और अफगानिस्तान के बीच वर्ल्ड कप-2023 का 9वां मैच दे रहा है, जो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है।

भीषण उमस व दोपहर में हो रही तेज धूप ने दिल्ली वालों का हाल बिगाड़ रखा है। मगर, भारतीय क्रिकेट फैंस इन चीजों को नजरअंदाज कर अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी टीम का समर्थन करने भारी संख्या में पहुंचे हैं। डीडीसीए के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि शाम तक फैंस की गिनती और बढ़ जाएगी। इस बीच एक युवा क्रिकेट प्रशंसक ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि गर्मी है या बारिश या कुछ भी हो। जब टीम इंडिया की बात आती है, तो हम उनका समर्थन करने के लिए मौजूद रहेंगे। एक अन्य प्रशंसक ने कहा, गर्मी की किसे परवाह है? आइए भारत के लिए जयकार करें। इससे पहले, जब टूर्नामेंट शुरू हुआ था तो गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले मैच को देखने के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कम लोगों के आने के बाद मीम्स का दौर चल रहा था। हालांकि, जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, ऐसा लगा कि यह गति पकड़ रहा है और अधिक लोगों को स्टेडियम की ओर आकर्षित कर रहा है।




# राष्ट्रीय शूटिंग शिविर कर्णी सिंह रेंज में शुरू

**नई दिल्ली**। 19वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के ठीक एक हफ्ते बाद भारतीय शूटिंग टीम आगामी 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप (एएससी) की तैयारी के लिए राष्ट्रीय शिविर में वापस आ गई है। यह चैंपियनशिप अतिरिक्त महत्व रखती है, क्योंकि वे कुल 24 पेरिस ओलंपिक कोटा स्थानों की पेशकश करेंगे जो राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में समान रूप से विभाजित हैं।



भारतीय टीम पहले ही निशानेबाजी में सात पेरिस कोटा जीत चुकी है और चांगवोन में 17 में से अधिक से अधिक कोटा हासिल करना चाहेगी।

सीनियर टीम में 17 कोच और आठ सहयोगी स्टाफ के साथ शिविर में कुल 38 निशानेबाज हैं। दूसरी ओर जूनियर टीम में 36 निशानेबाजों के साथ 12 कोच और पांच सहयोगी स्टाफ सदस्य हैं।

शिविर हाई-परफॉर्मेंस निदेशक डॉ. पियरे ब्यूचैम्प के साथ-साथ विदेशी कोच थॉमस फार्निक (राइफल), मुंखबयार दोर्जसुरेन (पिस्टल), मार्सेलो ड्राडी (ट्रैप) और एन्नियो फाल्को (स्कीट) की देखरेख में चलाया जाएगा। शिविर की अवधि विभिन्न समूहों के लिए उनके चांगवोन कार्यक्रम के आधार पर होती है। 15वीं एएससी में प्रतियोगिताएं 24 अक्टूबर से शुरू होंगी और फाइनल इवेंट 1 नवंबर को निर्धारित हैं।

# भारत-पाक मुकाबले के लिए पीसीबी प्रमुख जका अशरफ जल्द आएंगे इंडिया

**लाहौर**। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ होने वाले टीम के मैच को देखने के लिए गुरुवार को भारत आएंगे।



जका अशरफ ने यह फैसला पाकिस्तानी मीडिया कर्मियों को आईसीसी विश्व कप-2023 को कवर करने के लिए भारतीय वीजा के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने की अनुमति मिलने के बाद लिया है। पीसीबी प्रमुख ने कहा, मैंने भारत की अपनी यात्रा में देरी कर दी और मैं इस बात की पुष्टि मिलने के बाद यात्रा कर रहा हूं कि पाकिस्तान के पत्रकारों को मेगा इवेंट को कवर करने के लिए वीजा प्राप्त करने के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है। मुझे खुशी है कि विदेश कार्यालय के साथ मेरी बातचीत से अच्छा परिणाम हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने टीम के परफॉर्मेंस पर कहा, %%विश्व कप में अब तक खिलाड़ियों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और दोनों मैच जीते हैं उससे मैं बेहद खुश हूं। पीसीबी प्रबंधन समिति और पूरा देश मौजूदा विश्व कप में सफल अभियान के लिए खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

पाकिस्तान ने विश्व कप में अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। ये मैच हैदराबाद में खेले गए, जहां पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया। अब ये टीम अहमदाबाद में भारत से भिड़ेगी जो टूर्नामेंट के लीग चरण में सबसे बड़ा मुकाबला होगा।

# भारत-पाक से पहले शाहीन अफरीदी को फॉर्म में लौटना अहम : वकार यूनिस

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने विश्व कप-2023 के दो मैचों में शाहीन अफरीदी के खराब प्रदर्शन की ओर इशारा किया और कहा कि टीम को इस बात पर काम करने की जरूरत है कि आखिर यह तेज गेंदबाज क्या गलती कर रहा है। मोहम्मद रिजवान (131) और अब्दुल्ला शफीक (113) के शानदार शतकों की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में विश्व कप का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर मंगलवार को टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा मैच जीत लिया।



> पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे
> : वकार यूनिस

हालांकि, पाकिस्तान के गेंदबाजों ने संघर्ष किया जिससे श्रीलंका ने 50 ओवर में 344 रन बनाए। कुसल मेंडिस और सदीरा समाराविक्रमा के शतकों ने एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित किया, जिससे यह एक विजयी स्कोर जैसा लग रहा था। इस मैच में अफरीदी पाकिस्तान के लिए सबसे महंगे गेंदबाज रहे। उन्होंने 9 ओवर में 66 रन दिए और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। टूर्नामेंट में शाहीन खराब फॉर्म में नजर आ रहे हैं जिसका खामियाजा उनकी टीम को उठाना पड़ा। वकार यूनिस ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा, पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे। उन्होंने पैड पर गेंदबाजी करते हुए, ऑफ स्टंप के बाहर और ओवर द विकेट की कोशिश की है लेकिन सफल नहीं हो रहे। पूर्व तेज गेंदबाज ने अनुमान लगाया कि शाहीन शायद किसी परेशानी से जूझ रहे होंगे जिसके बारे में टीम प्रबंधन को उनसे बात करनी चाहिए।

उनका फॉर्म में लौटना टीम के लिए अहम है क्योंकि अब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ खेलना है। शाहीन का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ शानदार रहा है। इसलिए, वह टीम का एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है पाकिस्तान का अगला मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत से होगा।

# शतकवीर कोहली, डी कॉक व मलान ने आईसीसी रैकिंग में लगायी छलांग

**दुबई**। आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में शतकों की झड़ी ने बल्लेबाज रैकिंग पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। ताजा रैकिंग में विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड मलान शीर्ष दस बल्लेबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

गौरतलब है कि भारत में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती आठ मैचों में दस शतक लग चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक के धमाकेदार शतक ने सलामी बल्लेबाज को एक पायदान ऊपर उठा कर छठा स्थान दिलाया है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पलटने वाली 85 रनों की पारी के बाद भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दो पायदान ऊपर चढ़ कर सातवां स्थान हासिल किया है वहीं बांग्लादेश के खिलाफ 140 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज मलान ने सात पायदान की छलांग लगायी है और अब वह आठवें स्थान पर है।

मलान अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 711 पर काबिज हो चुके है और कोहली से मात्र चार अंक पीछे हैं जबकि पाकिस्तान के इमाम-उल-हक से छह अंक आगे निकल आये हैं। इमाम तीन स्थान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। भारत के कीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 15 पायदान चढ़कर 19वें स्थान पर आ गये है जबकि दक्षिण अफ्रीका के




हरफनमौला खिलाड़ी एडेन मार्कराम 11 स्थान ऊपर उठकर अब 21वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 10 और नीदरलैंड के खिलाफ पांच रन बनाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम फिलहाल वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि शुभमन गिल बीमारी के कारण बाहर रहते हुए भी दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष गेंदबाजों ने भी क्रिकेट विश्व कप पर तत्काल प्रभाव डाला है। पिछली रैकिंग में मोहम्मद सिराज के साथ स्थान साझा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड अब आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ 3/38 विकेट लेने के बाद हेज़लवुड 669 से 682 रेटिंग अंक पर पहुंच गए, जिसमें रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के शुरुआती विकेट भी शामिल थे। स्पिनर रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के दम पर भारत ने वह मैच छह विकेट से जीता था जिन्होने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी क्रम को तोड़ते हुए उन्हें 199 रनों तक सीमित करने में मदद की थी। सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क का आखिरी विकेट लिया और 6.3 ओवर में 1/26 रन बनाए, लेकिन गेंदबाजी रैंकिंग में पांच अंक गिरकर दूसरे स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 रन पर दो विकेट लेने वाले कुलदीप तीन पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जडेजा (3/28) 22 स्थान ऊपर चढ़े हैं, लेकिन अभी भी शीर्ष 40 गेंदबाजों से बाहर हैं। न्यूजीलैंड के तेज तर्रार ट्रेंट बोल्ट दो स्थान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर आ गये है और मैट हेनरी चार स्थान ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन आईसीसी पुरुष वनडे ऑलराउंडर में शीर्ष स्थान पर हैं। उन्होने विश्व कप के शुरुआती दो मैचों में चार विकेट लिये थे। मिचेल सेंटनर 2/37 के स्कोर के बाद शीर्ष 10 में ऊपर चढ़ने वाले एकमात्र ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ़ 5/59 और तेज़-तर्रार नाबाद 36 रन की पारी के साथ उन्हे प्लेयर-ऑफ़-द-मैच चुना गया था।

## सार संक्षेप

### बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित

**जेरूसलम**। बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरुआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इज़राइल बास्केटबॉल एसोसिएशन (आईबीबीए) ने मंगलवार को अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की। फीबा के निर्णय में हापोएल जेरूसलम और एसएल बेनफिका के बीच ग्रुप जी का खेल शामिल है, जो शुरू में इज़राइल में 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित था जबकि ग्रुप एफ में टेलीकॉम बॉन और हापोएल होलोन के बीच मैच जर्मनी में अगली शाम खेला जाना था। फीबा ने जारी बयान में कहा कि इजरायल में परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नई तारीखों की घोषणा की जायेगी। यह निर्णय आईबीबीए से विचार विमर्श के बाद लिया गया है। इस बीच यूरोपीय हैंडबॉल महासंघ के अनुसार महिला हैंडबॉल यूरो 2024 क्वालीफायर में इज़राइल के दो शुरुआती मैच, बुधवार को स्लोवाकिया के खिलाफ और शनिवार को जर्मनी के खिलाफ भी स्थगित कर दिए गए है। इज़राइल हैंडबॉल एसोसिएशन ने कहा कि इज़राइल में अधिकांश महिला और पुरुष टीमों के विदेशी खिलाड़ी सुरक्षा स्थिति के कारण देश छोड़ चुके हैं।

### सिंधु ओकुहारा को हराकर आर्कटिक ओपन के अगले राउंड में पहुंची

**वांटा**। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आर्कटिक ओपन 2023 महिला एकल स्पर्धा के पहले दौर में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी है। सिंधु ने फिनलैंड के वांटा में एनर्जिया एरिना 3 के कोर्ट पर मंगलवार को खेले गये बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में जापान की ओकुहारा को 21-13, 21-6 से शिकस्त दी। सिंधु आर्कटिक ओपन बैडमिंटन 2023 के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गई है। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और ब्रेक तक 11-6 के स्कोर के साथ 5 अंकों की बढ़त हासिल कर ली।

## सुडोकू 6344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 |

| SENSEX | BSE | 66473.05 ▲ 393.69 | 19811. 35 ▲ 121.50 | MCX | Gold | 57866 ▲ 237 | silver | 69470 ▲ 552 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ 83.18 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई । घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे की बढ़त के साथ 83.18 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.20 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर के मुकाबले रुपया 83.15 से 83.24 के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 83.18 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस तरह रुपये ने पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त दर्ज की। मंगलवार को रुपया 83.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



# त्यौहार आने से पहले दालों और टमाटर की कीमतों में गिरावट





*नयी दिल्ली । त्योहारों से ठीक पहले महंगाई के मोर्चे पर कुछ राहत भरी खबर सामने आई है। पिछले एक महीने के दौरान विभिन्न दालों की कीमतों में भारी गिरावट आई है। मांग कम होने, आयात बढ़ने और विभिन्न सरकारी उपायों के कारण दालें सस्ती हो गई हैं। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने में दालों की कीमतों में 4 फीसदी की गिरावट आई है. वहीं टमाटर की कीमतें भी घटी हैं ।*

**इन वजहों से सस्ती हुई दालें** - ईटी की एक रिपोर्ट में ट्रेड बॉडी इंडियन पल्सेस एंड ग्रेन्स एसोसिएशन के हवाले से यह जानकारी दी गई है। आईपीजीए के मुताबिक, पिछले एक महीने में दालों की कीमतों में 4 फीसदी की गिरावट आई है. व्यापार मंडल का कहना है कि अफ्रीका से अरहर दाल का आयात बढ़ने, कनाडा से मसूर दाल की आवक बढ़ने, सरकार द्वारा स्टॉक सीमा पर सख्ती, चने की आक्रामक बिक्री और ऊंची दरों पर मांग कम होने से दालों की कीमतों में नरमी देखी जा रही है. . है.

**अरहर दाल की कीमत में इतनी गिरावट!** - आईपीजीए के मुताबिक, फिलहाल बाजार में सबसे महंगी दाल अरहर है, जिसके दाम एक महीने में 4 फीसदी तक घट गए हैं. इसकी कीमत में गिरावट का मुख्य कारण व्यापारियों और प्रोसेसर के लिए अधिकतम भंडारण सीमा निर्धारित करना है। अरहर दाल की कीमत में नरमी रहने की गुंजाइश है। अफ्रीका से अरहर दाल की आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है, जबकि मांग कम रहने की उम्मीद है।

**चना और मसूर भी सस्ते हुए** - इसी तरह पिछले एक महीने के दौरान सबसे सस्ती दालों और चने की कीमत में भी 4 फीसदी की गिरावट आई है। इनके अलावा दाल 2 फीसदी से ज्यादा सस्ती हो गई है। सरकार नैफेड के जरिए सस्ते में चना दाल बेच रही है। इस कारण चना दाल की कीमतों में भी नरमी रहने की उम्मीद है. ऐसे ही संकेत दाल को लेकर भी दिख रहे हैं।

**टमाटर के दाम इतने गिर गए हैं** - दालों के अलावा सब्जियों ने भी महंगाई के मोर्चे पर राहत दी है। जुलाई में खुदरा बाजार में टमाटर की कीमत 150 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई थी, लेकिन इस समय खुदरा बाजार में टमाटर 15-20 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। थोक बाजारों में टमाटर की कीमतें गिरकर 3-6 रुपये प्रति किलो पर आ गई हैं। अगले 2-3 हफ्ते तक टमाटर की कीमत में यही रुख बना रहने वाला है। इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद किसानों ने बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती की. इसके चलते अब अधिक टमाटर की आपूर्ति हो रही है।

## खुदरा में अरहर दाल के दाम 200 रुपये किलो के पार पहुंच गये थे

खुदरा बाजार में अरहर दाल के भाव 200 रुपये किलो पार कर चुके थे। हालांकि बीते कुछ दिनों से मंडियों में अरहर की थोक कीमतों में नरमी देखी जा रही है। जिसका असर आगे अरहर दाल की खुदरा कीमतों पर दिख रहा है । सरकार ने अरहर दाल की कीमतों को नियंत्रित करने के स्टॉक लिमिट, स्टॉक की जानकारी देने से उपाय किए हैं। साथ ही आयात को भी बढ़ाया दिया है। अरहर के साथ अन्य दालों की खुदरा कीमतों में भी तेजी का रुख है।

**लगातार बढ़े थे अरहर दाल के खुदरा भाव** - इस साल अरहर दाल की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश भर में अरहर दाल की औसत कीमत एक जनवरी को 110.45 रुपये किलो से बढ़कर 150.46 रुपये हो गई थी । इस तरह इस साल अरहर दाल 36 फीसदी से ज्यादा महंगी हो चुकी है। इस दौरान औसत खुदरा कीमत करीब 4 रुपये बढ़कर 150 रुपये पार कर गई थी। देश भर के विभिन्न खुदरा बाजारों में इस समय अरहर दाल 75 से 205 रुपये किलो बिक रही है। दिल्ली में अरहर दाल की औसत खुदरा कीमत महीने भर में 165 रुपये से बढ़कर 177 रुपये, मध्य प्रदेश में 146.41 रुपये से बढ़कर 152.91 रुपये, महाराष्ट्र में 162.84 रुपये से बढ़कर 169.84 रुपये और उत्तर प्रदेश में 140.91 रुपये से बढ़कर 146.69 रुपये किलो हो चुकी थी।



## भारत की इकनॉमिक ग्रोथ में रत्न और आभूषण क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका : गडकरी

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने भारत की आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गडकरी ने यहां अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) की तरफ से आयोजित एक कायक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रत्न एवं आभूषण उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''रत्न एवं आभूषण क्षेत्र सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करता है। इसके साथ ही वह रोजगार के अवसर पैदा करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस क्षेत्र की भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।'' हालांकि, गडकरी ने यह स्वीकार किया कि इस समय भारतीय आभूषण विनिर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आभूषण विनिर्माता अपने गहनों की डिजाइन में सुधार कर हीरों के वैश्विक आभूषण कारोबार पर दबदबा बना सकते हैं।

# चीनी निर्यात पर रोक लगा सकती है सरकार



*नयी दिल्ली । दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश भारत में मानसून के दौरान पर्याप्त बारिश नहीं होने और गन्ने की फसल प्रभावित से चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की आशंका बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत अपने चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगा सकता है। अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर चीनी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।*

मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि भारत एक अक्टूबर से शुरू हुए नए सीजन के दौरान अपने चीनी निर्यात के शिपमेंट पर अंकुश लगा सकता है। जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू आपूर्ति में सुधार होने पर चीनी के निर्यात के लिए कोटा तय किया जा सकता है। भारत में पिछले पांच वर्षों में इस बार सबसे कमजोर मानसून रहा है। कृषि उत्पादन में किसी भी गिरावट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर अगले महीने और 2024 में चुनाव से पहले खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का दबाव बढ़ेगा। निर्यात प्रतिबंधों से बाजार में गिरावट आएगी और न्यूयॉर्क और लंदन में वायदा को बढ़ावा मिलने की संभावना है। पिछले महीने 14 विश्लेषकों, व्यापारियों और मिलमालिकों पर ब्लूमबर्ग की ओर से किए गए सर्वेक्षण में अधिकांश ने कहा कि भारत कम उत्पादन के कारण इस सीजन में चीनी के निर्यात पर रोक लगा सकता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा सस्ते आवास खंड के वित्तपोषण को 10,000 करोड़ रुपये तक जुटाएगा

**नयी दिल्ली ।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के निदेशक मंडल ने बुनियादी ढांचे और किफायती आवास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 10,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह मंजूरी बुनियादी ढांचे और किफायती आवास खंड के वित्तपोषण के लिए 2023-24 और उससे आगे एक या अधिक किस्तों में कुल 10,000 करोड़ रुपये तक के जुटाने के लिए है। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) पर उसे अपने मोबाइल ऐप बॉब वर्ल्ड पर नए ग्राहक जोड़ने से तत्काल प्रभाव से मंगलवार को रोक लगा दी थी। आरबीआई ने कहा था कि यह कार्रवाई ग्राहकों को एप्लिकेशन पर शामिल करने के तरीके में देखी गई कुछ चिंताओं के बाद की गई।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 393 अंक चढ़ा



*मुंबई । वैश्विक बाजारों के मिलेजुले संकेतों और मुद्रास्फीति की चिंताएं नरम पड़ने के बीच बुधवार को ऊर्जा, एफएमसीजी और पूंजीगत उत्पादों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक सेंसेक्स 393 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 19,800 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 393.69 अंक यानी 0.6 प्रतिशत बढ़कर 66,473.05 अंक पर बंद हुआ। इसके 30 में से 24 शेयर बढ़त में रहे।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 121.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,811.35 अंक पर बंद हुआ। इजराइल-हमास संघर्ष से बेअसर घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र रहा।

मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा से पहले एफएमसीजी, ऊर्जा, धातु, दवा और निजी बैंकों के शेयरों में खरीदारी देखी गई जबकि अधिकांश आईटी शेयरों में गिरावट रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो में सर्वाधिक 3.29 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, आईसीसी, कोटक बैंक और एक्सिस बैंक में भी तेजी का रुख रहा।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-59700 चांदी टंच-70850 चांदी रिफाइन -72050

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-59700 चांदी टंच-70850 चांदी रिफाइन -72050


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 18 |
| एक यूरो | 88. 40 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 102. 49 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 38 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी युद्ध का असर

*नई दिल्ली । इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी युद्ध को देखते हुए इन दिनों दुनिया भर की नजरें दोनों देशों पर टिकी हुई हैं । इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के मद्देनजर दोनों देशों को कई अन्य देशों से समर्थन मिल रहा है।एक तरफ इस युद्ध की स्थिति से तनाव का माहौल बना हुआ है। इसका असर भारत में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार पर भी पड़ रहा है।*

घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों में सोने की कीमत 1000 रुपये तक बढ़ गई है। इजराइल और हमास के बीच युद्ध की स्थिति बनने के कारण कीमत में अधिक इजाफा हो सकता है। सोने की कीमतें अभी आसमान तक पहुंच सकती है। सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 57,415 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने के दाम लगभग तीन हजार रुपये तक ऊपर उठ सकती है। यानी सोने की कीमत जल्द ही 60 हजार रुपये तक पहुंचने वाली है। इसका अंदेशा लगाया गया है। गौरतलब है कि जल्द ही फेस्टिव सीजन शुरू होने वाला है। इसके साथ ही शादियों का सीजन भी आने वाला है। ऐसे में सोने की कीमत बढ़ने वाली है। वहीं कई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने अंदेशा लगाया है कि एक तरफ युद्ध जल्दी खत्म होने वाला नहीं है वहीं दूसरी ओर वर्ष के अंत तक 60,500 रुपये तक सोने की कीमत पहुंच सकती है। जानकारों का कहना है कि इजराइल हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेश को सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। इसलिए ही अचानक से सोने की कीमत में इजाफा हुआ है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत बीते 17 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंची है।

# सोना हो सकता हैं 60 हजारी



## सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** सितंबर में इक्विटी बाजारों ने 20,200 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर के बाद जोखिम-मुक्त सेंटीमेंट की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव का अनुभव किया। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी का कहना है कि इस बदलाव के बावजूद, इक्विटी म्यूचुअल फंडों ने मजबूती से प्रदर्शन करना जारी रखा और 14,091 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण शुद्ध प्रवाह दर्ज किया, जो अगस्त के 20,245 करोड़ रुपये से कम है हालांकि कुल शुद्ध प्रवाह में विभिन्न श्रेणियों में गिरावट देखी गई। यह उल्लेखनीय है कि विषयगत/क्षेत्रीय फंडों ने चालू माह में अपना सकारात्मक रुझान बढ़ाया, जिससे उच्चतम शुद्ध प्रवाह आकर्षित हुआ। इसके बाद स्मॉलकैप फंड और मल्टीकैप फंड थे। हालांकि, स्मॉल-कैप प्रवाह में महीने-दर-महीने गिरावट देखी गई, जिसका क्रेटिट कुछ फंड हाउसों द्वारा अस्थायी रूप से प्रवाह को रोकने के कारण दिया जा सकता है।

# चाय बोर्ड ने सर्दियों में उत्पादन यूनिट को बंद करने का दिया आदेश



*नयी दिल्ली । चाय बोर्ड ने अगले साल की पहली छमाही में बेहतर फसल के लिए उत्तर भारत में सर्दियों में चाय उत्पादन क्षेत्रों में विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया है।*

बोर्ड के आदेश के अनुसार दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सभी चाय कारखानों के लिए हरी पत्तियां तोड़ने या लेने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर तय की गई है। वहीं पश्चिम बंगाल के दुआर तथा तराई क्षेत्र और बिहार के लिए तारीख 23 दिसंबर है।

दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कारखानों में हरी पत्ती के प्रसंस्करण की अंतिम तारीख 13 दिसंबर, जबकि तराई, दुआर और बिहार के लिए तारीख 26 दिसंबर है। आदेश में कहा गया कि दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के लिए छंटाई, पैकिंग और पैक की गई चाय को अधिसूचित भंडारण क्षेत्रों में बिल मार्किंग के साथ ले जाने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर होगी।

पश्चिम बंगाल के दुआर तथा तराई क्षेत्र और बिहार में सीटीसी किस्म के लिए छह जनवरी 2024 और हरी चाय किस्मों के लिए 11 जनवरी 2024 की तारीख तय की गई है। चाय उद्योग के अनुसार 'विंटर डॉर्मेंसी' (शीतकालीन प्रसुप्तावस्था) के कारण चाय बागानों का बंद किया गया है। इस अवधि में चाय की झाड़ियां बढ़ती नहीं हैं।

## सिट्रोएन ने भारत की पहली मेड-इन-इंडिया मिड-साइज़ एसयूवी,लॉन्च की



*चेन्नई । फ्रेंच कार निर्माता, सिट्रोएन की नवीनतम पेशकश, नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी, अब 9.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम नई दिल्ली) के विशेष इंट्रोडक्टरी मूल्य में उपलब्ध है। इस नई एसयूवी में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोकलाईज़ेशन कर दिया गया है, और यह भारतीय ग्राहकों की विशेष ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भारत में डिज़ाइन की गई है।*

स्टेलैंटिस इंडिया के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रोलैंड बूचारा ने कहा, हमें प्रबुद्ध ग्राहकों के लिए भारत में डिज़ाइन, डेवलप, और निर्मित की गई बहुप्रतीक्षित नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी लॉन्च करने की खुशी है। इस एसयूवी को सिट्रोएन के डीएनए की मुख्य विशेषताओं कम्फर्ट और इनोवेशन के साथ बनाया गया है। सितंबर में इसकी बुकिंग शुरू होने के बाद इसे पूरे देश में बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। त्योहारों पर मांग को पूरा करने के लिए हम अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं। हमारे शोरूम्स एवं वर्कशॉप्स का लगातार बढ़ता और विकसित होता हुआ नेटवर्क सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की आपूर्ति करने के लिए तैयार है, जिसमें श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, आकर्षक स्टाइलिंग और अतुलनीय उपयोगिता है।


## देशबन्धु

### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है । अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# चुनाव तारीख की घोषणा के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर लगी रोक



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक जिले में पदस्थ शासकीय, अर्ध शासकीय, निगम, मण्डल एवं स्थानीय निकायों के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि उनकी बगैर अनुमति के कोई भी अवकाश पर नहीं जायेगा और न ही मुख्यालय छोड़ेगा। उन्होंने आदेश का पालन न करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) 1965 के तहत एक पक्षीय दंडात्मक करने कार्यवाही की चेतावनी सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को दी है।

## जनसुनवाई स्थगित, ग्राम सभायें भी नहीं होंगी

विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रभावी हुई आदर्श आचरण संहिता को दृष्टिगत रखते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने प्रति सप्ताह मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई को स्थगित कर दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस बारे में जारी आदेश में कहा गया है कि साप्ताहिक जनसुनवाई आदर्श आचरण संहिता प्रभावी रहने तक स्थगित रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुमन ने एक अन्य आदेश में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने तक ग्राम सभाओं के आयोजन पर भी रोक लगा दी है।

## सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित, शस्त्र जमा करने के आदेश जारी

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस 5 दिसम्बर तक की अवधि के लिये निलंबित कर दिये हैं और सभी को तत्काल अपने शस्त्र संबंधित पुलिस थाने या वैध शस्त्र डीलर के यहां सेफ कस्टडी में जमा करने के आदेश दिये हैं।

आर्म्स एक्ट 1959 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है कि ऐसे समस्त शस्त्र लायसेंसधारी जो न्यायालय द्वारा जमानत पर छोड़े गये हैं। जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही हो, जो पूर्व में किन्ही दंगों अथवा कानून व्यवस्था भंग करने में संलिप्त रहे हों विशेषकर निर्वाचन कार्यक्रमों के दौरान, जो किसी भी निर्वाचन अपराध में संलिप्त रहे हों, संवेदनशील मतदान केंद्रों तथा वल्नरेबल क्षेत्रों के अंतर्गत निवास करने वाले सभी शस्त्र लाइसेंसधारी तथा जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी के निर्णय के अध्याधीन शेष शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र सबंधित पुलिस थाने में अथवा वैध शस्त्र डीलर के यहां जमा करना होगा।

जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश में सभी थाना प्रभारियों को भी इसका कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र के सभी शस्त्र पुलिस थाने या वैध शस्त्र डीलर के पास जमा कर इसकी पावती शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को देने की हिदायत भी दी है।

### इन पर आदेश लागू नहीं

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित करने का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

न्यायाधीश एवं उनके सुरक्षा कर्मी, मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी के अधिकारी, सेना, पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवान, सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी, जिले में कार्यरत राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, बैंक सुरक्षा गार्ड, निजी सुरक्षा एजेंसी द्वारा अधिकृत गार्ड, तथा राष्ट्रीय रायफल एसोसिएशन के सदस्य एवं खिलाड़ियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

# भेदभाव नहीं कर सकती पीएससी

## राज्य सेवा परीक्षा के मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य सेवा परीक्षा के मामले में मप्र लोक सेवा आयोग की मनमानी कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने ऐतराज जताया है। जस्टिस जीएस आहलूविलया की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट ने 23 अगस्त को जो फैसला दिया था, वह सार्वजनिक था और सभी पर लागू था। एकलपीठ ने कहा कि उक्त आदेश उन सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा जिन्होंने पहले राउंड में परीक्षा उत्तीर्ण की है और साक्षात्कार के लिए पात्र घोषित हुए थे। पीएससी यह कह कर उम्मीदवारों से भेदभाव नहीं कर सकती कि वह कोर्ट नहीं आये थे।



याचिकाकर्ता प्रियंका पांडे की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने बताया कि हाईकोर्ट के 23 अगस्त के फैसले के बाद पीएससी ने शुद्धिपत्र जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि उन्हीं उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा रहा है, जिन्होंने अदालत में मामला दायर किया था। पीएससी ने इसके लिए 21 सितंबर 2023 के आदेश का हवाला दिया। दरअसल, हाईकोर्ट ने 23 अगस्त को राज्य सेवा परीक्षा 2019 के मामले में पीएससी को निर्देश दिए थे कि पहली मुख्य परीक्षा और बाद में हुई स्पेशल मुख्य परीक्षा के परिणामों को मिलाकर उनका नॉर्मलाइजेशन करने के बाद रिजल्ट जारी करें। आदेश में कहा गया था कि पहली मुख्य परीक्षा के साथ स्पेशल मेन्स में बैठे उम्मीदवारों के रिजल्ट को मिलाकर उनका नॉर्मलाइजेशन किया जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि 23 अगस्त का आदेश सार्वजनिक था यानि सभी उम्मीदवारों पर लागू था। न्यायालय कहा कि उक्त आदेश उन सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा जिन्होंने पहले राउंड में परीक्षा उत्तीर्ण की है और साक्षात्कार के लिए पात्र घोषित हुए थे। पीएससी यह कह कर उम्मीदवारों से भेदभाव नहीं कर सकती चूंकि कोई अभ्यर्थी कोर्ट नहीं आया इसलिए उसे फैसले का लाभ नहीं दिया जायेगा।

## श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मप्र राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट लौह-मैग्नीज-कोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनातर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति एवं गणवेश की राशि एक हजार रूपये से अधिकतम 25 हजार रूपये स्वीकृत की जाती है।

उप कल्यानण आयुक्त, श्रम कल्याएण संगठन जबलपुर ने बताया कि योजनातर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र छात्र-छात्राओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल https://scholarships.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि प्री मैट्रिक के लिए 30 नवम्बर एवं पोस्ट मेट्रिक के लिए 31 नवम्बर निश्चित है।

# निरस्त नहीं होगी जबलपुर जनशताब्दी, इंटरसिटी, नर्मदा और श्रीधाम एक्सप्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर,भोपाल, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, सिवनी, छिंदवाड़ा और इंदौर के यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। दो दिन पहले रेलवे ने भोपाल-इटारसी रेल खंड से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को निरस्त करने का जो आदेश जारी किया था उसे अब रद्द कर दिया गया है। जिसका मतलब है कि अब ये ट्रेनें कैंसिल नहीं होगीं और अपने निर्धारित समय से चलेंगी।

### पुराने शेड्यूल से चलेंगी-

रेलवे की ओर से नया आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुसार, बुदनी-बरखेड़ा के मध्य निरस्त/आंशिक निरस्त/मार्ग परिवर्तित गाड़ियों की सेवा बहाल रहेगी। भोपाल रेल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर किये जाने वाले प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को अगली सूचना तक के लिए स्थगित किया गया है। इसके कारण इस मार्ग पर निरस्त/आंशिक निरस्त/मार्ग परिवर्तित की गई गाड़ियों की सेवा पूर्वानुसार बहाल रहेगी। सभी गाड़ियां अपने निर्धारित मार्ग से होकर नियमित समय-सारणी के अनुसार चलेंगी।

### रेलवे ने प्रयागराज-इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन बिछाने की तैयारी की शुरू

मानिकपुर-इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन बिछाए जाने सहित तेज गति से ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई गई है। इसे लेकर पश्चिम मध्य रेलवे जोन के प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर अविनाश सिंह ने जबलपुर से मानिकपुर तक का ट्रेन से विंडो निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि मानिकपुर-इटारसी रेल लाइन के बीच कई ट्रेनें चलती हैं। अभी तक इस मार्ग पर दो रेल लाइन हैं। ट्रेनों की संख्या अधिक होने से कई बार ट्रेनें लेट भी हो जाती हैं। जिसको देखते हुए रेलवे ने मानिकपुर से इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन बिछाए जाने के योजना बनाकर सर्वे का काम शुरु कर दिया है। बताया कि इसके साथ ही जबलपुर से मानिकपुर स्टेशन के बीच चलने वाली ट्रेनों की गति में वृद्धि करने की भी तैयारी की जा रही है।

# दमोह के हाईस्कूल में आग लगाने की कोशिश

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में घंटाघर के समीप मांगज स्कूल के नाम से पहचाने जाने वाले वीर दुर्गादास हाईस्कूल भवन में असामाजिक तत्वों ने आग लगाने का प्रयास किया है, इसी स्कूल को विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र बनाया गया है। हालांकि आरोपी घटना को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाए और आग ताले और गेट में लगने के बाद बुझ गई, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। सुबह जब स्कूल प्राचार्य लता त्रिपाठी स्कूल पहुंचीं तो परिसर में गंदगी और कचरा देख हैरान हो गईं और जब वे अपने कक्ष की ओर पहुंची तो गेट और ताले पर आग लगाने के निशान थे और पास में ही शराब को बोतलें डली थीं। गनीमत रही कि आग बुझ गई यदि आग भड़क जाती तो स्कूल का पूरा रिकॉर्ड भी जल जाता और आसपास दुकानें हैं जिससे एक बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी।



## मतदान केन्द्र को असमाजिक तत्वों ने लिया निशाने पर

जब आरोपी आग लगाने में कामयाब नहीं हो पाए तो उन्होंने स्कूल परिसर में कचरा फैला दिया। त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से भी की है। यदि मतदान सामग्री रखने के दौरान असामाजिक तत्व यहां आग लगाते तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। दरअसल इस स्कूल के पास बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जो रात के समय गेट से स्कूल के अंदर प्रवेश कर जाते हैं।

# इलेक्ट्रॉनिक्स फर्मों पर जीएसटी का छापा, कार्यवाही जारी

## कटनी व शहडोल की फर्मों में भी जांच की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** टैक्स चोरी की जांच के लिए स्टेट जीएसटी की एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने गत दिवस मंगलवार को जबलपुर सहित कटनी व शहडोल में स्थित इलेक्ट्रानिक्स फर्मों में छापामार कार्यवाही की और इस दौरान खरीदी व बिक्री के साथ स्टॉक से जुड़े दस्तावेजों को जब्त किया और इनकी जांच बारीकी से मंगलवार के साथ बुधवार के दिन भी जारी रही।

जबलपुर में माढ़ोताल दीनदयाल स्थित अमर इलेक्ट्रानिक्स के शोरूम के साथ घर पर भी जीएसटी की एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने दबिश दी, यह प्रतिष्ठान मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक्स उपकरण का व्यवसाय करता है। यहां जांच टीम ने टैक्स से जुड़ी रिटर्न विवरणी में जो जानकारी दर्शाई गई थी उसकेअनुरूप जांच को आगे बढ़ाया। सूत्रों के मुताबिक विवरणी में जो जानकारी दी गई है, उसमें गड़बड़ी पाई गई है और जो खरीद व बिक्री से जुड़े दस्तावेज हैं उन्हें भी जप्त कर जांच की जा रही थी। इसके अलावा स्टॉक का मिलान भी किया जा रहा है। मंगलवार को जांच पूरी नही होने पर जांच की कार्यवाही बुधवार को भी जारी रही। समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया है कि करदाता से टैक्स व पैनाल्टी की कितनी वसूली की गई है। उधर कटनी संवाददाता ने बताया कि मंगलवार को कटनी में स्थित आर्शीवाद इलैक्ट्रानिक्स के यहां स्टेट जीएसटी की टीम ने छापामार कार्यवाही की और टैक्स से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है, यह जांच की कार्यवाही आज बुधवार को भी जारी रही। इसके अलावा शहडोल संवाददाता ने बताया कि शहडोल में मंगलवार को रोहित इलैक्ट्रानिक्स फर्म में स्टेट जीएसटी की जांच टीम ने छापामार कार्यवाही की। इस फर्म की दो दुकानें हैं जिसमें एक गांधीचौक में स्थित है व दूसरी स्टेशन रोड पर स्थित है दोनों दुकानों में जांच की कार्यवाही अभी भी जारी है।

# देर रात युवती पर तेंदूए ने किया हमला, खेत में मिला शव



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा में मंगलवार रात देंदुए ने 23 साल की युवती का शिकार लिया है। बुधवार सुबह उसका शव घर से कुछ दूर मक्के के खेत में मिला। युवती की गर्दन और चेहरे पर तेंदुए के हमला करने के निशान हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच शुरू कर लोगों को अलर्ट रहने के लिये कहा गया है। घटना जिले की हर्रई तहसील में दाम खेह ग्राम पंचायत के ईमझिरी गांव कीहै। यह इलाका छिंदी फॉरेस्ट डिविजन में आता है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए का मूवमेंट ईमझिरी के आसपास कई दिन से है। इसकी शिकायत भी की गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि रजनी भलावी पिता क्रेसलाल भवाली मंगलवार रात घर में परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब 12 बजे वह शौच के लिये घर से बाहर निकल, तभी उस पर तेंदूएं उस पर हमला कर दिया। और उसे खींचकर मक्के के खेत में ले गया। बाद में शव छोड़कर भाग गया।

बुधवार सुबह रजनी के चाचा की लड़की कविता खेत की तरफ गई, तब घटना का पता चल सका। वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तथा आसपास के इलाकों में तेंदूए के लिये सर्चिंग लगा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018 में भी छिंदी रेंज में तेंदूए ने चार बच्चों का शिकार किया था।




**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409

# एसएएफ कैंपस में लगे चंदन के पेड़ काटकर ले गए चोर

## बटालियन की सुरक्षा पर उठे सवाल

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा में चोरों का इस कदर आतंक बढ़ गया है कि वे अब ऐसी जगह पर धावा बोल रहे है जहां पर सुरक्षा के इंतजाम हमेशा कड़े रहते हैं, छिंदवाड़ा नगर में चोरों ने इस बार पुलिस और एसएएफ जवानों को खुली चुनौती देकर बटालियन में धावा बोलते हुए यहां लगे दो चंदन के पेड़ों को कटर से काट कर ले गए। चोर बकायदा ऐसी जगह से घुसे जहां पर सुरक्षा व्यवस्था हमेशा चाक चौबंद रहती है, लेकिन चोरों ने यहां घुसकर चंदन के 2 बड़े पेड़ों को निशाना बना लिया।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

यह वाकया मंगलवार तड़के 4 बजे का बताया जा रहा है, चोरों ने आसाराम गुरुकुल की तरफ से एसएएफ बटालियन में प्रवेश किया और यहां लगे पुराने दो चंदन के पेड़ों को कटर से काट कर साफ कर दिया। चोरों ने लकड़ी ले जाने के लिए बाकायदा ऑटो का प्रबंध किया था, जिसमें वे लकड़ियां भर कर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अब वारदात सामने आने के बाद पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।



चोरी की इस वारदात ने बटालियन की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि जिस जगह चोरी की वारदात हुई वहां पर चंदन का बगीचा लगा हुआ है ऐसे में 24 घंटे की सुरक्षा के बावजूद यहां पर किस तरह से चोरों ने सेंध मारी करते हुए इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**आसान किस्तों में उपलब्ध**
**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

